CMYK

तापमान अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 17°C

सेंसेक्स 76,617.44
निफ्टी 23,332.35

सोना 93,720
चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 240 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### जैकब डफी आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

## विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है, ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है। अलबत्ता सरकार और मंत्री यह काम कर सकते हैं। इस पर गृह मंत्री श्री शाह ने स्पष्ट किया कि संयुक्त संसदीय समिति ने जिस मसौदे को स्वीकृति दी है, उसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति दिलाने के बाद ही संसद में लाया गया है। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



**यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं**

**मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं दिया जाएगा: अमित शाह**

### वक्फ प्रबंधन समिति में 22 में से 10 लोग मुस्लिम समाज से होंगे: रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसमें वक्फ़ प्रबंधन समिति में 22 लोगों में से 10 मुस्लिम समाज के लोग, दो पूर्व न्यायाधीश, एडवोकेट, मुस्लिम महिलाएं, दो गैर मुस्लिम सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन विधेयक में देश के कानूनों को जगह देकर ट्रिब्यूनल में लंबित हज़ारों केसों को निस्तारित करने का रास्ता खोजा है

# विपक्ष ने कहा सरासर गलत

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भाजपा देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरू करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है। उनका कहना था कि सरकार यह कहते हुए भ्रम फैला रही है कि विधेयक पर व्यापक रूप से चर्चा हुई है जबकि सरकार इस पर मनमानी करती रही और सदन में व्यापक चर्चा की बात कर भ्रम फैला रही है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक को लेकर जो बैठकें हुई है उन बैठकों के मिनट्स सरकार सदन में रखेगी, तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह विधेयक अल्पसंख्यक मंत्रालय नहीं बल्कि किसी और मंत्रालय ने तैयार किया है, इसलिए इसमें अल्पसंख्यकों के हितों के कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वक्फ कर सकता है, लेकिन सरकार इस कानून के जरिए एक व्यक्ति के अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

■ **वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, सरकार फैला रही है भ्रम**

■ **समाज को बांटने का काम कर रही है भाजपा: गोगोई**

### कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को दो समन भेज चुकी है। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था।

### संसद ने ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभापति जंगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है और इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### पिछड़ा वर्ग के समूहों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया शुरू

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ राष्ट्रीय समिति के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समूहों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और केंद्र सरकार से 42 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करके लागू करने की मांग की। तेलंगाना विधानसंभा ने पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित कर दिया है, जिसके तहत शिक्षा, रोजगार और राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### पुर्तगाल व स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी सात अप्रैल को चार दिन की पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी, जिससे दोनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति सात से दस अप्रैल तक इन दोनों देशों की यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा के निमंत्रण पर 7 और 8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने पूर्व एमयूडीए प्रमुख को दी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त डीबी नटेशा को जारी ईडी के समन को रद्द करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह आदेश मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को कथित अवैध भूमि आवंटन की चल रही जांच में बाधा नहीं डालेगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि इस तरह की रोक की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाती।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेवंत रेड्डी के 'कोई उपचुनाव नहीं होगा' वाले बयान पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से सदन में दिए गए इस बयान पर कार्रवाई कि अगर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे, पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सदन में मुख्यमंत्री के इस बयान के लिए उनकी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में कहा जाता है, तो आपके माननीय मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं। रामलीला मैदान में राजनेताओं द्वारा कही गई बात सदन में कही गई बात से अलग है। पीठ ने कहा कि जब राजनेता विधानसभा में कुछ कहते हैं, तो उसमें कुछ पवित्रता होती है। वास्तव में निर्णय/ निर्णयों में कहा गया है कि जब हम कानूनों की व्याख्या करते हैं, तो सदन में भाषण देने वाले माननीय मंत्री के बयान का उपयोग उस कानून की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। विधायी कार्यवाही पर न्यायिक जांच से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत प्रतिरक्षा का हवाला देते हुए बीआरएस से कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 पार्टी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी, इस पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। श्री रेड्डी ने 27 मार्च को कथित तौर पर यह बयान राज्य विधानसभा में 2025-26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए दिया।



■ **तेलंगाना सीएम ने अपने बयान में कहा था अगर बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे**

# एलओसी पर सेना ने पांच घुसपैठिए किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा कि एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

■ **पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की**

# देश में आने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर: राय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने देश में प्रवेश, निवास और यात्रा से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तथा पारदर्शी बनाने और विदेशियों तथा आप्रवासन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाले आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 को विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले की पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिगर्मन किया। श्री राय ने कहा कि पुराने कानून के कमजोर और बिखरे हुए होने के कारण संबंधित कानूनों को समाहित करके नया कानून बनाना जरूरी हो गया था। यह विधेयक देश की आंतरिक सुरक्षा तथा अर्थतंत्र को मजबूती देगा और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए मजबूत नींव रखने के लिए लाया गया है। यह विधेयक देश देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों को देश से बाहर निकालने तथा उनके देश में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए लाया गया है।

■ **आप्रवास विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी**

# नक्सल विरोधी अभियान: मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली धराशायी

भोपाल, वार्ता

**केन्द्र एवं मध्य** प्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र- छत्तीसगढ़) के केबी डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार- गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्रवाई में दो वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से एक एसएलआर राइफल तथा एक अन्य राइफल, भरी मैगजीन, एक वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

### ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डाक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे आर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में जांच के लिए दायर याचिका पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग वाली जनहित याचिका को बुधवार को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

याचिका में यह गुहार लगाई है कि एक साथ कई पुलों के ढहने की घटनाओं की संपूर्ण संरचनात्मक ऑडिट और कमजोर पुलों का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने बिहार सरकार के जवाबी हलफनामे में दिए गए विवरणों की समीक्षा करने के बाद मामले को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि हमने जवाबी हलफनामे को देखा है और हम इसे पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर रहे हैं। हलफनामे में निरीक्षण और किए जा रहे उपायों का विवरण है। याचिकाकर्ता के वकील ने कार्यवाही के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी तीसरे पक्ष के निरीक्षण के कई पुल ढह गए थे। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति कुमार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन निर्माणाधीन पुल ढह गए।

### भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध: सीजेआई खन्ना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने इन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयरलैंड तथा भारत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों पर ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। इसके अतिरिक्त यह सिद्धांत कि भारत राज्यों का संघ है, आयरिश संविधान से लिया गया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 आयरिश संविधान के अनुच्छेद 5 से समानता रखता है। मुख्य न्यायाधीश ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आयरलैंड के शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जेरार्ड होगन हमारे साथ हैं।

### महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो युवतियों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई। वहीं युवतियों के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 मार्च की सुबह नैनीताल गए थे।

पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे थे। जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर



■ **दो युवक घायल, कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी**

■ **आशंका: कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी**

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि लूट का मुख्य आरोपी विजय कुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपये का सोना लूटा। पुलिस ने कहा कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज मनी हाइस्ट से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रू और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की, ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके। इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया।

■ **मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, छह आरोपी गिरफ्तार**

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से गैंगरेप केस में इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ जिले में थाना क्षेत्र रानी गंज के दुर्गागंज बाजार में प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करने वाली दलित युवती की ड्यूटी के दौरान गैंगरेप और हत्या मामले में इंस्पेक्टर रानीगंज आदित्य कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज रोहित यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने इस मामले में बड़ा एक्शन लिया है। एसपी ने दुर्गागंज बाजार में मामले को लेकर हुए बवाल में बुधवार को बताया कि मामले में मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार पुलिस के अड़ियल रवैए से दुर्गा गंज के ग्रामीण भड़क गए थे और बवाल हो गया था,जिसमे ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह दुर्गा गंज बाजार के एक निजी अस्पताल में रात में ड्यूटी के दौरान एक 22 वर्षीय दलित युवती घी मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर सहित अस्पताल कर्मियों पर दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया था।

### नक्सलियों ने शांति वार्ता की अपील की

**सुकमा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'काग' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। इस अभियान के दौरान 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। महिला माओवादियों को कथित तौर पर सामूहिक यौन हिंसा और फांसी का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अवैध हिरासत और यातना दी गई है। शांति वार्ता के लिए माओवादियों ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं । माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

### देश अब मांग रहा है आंदोलन: सपा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा इस बिल का विरोध करती है और करती रहेग। इसके साथ ही सपा नेता ने इशारे में कहा कि सरकार समाज के कुछ लोगों को चुन-चुन कर अपमानित करने का काम कर रही है। देश अब आंदोलन मांग रहा है। सीएम योगी के सवाल पर शिवपाल ने कहा की सभी धर्म के कार्यक्रमों पर सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। अगर व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो गद्दी को छोड़ देना चाहिए। संविधान में लिखा है कि सभी समाज के लोगों को अपने-अपने धार्मिक त्योहार मनाने का अधिकार है और सरकारों की उनके त्योहार को मनाने की व्यवस्था देने का काम होता है।

# तीस जून तक बेच सकेंगे फसल

लखनऊ, वार्ता



**उत्तर** प्रदेश के किसानों के लिए राहत की खबर है क्योंकि अब वे मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अपने घर बैठे सीधे सरकार को अपनी दालें और तिलहन बेच सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 जून तक चलने वाली योगी सरकार की इस पहल के तहत किसान बिचौलियों या बाजार में उतार-चढ़ाव के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेच सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उचित मूल्य सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है, जिससे उन्हें निर्बाध और पारदर्शी बिक्री प्रक्रिया प्रदान की जा सके। इस अवसर का लाभ उठाकर किसान अपनी फसलों के लिए बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। पीएसएस के तहत, यूपी के विभिन्न जिलों को फसल खरीद के लिए दो प्रमुख एजेंसियों को सौंपा गया है, जिनमें नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने

**■ सीपीएस के तहत घर बैठे सीधे यूपी सरकार को बेच सकेंगे**

के तीन कार्य दिवसों के भीतर सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में भुगतान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सुचारू खरीद की सुविधा के लिए, पीसीएफ, पीसीयू, जेएएफईडी और यूपीएसएस के माध्यम से फसल उत्पादक जिलों में खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान हेल्पलाइन 18002101222 पर संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष खरीद योजना केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से प्रक्रिया की देखरेख कर रहे हैं।

# दिल्ली विस के इतिहास में सबसे झूठा बजट: आतिशी

नई दिल्ली, वार्ता

**आम** आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से पेश बजट के झूठ को उसकी सरकार के ही आदेश ने उजागर कर दिया है।

आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि पिछले दिनों भाजपा की दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने बार-बार कहा कि एक लाख करोड़ का बजट दिल्ली विधानसभा में पेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, क्योंकि पहली बार इतना बड़ा बजट दिल्ली विधानसभा में पेश किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि यह दिल्ली विधानसभा के इतिहास में अब तक का सबसे झूठा बजट है। उन्होंने कहा कि



मैंने बजट सत्र में अपने संबोधन में इसे सिलसिलेवार और तार्किक तरीके से समझाया कि दिल्ली सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये की न आय है और न तो हो सकती है। अगर टैक्स के आंकड़े देखें, तो जितने आंकड़े इस बजट में दिए गए हैं, उससे कम से कम 5,000 करोड़ रुपये कम टैक्स आएगा, 10 हजार करोड़ रुपये कम लोन मिलेगा और केंद्र सरकार ने अभी तक अपने बजट में दिल्ली सरकार के लिए एक पैसा भी नहीं रखा है। मैंने अनुमान लगाया

**■ हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर दिल्ली के लोगों को मिल गया: आप**

था कि दिल्ली सरकार का बजट वास्तविक करीब 78 हजार करोड़ रुपये का है। आप नेता ने दिल्ली सरकार के कागजात का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पता है कि सरकार के पास एक लाख करोड़ तो छोड़िए, 78 हजार करोड़ रुपये का भी बजट नहीं है। दिल्ली सरकार के पास महज 60 हजार करोड़ रुपये का बजट है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को भाजपा की दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी करके सभी विभागों को आवंटित बजट में पांच फीसद राशि ज्यादा खर्च करने पर रोक लगा दी है। जिन विभागों को यह हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर मिल गया है, उन विभागों को उसे खर्च करने पर रोक लगा दी गई है।

कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा में हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति तथा भाषा मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही अपरा]न दो बजे शुरू हुई, तो आप के विधायक श्री मिश्रा के इस्तीफे की मांग करने लगे। इस दौरान आप के विधायक अपने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिस पर 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो[ लिखा हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायकों से बार- बार शांत रहने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन आप विधायक शांत नहीं हुए। इसके बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की नेता आतिशी , आप विधायक संजीव झा, अनिल झा, मुकेश अहलावत और जरनैल सिंह सहित आप के कई अन्य सदस्यों को मार्शल के जरिये सदन से बाहर निकलवा दिया और सदन की


## वक्फ संशोधन बिल को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश का हमला

# नाकामियां छिपाने के लिए लाई सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ विधेयक लेकर आई है और भारतीय जनता पार्टी इसके जरिये ध्रुवीकरण की राजनीति कर अपने गिरते मतों को संभालना चाहती है।

श्री यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर सदन में हो रही चर्चा के दौरान कहा कि नोटबंदी, किसानों की आय दुगुनी करने, गंगा सफाई, स्मार्ट सिटी, आदर्श ग्राम योजना आदि कामों में सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की संख्या नहीं बता पा रही है, वह वक्फ की संपत्तियां गिनने की तैयारी में लगी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की है और यह विधेयक भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि इसके



**■ इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है ये बिल**

माध्यम से सरकार मुसलमानों को भड़काना चाहती है ताकि समाज में ध्रुवीकरण हो और भाजपा के वोट में आ रही गिरावट रुके। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कई साथी दल भी अंदर से इस विधेयक के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतंत्र के बारे में दुनिया में एक गलत संदेश भेजेगा। उन्होंने कहा कि मैं भी हिदू हूं, हिदू सबको साथ लेकर चलने वाला होता है। श्री यादव ने इसी संदर्भ में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर संकेत करते हुए कहा कि आप हमारे बहुत से धर्मग्रंथों को नहीं मानते, उपनिषदों को स्वीकार नहीं करते, फिर भी हम आपको अपनाकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रिजिजू ने कहा है कि रेलवे और रक्षा विभाग की जमीनें देश की जमीनें हैं, वह पूछना चाहते हैं कि क्या रेलवे की जमीनें बेची नहीं जा रही, रक्षा विभाग की जमीनें बेची नहीं जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वक्फ की जमीनों की बातें खूब की जा रही हैं, वक्फ की जमीनों से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश की उन जमीनों का है, जिन पर चीन ने कब्जा करके गांव बसा लिए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या श्री रिजिजू बताएंगे कि चीन ने भारत की जमीनों पर कितने गांव बसा लिए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के मतों में गिरावट आ रही है, उस गिरावट को संभालने के लिए यह वक्फ विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बंटवारे के लिए लाया गया है, समा. जवादी पार्टी इस विधेयक का विरोध करती है,और मत विभाजन होने पर इसके खिलाफ वोट देगी।

### देश में भय का माहौल बना रही सरकार: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है। कांग्रेस के अभिषेक मनु सिघवी ने 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' पर सदन में चर्चा शुरु करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा। यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है। व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है। यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है। उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी। इससे पहले गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में चर्चा कराने के लिए यह विधेयक पेश किया। भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा ने कहा कि विदेशियों का स्वागत राष्ट्र के हितों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के शासन में राष्ट्रहित के इस पक्ष को अनदेखा किया गया जिससे बंगलादेश के लाखों लोग भारत में जमने में कामयाब हो गए। पश्चिम बंगाल में बंगलादेशियों के कारण हालात बहुत खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मशाला नहीं है। यह विधेयक भारत को भारतीयों के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करेगा। देश में आप्रवासन के कारण जनसंख्या की समस्या बढ़ती जा रही है।

# यूजीसी के मसौदा नियम पर सुझाव दे सकते हैं: प्रधान

नई दिल्ली, वार्ता

**केन्द्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियम सार्वजनिक कर दिया गया है और राज्य अपने सुझाव दे सकते हैं।

श्री प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुची शिवा द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में यह बात कही। श्री शिवा ने पूछा था कि क्या यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों के संबंध में राज्यों के साथ कोई परामर्श किया गया है। श्री प्रधान ने कहा कि यूजीसी के पास सुधारवादी नियम बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव जनता के लिए उपलब्ध है और प्रत्येक राज्य के मुख्य सचिव और प्रधान सचिवों को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि दस से अधिक राज्यों ने अपने सुझाव दिए हैं, साथ ही राज्य, केंद्रीय, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों सहित 52 विश्व. विद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यापक रूप से परामर्शी दृष्टिकोण अपनाया है और सुधारित मसौदा सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया गया है और कोई



**■ राज्य सचित व चीफ प्रधान सचिव को दी गई है मसौदे की जानकारी**

भी इसके लिए सुझाव दे सकता है। श्री प्रधान ने कुलपति के चयन से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। हर बार जब राज्य न्यायालय गए हैं, तो उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यूजीसी के सुझाव ही किसी भी मामले में मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र के बीच समन्वय है। उन्होंने गैर-शैक्षणिक व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश और प्रौद्योगिकी को देखते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व करना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

मुंबई, वार्ता

**अमेरिकी** टैरिफ की अनिश्चितताओं के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 592.93 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत उछलकर 76,617.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23332.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.38 प्रतिशत मजबूत होकर 41,667.65 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत चढ़कर 47,136.15 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में



कारोबार हुआ, जिनमें से 2863 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2148 में लिवाली जबकि 757 में बिकवाली हुई वहीं 72 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ को लेकर अनिश्चितता आज की टैरिफ घोषणा के साथ कुछ हद तक कम हो सकती है। लेकिन, ट्रम्प के पहले भी टैरिफ को लेकर बार.बार अपने रुख में बदलाव करने की वजह से यह अनिश्चितता आज के बाद भी जारी रहने की संभावना है। निवेशकों को सलाह है कि वे टैरिफ और बाजार के रुझान के बारे में स्पष्टता का इंतजार करें। यदि टैरिफ की घोषणाएं उम्मीद से भी अधिक कठोर होती हैं तो बाजार में एक और बड़ी बिकवाली देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में भी घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर मजबूत बने रहेंगे और उनमें स्थिरता दिख सकती है। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी लेकर 76,146.28 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,064.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,680.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,024.51 अंक के मुकाबले 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,617.44 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 23,158.45 अंक के निचले जबकि 23,350.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

### कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर दरें तत्काल प्रभाव से बढ़ा दी है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की दरों में भारी उछाल आ सकती है। राज्य के वित्त विभाग की बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में अपर सचिव जे आर ललिता ने बताया बिक्री कर की दरों को 18-44 प्रतिशत से बढ़ाकर 21-17 प्रतिशत कर दिया गया है।

कर्नाटक बिक्री कर अधिनियम 1957 के तहत जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह बढ़ोतरी ईंधन करों पर तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सरकार ने हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह वृद्धि किन विशेष उत्पादों को प्रभावित करेगी। गौरतलब है की यह परिवर्तन पूर्व में जून 2024 के संशोधित आद.`श का ही हिस्सा है। यह बढ़ोतरी राज्यभर में आवागमन के साधनों की कीमतों को प्रभावित करेगी जिससे जरूरी सामानों और सेवाओं की कीमतों में भी वृद्धि होने की आंशका जताई गई है। इससे वाणिज्यिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले प्रमख ईंधन डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके कारण माल ढलाई की कीमतों में उछाल के साथ-साथ मुद्रास्फीती पर भी गहरा असर पड़ सकता है। इससे पेट्रोल की दरों में बढ़ोतरी के कारण रोजमर्रा की यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर असर पड़ेगा।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजार में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 83 रिंगिट उबलकर 4845 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-11 सेंट की तेजी के साथ 47-55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।



इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्रं गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18681 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 15201 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा.....**

किसी नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जेपीसी ने विधेयक में कई संशोधन किए हैं। कांग्रेस के जमाने में कमेटियां ठप्पा होतीं थीं। हमारे समय में कमेटियां विचार करके जरूरी परिवर्तन करतीं हैं। इसके बाद अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करके विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान की। श्री रिजिजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग-अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, इसके तथ्यों के बारे में जानकर उनका दिल बदलेगा और वे सब समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंध का मामला है और इससे किसी धर्म के कार्यकलाप में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी धार्मिक कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, यह कोई मंदिर, मस्जिद का विषय नहीं है। यह शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंध मुतव्वली करता है और यह विधेयक उसी प्रबंध से संबंधित है। संसदीय कार्य मंत्री ने इस संबंध में केरल और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय के तीन निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीनों ही निर्णयों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम वक्फ या हिन्दू मंदिरों की संपत्तियों के प्रबंध का काम स्वाभाविक रूप से सेक्युलर (गैरधार्मिक प्रकृति का काम) है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में 'आप यह तर्क बंद करें, कि मुसलमानों (की संपत्ति) के मामले में गैर-मुस्लिम को क्यों जोड़ा जा रहा है।' मंत्री ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर वोट बैंक की निरर्थक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय की दिल्ली में 123 संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया था। श्री रिजिजू ने कहा कि आपको तो इसका फायदा हुआ नहीं, आप चुनाव हार गए। फिर ऐसा काम क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए और इसको लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुसलमानों के हित में है और तमाम मुसलमान चाहते हैं कि वक्फ की संपत्तियों का कायदे से प्रबंध हो। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू नेकहा कि यह कहा जा रहा है कि सेना एवं रेलवे के बाद वक्फ़ के पास सबसे ज़्यादा ज़मीन है, तो यह समझना चाहिए कि रेलवे की जमीन पर पटरी बिछी है और उस पर देश की जनता चलती है। इसलिए रेलवे की ज़मीन देश की ज़मीन है। इसी तरह से सेना की जमीन भी देश की जमीन है, लेकिन वक्फ़ की संपत्ति निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज़्यादा वक्फ़ संपत्ति भारत में है, लेकिन हमारा गरीब मुसलमान परेशान क्यों हैं।


**हाईवे पर...**

कि कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी। इससे आशंका जताई जा रही कि कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी।मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक-युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई थी। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसे-तैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।


### सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है।

श्री सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड़ की लागत से चलाए जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ा है।









वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फिट उत्तराखंड: 15 दिन में पूरा एक्शन प्लान तैयार किया लाए: सीएम धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** फिट उत्तराखण्ड अभियान के लिए 15 दिन के अन्दर पूरा एक्शन प्लान बनाया जाय। खेल, स्वास्थ्य, आयुष, खाद्य, शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मिलकर एक्शन प्लान तैयार करें। राज्य और जिला स्तर पर इसके लिए प्रतिमाह वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाए। 'ईट राइट बी फिट' के तहत चीनी, नमक और तेल को थोड़ा कम करने का संदेश आम जन तक पहुंचाया जाए। फिट उत्तराखण्ड अभियान को स्कूल, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के अलावा ग्राम स्तर तक व्यापक स्तर पर किया जाए। स्कूल और महाविद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य कैंप लगाये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट उत्तराखण्ड की



समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है, इसलिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। राज्य के रजतोत्सव कैलेंडर में फिट उत्तराखण्ड अभियान को भी शामिल किया जाए। खानपान की आदतों, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और शारी. रिक गतिविधियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। ग्राम स्तर तक फिट उत्तराखण्ड अभियान को ले

■ **मुख्यमंत्री ने की फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट उत्तराखंड की समीक्षा की**

जाने के लिए युवा और महिला मंगल दलों को शामिल किया जाए एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

खेल विभाग की लीगेसी प्लान की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बने खेल इन्फ्रास्टक्चर का खेलों के लिए नियमित उपयोग किया जाए। राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए राज्य से प्रतिभावान खिलाड़ी तैयार किये जाएं। स्थानीय युवाओं में खेल गति. विधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत स्पोर्ट्स ईको सिस्टम विकसित किया जाय।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण के लिए विश्वस्तरीय और उच्च गुणवत्ता के प्रशिक्षण सेंटर विकसित किये जा रहे हैं। राज्य में कुल 28 बहुदेशीय हाल, 52 छोटे और बड़े स्टेडियम, 155 प्लेग्राउंड और हॉल, 1 शूटिंग रेंज, 5 एथलेटिक ट्रैक, 1 माउंटेनियरिंग सेंटर, 1 लॉन बॉल ग्राउंड, 5 एस्ट्रो टर्फ्स, 1 वेलोड्रोम, 1 एडवेंचर ट्रेनिंग संस्थान है जिन इन्फ्रास्ट्रक्चर की लीगेसी प्लानिंग की जा रही है।

बैठक में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, रंजीत सिन्हा, डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक खेल प्रशांत आर्य उपस्थित थे।

# अब सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा चौबटिया गार्डन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राजकीय उद्यान चौबटिया में पर्यटकों की आवाजाही में आ रही बाधाओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। विभागीय मंत्री ने सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से राजकीय उद्यान के बंद होने की खबर का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपनिदेशक उद्यान चौबटिया को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। कृषि मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के तहत उपनिदेशक उद्यान चौबटिया ने अधीक्षक के साथ उद्यान का निरीक्षण किया और पर्यटकों की सुविधाओं को सुचारू करने के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई।

राजकीय उद्यान चौबटिया अब प्रतिदिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा। भ्रमण के लिए निर्धारित द्वारों पर इस अवधि में ताले नहीं लगाए जाएंगे। पर्यटकों की सुरक्षा और



सुविधा के लिए प्रात: 6:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक चौकीदार तैनात रहेगा। अतिरिक्त पार्किंग सुविधा उपनिदेशक, वनस्पति कार्यालय के पास उपलब्ध कराई गई है, जिससे पर्यटक ट्यूलिप गार्डन का आसानी से भ्रमण कर सकें। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिए ट्यूलिप गार्डन तक वाहनों की आवाजाही की अनुम. ति दी गई है, ताकि वे भी इस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें। पार्किंग क्षेत्र के पास जन-सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाएगी। गाइडों को निर्देशित किया गया है कि वे पर्यटकों को निर्धारित भ्रमण मार्गों से ही भ्रमण कराएँ।

■ **कृषि मंत्री जोशी ने पर्यटकों की आवाजाही में आ रही बाधाओं का तत्काल लिया संज्ञान**

विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और समय-समय पर उच्च अधिकारियों के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमने सुरक्षा, पार्किंग और वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की हैं, ताकि हर कोई इस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सके। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भविष्य में भी राजकीय उद्यान के विकास और पर्यटकों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

# प्रदेश में पुरुषों से अधिक हैं महिला श्रमिक

■ **17 लाख महिला व 13 लाख पुरुष कामगार पंजीकृत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है। इस बात का खुलासा बुधवार को उत्तराखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की बैठक के दौरान हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के श्रमिकों का हित सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। जिन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उत्तराखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन किया गया है, उनको पूरा करने के लिए स्पष्ट योजना के तहत कार्य किये जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तराखंड राज्य से लगभग 30 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें 17 लाख महिला और 13 लाख पुरुष कामगार है। अभी तक 20 लाख श्रमिकों का सत्यापन हो चुका है। 20 लाख सत्यापित कामगारों में 2.5 लाख निर्माण श्रमिक, 17.50 लाख अन्य विभिन्न श्रेणियों के कामगार है। श्रम विभाग की और से ई श्रम पोर्टल के 15 पंजीकृत कामगारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से लाभान्वित किया गया है। जिसमें रुपए 2 लाख दुर्घटना बीमा के रूप में दिया जाता है। पीएम श्रम योगी मानधन योजना में 39 हजार 567 पंजीकृत कामगार है जिसमें 20 हजार 509 महिला और 19 हजार 58 पुरुष कामगार है।

## श्रमिकों का हित सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल: सीएम



**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक प्रकार की योजना को क्लब कर पात्र को अधिकतम लाभान्वित किया जाए, जिससे योजना प्रभावी रहे और नियमित मॉनिटरिंग भी हो सके। राज्य के संसाधनों का बेहतर उपयोग हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्रमिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जाय। श्रमिकों के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने और उनको मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित करने पर भी जोर दिया जाए। श्रमिकों के कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा स्पष्ट और सरल भाषा में आम लोगों को जानकारी दी जाय। बैठकों में प्रस्तुत किए जाने वाले पीपीटी में तीन चीजों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए कि अब तक क्या किया है? कोई कार्य नहीं हुआ, तो किस वजह से नहीं हुआ और आगे की क्या योजना है। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत, सचिव नीतेश झा, सचिन कुर्वे, डा पंकज कुमार पांडेय, बृजेश कुमार संत, वी. षणमुगम, सी रविशंकर, आयुक्त श्रम सुश्री दीप्ति सिंह, बोर्ड के सदस्य और सबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भट्ट ने गंगोत्री- यमुनोत्री क्षेत्र में रेल मार्ग की जरूरत की ओर ध्यान किया आकृष्ट

**देहरादून ।** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सदन में विशेष उल्लेख के तहत गंगोत्री यमुनोत्री क्षेत्र में रेल मार्ग की जरूरत की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। जिसमें उन्होंने उत्तराखंड के दोनों क्षेत्रों में रेल मार्ग की जरूरत का जिक्र करते हुए कहा कि, ये क्षेत्र हिमांचल से जुड़ा हुआ है तथा यहां सेब तथा अनेकों बेमौसमी सब्जी की उपज व्यापक पैमाने पर होती है। यहां चकराता नगर एक सुन्दर पर्यटन स्थल हैं, वहीं माँ गंगा यमुना के उदगम स्थान से जुड़े हुए क्षेत्र है, लाखों यात्री प्रतिवर्ष यहाँ यात्रा के लिए आते है ।पीएम मोदी के नेतृत्व में श्री बद्रीनाथ श्री केदारनाथ से जोड़ने वाली ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना प्रगति पर है। और इसी क्रम में गंगोत्री के लिए भी रेल लाइन पर सर्वे हो रहा है। यमुना घाटी की जनता भी यमुनोत्री रेल लाइन सर्वे की मांग लम्बे समय से कर रही है। भट्ट ने कहा कि वह सदन के माध्यम से यमुनोत्री क्षेत्र को भी रेल मार्ग से जोड़ने की मांग करते हैं।

# निजी विद्यालयों की शिकायत को टोल फ्री नम्बर जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों से सम्बंधी विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के लिये टोल फ्री नम्बर 1800 180 4275 जारी कर दिया गया है। अब इस नम्बर पर अभिभावक निजी विद्यालयों से सम्बंधित शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। इसके अलावा शिक्षा विभाग से सम्बंधित सभी जानकारियां व सूचनाएं शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को आसानी से मिल सके, इसके लिये भी विभाग द्वारा नई अधिकारिक वेबसाइट लांच कर की गई।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में शिक्षा विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800 180 4275 एवं विभागीय वेबसाइटे Schooleducation-uk-gov.in कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेशभर से अभिभावकों द्वारा निजी स्कूलों के शुल्क बढ़ाने, स्कूली ड्रेस एवं महंगी किताबें थोपे जाने को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही है। जिसको देखते हुये विभाग द्वारा एक टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है जिस




पर अभिभावक प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक कॉल करके अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

निदेशालय स्तर से सक्षम अधिकारियों द्वारा दर्ज शिकायतों का प्रत्येक दिन मूल्यांकन कर सम्बंधित जनपद के अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा जायेगा। सम्बंधित जनपद के अधिकारी को प्राप्त शिकायत का निराकरण करते हुये निदेशालय को रिपोर्ट करनी होगी। डॉ. रावत ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा नई वेबसाइट schooleducation.uk.gov.in का भी शुभारम्भ किया गया है जो कि आईटीडीए के मानकानुसार सुरक्षित, स्केलेबल और सुलभ है। जो कि साइबर हमलों से सुरक्षित फ्रेमवर्क में बनाई गई है, जिसका विभाग को अगले पांच वर्ष तक सिक्योरिटी ऑडिट भी नहीं करना होगा। इस विभागीय वेबसाइट की खास बात यह है कि यह हिन्दी व अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में उपलब्ध है। जिसमें सभी संवर्गों की नियमावली, अशासकीय विनिमय, स्थानांतरण अधिनियम, आरटीई मैन्युअल सहित तमाम विभागीय गति. विधियों को समाहित किया गया है।

■ **विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च, एक क्लिक पर मिलेगी सभी जानकारियां, विभागीय मंत्री डॉ. रावत के हाथों दोनों सुविधाओं का हुआ शुभारम्भ**

यही नहीं वेबसाइट में सभी संवर्गों की वरिष्ठता सूची को भी अपलोड किया गया है। जिसकी जानकारी कोई भी व्यक्ति एक क्लिक में हासिल कर सकता है।

बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा झरना कमठान, निदेशक बेसिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, संयुक्त निदेशक पदमेन्द्र सकलानी, जे. पी. काला, राज्य पोर्टल प्रभारी मुकेश बहुगुणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों ने बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

# चारधाम यात्रा: 11,57,592 यात्रियों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह हर साल बढ़ता जा रहा है। इस बार की यात्रा में एक दिलचस्प बात यह सामने आई है कि सबसे ज्यादा पंजीकरण केदारनाथ धाम के लिए हुआ है। कुल 3,80,006 श्रद्धालु अब तक केदारनाथ धाम के लिये रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। अब तक कुल 11,57,592 यात्रियों ने अपना ऑनलाइन पंजीकरण पूरा कर लिया है।

इसके अलावा, डिजिटल सुविधा अपनाने में भी श्रद्धालु आगे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण और मोबाइल ऐप के जरिए इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों का जुड़ना यह दर्शाता है कि अब लोग यात्रा की तैयारी पहले से ही डिजिटल माध्यमों से कर रहे हैं। एक और रोचक तथ्य यह है कि इस बार हेल्पलाइन नंबर 01351364 पर 8,706 यात्रियों ने अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं, जिसमें से अधिकतर सवाल यात्रा मार्ग, मौसम और दर्शन से जुड़े थे। यह दर्शाता है कि श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर काफी जागरूकता और उत्सुकता है। अगर यह रफ्तार जारी रही, तो इस साल चारधाम यात्रा नए रिकॉर्ड बना सकती है।

■ **केदारनाथ धाम के लिए सर्वाधिक 3,80,006 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण**

**धामवार पंजीकरण के आंकड़े**

श्री केदारनाथ धाम- 3,80,006
श्री बद्रीनाथ धाम- 3,46,133
श्री गंगोत्री धाम- 2,11,552
श्री यमुनोत्री धाम- 2,04,670
हेमकुंड साहिब - 15,231

## कई नए चेहरों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपकर चौंकाया

# धामी का सियासी मास्टरस्ट्रोक: संतुलन भी, सियासत भी!

**मौहम्मद शाहनज़र**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवरात्रों के शुभ अवसर पर बड़ा सियासी दांव खेला है। सरकार ने कई नए चेहरों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपकर न केवल राजनीतिक संतुलन साधा, बल्कि जनता के विकास कार्यों को भी नई रफ्तार देने का इरादा जता दिया है। इस फैसले से जहां पार्टी के भीतर समीकरण मजबूत हुए हैं, वहीं जनता को भी भरोसा दिलाया गया है कि सरकार हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**हर वर्ग को प्रतिनिधित्व, हर क्षेत्र को मजबूती**

धामी सरकार ने नियुक्तियों में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का खास ध्यान रखा है। सायरा बानो को उत्तराखंड राज्य महिला आयोग का उपाध्यक्ष बनाकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के



साथ-साथ अल्पसंख्यकों को भी प्रतिनिधित्व देने का दम दिखाया है, जबकि भगवत प्रसाद मकवाना को दुबारा से सफाई कर्मचारी आयोग की जिम्मेदारी देकर समाज के हर वर्ग को भागीदारी देने का संकेत दिया गया है। वहीं, हरक सिंह नेगी और शांति मेहरा को वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद में जगह दी गई है, जिससे बुजुर्गों के कल्याण की योजनाओं को और मजबूती मिलेगी। खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हेमराज बिष्ट को राज्य स्तरीय खेल परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

■ **हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने की जताई प्रतिबद्धता**

### सियासत में संतुलन साधने की चतुर रणनीति

उत्तराखंड की राजनीति में हाल ही में कई तरह की चर्चाएं गर्म थीं, लेकिन धामी सरकार ने इन नियुक्तियों से यह साफ कर दिया कि वह हर वर्ग को संतु. लित प्रतिनिधित्व देने में पूरी तरह सक्षम है। यह सिर्फ राजनीतिक नियुक्ति नहीं, बल्कि प्रशासनिक मजबूती की दिशा में भी एक ठोस कदम है। धामी सरकार के इस फैसले से पार्टी के भीतर असंतोष की गुंजाइश कम होगी, जबकि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में मदद मिलेगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नए चेहरे अपने-अपने पदों पर कितना प्रभावी प्रदर्शन करते हैं और सरकार की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं। लेकिन इतना तो तय है कि धामी सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधने का काम किया है।

# देहरादून-नैनीताल में विकास कार्यों के लिए 164 करोड़ मंजूर

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने देहरादून और नैनीताल में विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल एक्सपेंडिचर के तहत 164.67 करोड़ मंजूर किए हैं। केंद्र सरकार की ओर से जिन विकास कार्यों के लिए बजट मंजूर किया गया है। उसमें मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधीन रामजीवाला (मियांवाला) में तालाब और पार्क निर्माण के लिए 828.27 लाख रुपए, डिफेंस कॉलोनी में गौरा देवी पार्क निर्माण के लिए 672.57 लाख, तहसील चौक पर मल्टीलेबल कार पार्किंग और ऑफिस स्पेश बिल्डिंग के लिए 13441.85 लाख, ऋषिकेश में मल्टीलेबल कार पार्किंग के लिए 12560.70 लाख, कारगी चौक के पास आढ़त बाजार निर्माण के लिए 12150.38 लाख, रायपुर के पास मालदेवता रोड पर जलस्रोत सौंदर्यीकरण के लिए 404.85 लाख, गढ़ी कैंट में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1215.36 लाख शामिल है। इसी तरह जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण नैनीताल के अधीन शेर का डांडा में ड्रैनेज और सड़क निर्माण के लिए 1241.59 लाख और नैनीताल शहर के अंदर सड़क और ड्रैनेज कार्य के लिए 621.10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बड़ी परियोजनाओं के लिए लगातार केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है। सीएम धामी ने देहरादून और नैनीताल के लिए प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के लिए बजट मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आभार जताया है।







# सहकारी बैंकों का लाभ इस वित्तीय वर्ष बढ़कर हुआ 250 करोड़

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** उत्तराखंड के 10 जनपदों के जिला सहकारी बैंक राज्य सहकारी बैंक समेत कुल 11 बैंक 250 करोड रुपए लाभ अर्जित किया है ।

सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि उत्तराखंड राज्य के जिला सहकारी बैंकों ने लाभप्रदता के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है। सहकारी बैंकों ने इस वित्तीय वर्ष 250 करोड़ रुपये अर्जित किया है।।

वहीं शद्ध लाभ 112.811करोड से बढ़कर 12328.62 करोड़ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन इन वित्तीय संस्थानों को समर्थन देने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई रणनीतियों और पहलों की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

डॉ रावत ने कहा वर्ष 2017 में उनके द्वारा जब सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी संभाली गई थी तो तब उत्तराखंड के कुछ जनपदों के अधिकतर जिला सहकारी बैंक घाटे में थे, आज प्रदेश के सभी जनपदों के बैंक लाभ की स्थिति में है।

वर्तमान में प्रदेश भर में बैंक की 280 शाखाएं लाभ की स्थिति में है।

सिर्फ 49 बैंक शाखाएं अभी हानि की स्थिति में हैं ,इनमें से अधिकतर बैंक शाखाएं कुछ वर्ष पहले ही खुली हैं ।

2 वर्ष के अंदर यह शाखाएं भी लाभ की स्थिति में आ जाएगी ।

डॉ रावत ने बताया कि, जिला सहक. ारी बैंक राज्य सरकार की नीतियों को लागू करने और ग्रामीणों को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन बैंकों के माध्यम से, ग्रामीण आबादी को



अपनी आर्थिक स्थिति को बढ़ाने और अपनी आय को दोगुना करने के लिए सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तियों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं, उनकी समग्र समृद्धि और कल्याण में योगदान दे रहे हैं

इन पहलों के माध्यम से बैंकों ने न केवल अपने लाभ मार्जिन में वृद्धि की है, बल्कि ग्रामीणों की आय के स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। दीन दयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना 0 फीसदी ब्याज , सस्ती ऋण सुविधाएँ, बचत विकल्प और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम प्रदान करके, जिला सहकारी बैंकों ने ग्रामीणों को अपने व्यवसाय शुरू करने और उनका विस्तार करने, कृषि में निवेश करने और अपने समग्र वित्तीय कल्याण में सुधार करने के लिए सशक्त बनाया है।

इसके परिणामस्वरूप, आय के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

■ **शद्ध लाभ 112.811 से बढ़कर 12328.62 करोड़ हुआ : डॉ रावत वर्तमान में प्रदेश भर में लाभ की स्थिति में हैं बैंक की 280 शाखाएं**

| जनपद | सकल लाभ अनुमानित |
|---|---|
| देहरादून | 1976.30 |
| कोटद्वार | 2973. 02 |
| चमोली | 3003.93 |
| उत्तरकाशी | 2476.20 |
| हरिद्वार | 795.25 |
| उधम सिंह नगर | 2057.72 |
| नैनीताल | 1600.00 |
| टिहरी | 3168.26 |
| पिथौरागढ़ | 2165.50 |
| अल्मोड़ा | 1699.01 |
| राज्य सहकारी बैंक | 3149.00 |
| कुल सकल लाभ | 25064.19 |

### जताया विश्वास , जिला सहकारी बैंकों का लाभ स्तर निरंतर बढ़ता रहेगा

**देहरादून।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने विश्वास जताया कि जिला सहक. ारी बैंकों का लाभ स्तर निरंतर बढ़ता रहेगा। राज्य में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इन सहकारी बैंकों की सफलता से स्पष्ट है। उन्होंने लाभ के लिए पूर्व बैंक बोर्ड, प्रशासक और बैंक अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी की लगन और कड़ी मेहनत का यह प्रमाण है। उनके प्रयासों से न केवल वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के माध्यम से, ये सहकारी बैंक राज्य में सतत आर्थिक विकास और समृद्धि प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### जिला सहकारी बैंकों की सफलता के पीछे सहकारिता मंत्री का नेतृत्व

**देहरादून।** सचिव सहकारिता/प्रशासक राज्य सहकारी बैंक दिलीप जावलकर ने बताया कि प्रदेश में जिला सहकारी बैंक, एक राज्य सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति और विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये बैंक न केवल ग्रामीणों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि उनकी आजीविका और समग्र कल्याण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएँ और पहल भी प्रदान करते हैं। उत्तराखंड में इन सहकारी बैंकों की सफलता सकल लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि और ग्रामीणों की आय में दोगुनी वृद्धि में स्पष्ट है। उत्तराखंड में जिला सहकारी बैंकों की सफलता के पीछे सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत हैं। उनके नेतृत्व में इन बैंकों ने ग्रामीणों को उनके आर्थिक प्रयासों में सहायता करने के लिए विभिन्न अभिनव कार्यक्रम और पहल लागू की हैं। वर्तमान में सहकारिता मंत्री की पहल पर राज्य सहकारी बैंक में प्रोफेशनल मैनेजिंग डायरेक्टर की नियुक्ति की गई है, जिससे अब उत्तराखंड के कोऑपरेटिव बैंकों की दशा और दिशा में और अधिक सुधार देखने को मिलेगा।

Page 4_29 June -doon page-4 .qxd 4/2/2025 9:39 PM Page 1



### डीएम ने किया केंद्रीय विद्यालय भवन का निरीक्षण, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

# अप्रैल 2026 तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**प्रधानाचार्य को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को नव निमार्णाधीन केंद्रीय विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय भवन, एप्रोच रोड, सुरक्षा दीवार और आवासीय निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों और निर्माण की समयसीमा की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय भवन का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। वर्तमान में फिनिशिंग, प्लास्टर और टाइल्स लगाने का कार्य जारी है, जिसे अप्रैल 2026 से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी के प्रधानाचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल और कार्यदायी संस्था के अधिकारी गौरव एवं कपिल मौजूद रहे।

## द्वितीय राज्य स्तरीय ओपन पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को द्वितीय राज्य स्तरीय ओपन पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। जिला फुटबॉल संघ, टिहरी गढ़वाल द्वारा बौराड़ी स्टेडियम में पुरानी टिहरी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की स्मृति में इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबॉल को किक मारकर प्रथम मुकाबले का शुभारंभ किया। पहला मैच आरएफसी टिहरी और बाला जी देहरादून के बीच खेला गया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल संस्कृति को विकसित करने और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कोच देवेंद्र सिंह राणा ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से 8 टीमें उत्तराखंड से और शेष 8 टीमें चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से आई हैं। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ टिहरी के अध्यक्ष संजय उनियाल, सचिव देवेंद्र सिंह राणा, नागरिक मंच अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, महिला जिलाध्यक्ष कांग्रेस आशा रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी समेत सामाजिक संस्थाओं से जुड़े किशोरी लाल चमोली, कमल, अवंतिका भंडारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पारदर्शिता से हो पीएम आवास योजना का चयन : सेमवाल

### सीडीओ ने नौगांव ब्लॉक में की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उत्तरकाशी।** मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल ने यमुना घाटी के नौगांव, पुरोला व मोरी विकास खंडों की विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर नौगांव ब्लॉक सभागार कक्ष में विभिन्न विकासत्मक कार्यों की प्रगति को समीक्षा बैठक की। बुधवार को नौगांव ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को चालू निर्माण सबंधी कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर आवास विहीन लाभार्थियों को मानक के अनुरूप आवास प्रदान हो, प्राथमिकता के आधार पर आवास सर्वे का सही चयन किया जाना व ग्रामीण ईकाईयों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में ग्राम विकास अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तत्पश्चात उन्होंने प्रत्येक विकास खंड के विकास कार्यों की पीपीटी के माध्यम से बिन्दुवार गहन समीक्षा की कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में आत्मनिर्भर व आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिये गाय पालन, बकरी पालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन आदि कार्यों में ऋण मुहैया करा रही है ' सरकार का उद्देश्य है कि गरीब परिवार गरीबी से बाहर निकल कर आय सृजन की ओर अग्रसर हो। आजीविका गतिविधियों को विस्तारित करने के साथ हम लोगों का कर्तव्य है कि जिस उद्देश्य के लिये हमें ऋण प्राप्त हुआ है, हमें आत्मनिर्भरता के अवसरों में उसे विस्तारित करना चाहिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने यूसीसी विवाह पंजीकरण को लेकर भी सभी खंड विकास अधिकारियों को पात्र नागरिकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण अनिवार्य रूप से शिविरों के माध्यम से करने को कहा ' समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक अजय सिंह, सहायक परिजोजना निदेशक रमेश चंद्र, खंड विकास नौगांव अधिकारी प्रकाश पंवार, खंड विकास अधिकारी मोरी राजेंद्र प्रसाद जोशी, पुरोला सुरेश चौहान, सहित विभिन्न क्षेत्रों के ग्राम विकास अधिकारी व ब्लाक मिशन मैनेजर उपस्थित रहे।

## अन्य खास खबरें...

### प्रिंस ध्रुव क्लब ने जीता टी-20 कप

**कोटद्वार।** प्रथम कोटद्वार वेटरन्स टी 20 कप का खिताब प्रिंस ध्रुव क्रिकेट क्लब के नाम रहा। रोमांचक फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रिंस ध्रुव ने 210 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछे करते हुए सीतापुर सुपर किंग्स 6 विकेट खो कर 207 रन ही बना सकी अंतिम गेंद में 6 रनों की दरकार थी। इस से पूर्व सिताबपुर सुपर किंग्स ने सेमी फाइनल में कॉर्बेट टाइगर्स को ओर प्रिंस ध्रुव ने कोटद्वार हंटर्स को परस्त किया था। आयोजक सचिव नवीन मंजेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बेस्ट बैट्समैन प्रतियोगिता में दो शतक जड़ने वाले पवन सुंद्रियाल बेस्ट बैट्समैन, बॉलर मदन सिंह एवं प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट महेंद्र सिंह नेगी रहे। इनको क्रमशः शारीरिक शिक्षक राधावल्लभ खंतवाल, सुनील जखवाल, सुशील रावत द्वारा ट्रॉफी दे कर पुरस्कृत किया गया। उपविजेता टीम को विशिष्ट अतिथि अंतराष्ट्रीय कोच सुनील रावत द्वारा उपविजेता ट्रॉफी एवं 41,000 चेक प्रदान किया गया एवं विजेता टीम को मुख्य अतिथि कर्नल कुंवर अजय सिंह द्वारा विजेता ट्रॉफी ओर 61,000 चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। प्रिंस ध्रुव क्लब के ओनर दर्शन सिंह भंडारी ने जीत का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया है।

### गढ़वाल विवि का वार्षिकोत्साव 21 से चौरास ऑडिटोरियम में होगा

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की अंतर संकाय एवं अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं 21 से 24 अप्रैल तक चौरास स्थित स्वामी मनमंथन प्रेक्षगृह में आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर संगीत, नाटक, माइम, भाषण प्रतियोगिताओं के साथ अन्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जायेगी। बुधवार को गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कमेटी के ओर से वार्षिकोत्सव की रूपरेखा संपन्न हुई। इस बार वार्षिकोत्सव दो चरणों में सम्पन्न होगा। पहले चरण में 21 और 22 अप्रैल को अंतर-संकाय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जबकि 23 और 24 अप्रैल को अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी. गुंसाई ने बताया कि इस वार्षिकोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतिभा को प्रोत्साहन देना है। बताया कि आयोजन को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी प्रो. अतुल ध्यानी होंगे। बताया कि इस वर्ष की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का बढ़ता प्रभावः अवसर और चुनौतियां विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसमें छात्र-छात्राएं एआई के पक्ष एवं विपक्ष में तर्क-वितर्क प्रस्तुत कर सकेंगे।

### विशेष उपलब्धि प्राप्त छात्रों को मिलेगा सम्मान

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के वार्षिकोत्सव 2025 के दौरान सत्र 2024-25 में पाठ्येत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन विद्यार्थियों को दिया जाएगा, जिन्होंने अखिल भारतीय या नार्थ जोन स्तर पर एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद आदि में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित परिसरों एवं संबद्ध संस्थानों से ऐसे प्रतिभागियों की सूची आमंत्रित की है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुंसाई ने कहा कि विवि अपने प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस आयोजन के माध्यम से उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया जाएगा।

### जीबी पंत पर्यावरण संस्थान के लिए समतलीकरण का कार्य पूर्ण

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के नागराजासैंण में बन रहें गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान गढ़वाल इकाई के परिसर के लिए रोड़ कटिंग और समतलीकरण का निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरणों में है। जल्द ही परिसर का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। अभी तक गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान गढ़वाल इकाई भक्तियाना स्थित जल संस्थान की भूमि पर संचालित हो रहा है। जल्द ही जीबी पंत के शोध छात्रों और शिक्षकों को अपना परिसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को भी इसका फायदा मिलेगा। पूर्व में प्रदेश सरकार ने संस्थान 4980 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध करवाई है। इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पहुंच मार्ग और परिसर निर्माण के लिए करीब 44.5 करोड़ की धनराशि जनवरी 2020 में जारी कर दी गई थी, लेकिन भूमि आवंटित न होने के कारण निर्माण कार्य लटका हुआ था। निर्माण कार्य को देख रही केंद्रीय समन्वय इकाई (सीसीयू) के सहायक अभियंता सर्वेश कुमार ने बताया कि गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान गढ़वाल इकाई श्रीनगर का निर्माण कार्य दो फेसों में किया जायेगा।

### गढ़वाल विवि में दावानल वन और मन नाटक का भव्य मंचन

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन केंद्र में बुधवार को दावानल वन और मन नाटक का भव्य मंचन किया गया। एमए के छात्र शेखर नेगी के लेखन निर्देशन व परिकल्पना में हुए दावानल वन और मन नाटक के माध्यम से दशार्या गया कि आधुनिकता व तात्कालिक परिस्थितियों के बीच भी हम वनों की रक्षा नहीं कर पा रहें है। जिसकी प्रासंगिकता यह है कि कल भी एक तपका जल, जंगल जमीन के लिए संघर्ष कर रहा था और आज भी बदला है तो सिर्फ. काल, संघर्ष नहीं। इस मौके पर आयोजक सचिव डॉ. संजय पांडेय, संगीत अरविंद टम्टा व प्रकाश विकेश वाजपई ने सहयोग दिया।

## कपाट खुलने से पूर्व चाक-चौबंद करें व्यवस्थाएं : खैरवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा को लेकर शासन-प्रशासन के स्तर पर तैयारियां युद्ध स्तर से की जा रही है। बुधवार को चार धाम की यात्रा व्यवस्थाओं को परखने सचिव उत्तराखंड शासन एवं नोडल अधिकारी यमुनोत्री धाम यात्रा नीरज खैरवाल, अपर सचिव विनीत कुमार और जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यमुनोत्री मार्ग पर विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न कार्यों और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यात्रा से जुड़ी सभी तैयारियों को समय से पूरा करने के साथ ही यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर चिन्हित चोक-पॉइंट्स के चौड़ीकरण और मरम्मत के कार्यों को तेजी से पूरा करने की विशेष हिदायत दी गई। चारधाम यात्रा की तैयारियों के स्थलीय निरीक्षण से पूर्व बड़कोट में आयोजित बैठक में सचिव उत्तराखंड शासन एवं नोडल अधिकारी यमुनोत्री धाम यात्रा नीरज खैरवाल ने जिले में यात्रा की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक के बाद उच्चाधिकारियों की टीम ने जानकीचट्टी-खरसाली तक यमुनोत्री मार्ग और विभिन्न पड़ावों में स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्था को लेकर किए जा रहे कार्यों एवं तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर प्रबंधन किए जाने के साथ ही यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर मेडीकल रिलीफ पोस्ट की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त संख्या में कार्मिकों को तैनात करने के साथ ही संकरे स्थानों पर जाम की समस्या से निपटने के लिए पहले से ही उपयुक्त इंतजाम सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यमुनोत्री पैदल मार्ग के अनुरक्षण का काम तेजी से संपन्न कराने के साथ ही नौ कैंची और उन्नीस कैंची क्षेत्र में कैंटीलीवर बनाकर मार्ग को चौड़ा किए जाने और भंडेलीगाड वनमार्ग की मरम्मत व चौड़ीकरण कर इस मार्ग को वैकल्पिक पैदल मार्ग के रूप में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घोड़े-खच्चरों की सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने के साथ ही घोड़ा पड़ावों को सही ढंग से प्रबंधित किए जाने के भी निर्देश दिए। उच्चाधिकारियों की टीम ने खरसाली गांव में जाकर यमुना मंदिर, हेलीपैड आदि स्थानों का निरीक्षण करने के साथ ही निमार्णाधीन रोप-वे के लोअर टर्मिनल आदि स्थानों का भी जायजा लिया। इस दौरान लोनिवि. के मुख्य अभियंता एनएच दयानंद, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरीश पांगती, उपजिलाधिकारी बड़कोट बृजेश कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक देवेंद्र सिंह नेगी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ऋषिराज, डिप्टी सीएमओ आरसी आर्य, यमुनोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जाखणीधार तहसील अब पेटव में शिफ्ट, जनता को मिलेगी सुविधा

**नई टिहरी (शाह टाइम्स)।** जनता की मांग पर कोशियार तोक में संचालित जाखणीधार तहसील को जाखणीधार बाजार के निकट अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एपीएचसी) पेटव में स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे अब स्थानीय निवासियों को खाता-खतौनी, जन शिकायतों का समाधान और अन्य सरकारी सेवाएं नजदीक ही उपलब्ध हो सकेंगी। बुधवार को विधायक किशोर उपाध्याय और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने रिबन काटकर एपीएचसी पेटव में जाखणीधार



तहसील का औपचारिक शुभारंभ किया। विधायक ने बताया कि पहले तहसील दूरस्थ कोशियार तोक में संचालित थी, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती थी। कई बार जिला पंचायत और बीडीसी बैठकों में तहसील को जाखणीधार बाजार के समीप स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि सरकार के तीन साल पूरे होने के कार्यक्रम के दौरान 23 मार्च को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को इस विषय में जानकारी दी गई थी। साथ ही, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी इस समस्या से अवगत कराया गया, जिसके बाद सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री ने सीएमओ और जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। विधायक ने कहा कि तहसील के लिए जमीन उपलब्ध है और जल्द ही यहां स्थायी तहसील भवन का निर्माण किया जाएगा। एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि तहसील कार्यालय एपीएचसी के प्रथम तल पर संचालित होगा, और जल्द ही यहां संचार कनेक्टिविटी को भी बेहतर किया जाएगा। तहसील कार्यालय शुरू होने के बाद यहीं पर स्थायी निवास, जाति, ओबीसी, पर्वतीय क्षेत्र और आय प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, पूर्व प्रमुख जगदंबा रतूड़ी, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद बिष्ट, अजय पेटवाल, नरेश बलोदी, तहसीलदार यशोनंदंद बर्थवाल सहित अन्य राजस्व कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर उत्तरकाशी के मंदिरों में हो रहा हनुमान चालीसा पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उत्तरकाशी।** श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक वर्ष पूरे होने पर विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गा वाहिनी मात्र शक्ति की बहनों ने उत्तरकाशी में मुख्य मंदिरों में चालीसा पाठ का आयोजन किया जा। भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर जिला मुख्यालय के विभिन्न मन्दिरों में गंगा मन्दिर जयपुर मन्दिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, मां महिषासुर मर्दिनी मन्दिर, कुटेटी देवी मन्दिर व विभिन्न घरों पर सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर किरण पंवार ने बताया कि महिलाओं को सनातन धर्म से जोड़ने व लव जेहाद, लैड जैहाद से सभी को सावधान किया जा रहा है साथ ही समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कहा जा रहा है जनपद दुर्गा वाहिनी संयोजिका सरिता पडियार ने बताया कि बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क दुर्गा वाहिनी का सदस्य बनाया जा रहा है। उन्होंने मोबाइल के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है व जैसा दीयों है सावधान रहें। वहीं अर्चना रतुडी ने बताया कि हनुमान जयंती पर हनुमान चौक उत्तर काशी में 12 अपैल को सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव भव्य मनाया जायेगा। बैठक में सुशीला थपलियाल, सरिता पडियार, गंगा पैन्यूली, शकूनतला गुसाईं, शिव चंद्री कलुडा, पुषपा पंवार, ममता मिश्रा, उषा भट्ट आदि मौजूद रहे है।

### शासन स्तर से जारी निर्देशों पर बीइओ ने किया निरीक्षण

**श्रीनगर (शाह टाइम्स)।** स्कूल बैग का भार कम को लेकर जारी हुए शासनादेश का नए शिक्षा सत्र में कड़ाई के साथ पालन करवाने को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी ने छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए अब स्कूल बैग में किताब और कापियों की अधिकतम क्षमता शासनादेश द्वारा निर्धारित भी कर दी गयी है। खंड शिक्षा अधिकारी डा. अश्वनी रावत के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासनादेश का पालन नहीं करने पर सम्बन्धित स्कूल के खिलाफ समुचित प्रभावी कार्रवाई भी की जाएगी। स्कूलों में वर्ष 2025-26 का नया शिक्षासत्र शुरू हो चुका है। इस नए शिक्षासत्र में कक्षा एक से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए उनके स्कूल बैग में किताबों और कापियों की अधिकतम सीमा भी शासनादेश द्वारा सरकार ने निर्धारित कर दी है। वर्ष 2024 में जारी सम्बन्धित शासनादेश का इस नए शिक्षासत्र में कड़ाई से पालन करवाने को लेकर खिर्सू ब्लाक क्षेत्र के सभी स्कूलों में औचक निरीक्षण के साथ ही सभी स्कूलों के प्रबन्धन को दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। शिक्षा अधिकारी डा. अश्वनी रावत ने कहा कि कक्षा एक और कक्षा दो में स्कूल बैग का अधिकतम भार 2.2 किग्रा ही होना चाहिए। स्कूल बैग की यह अधिकतम सीमा कक्षा तीन, चार और कक्षा पांच के लिए 2.5-2.5 किग्रा है। जबकि कक्षा छह और सात के लिए स्कूल बैग का भार अधिकतम तीन किग्रा होना चाहिए। कक्षा आठ के छात्रों के स्कूल बैग के लिए यह अधिकतम सीमा चार किग्रा और कक्षा नौ व दस के छात्रों के स्कूल बैग के लिए यह अधिकतम सीमा साढ़े चार किग्रा और कक्षा 11 व 12 के छात्रों के स्कूल बैग के लिए यह अधिकतम सीमा पांच किग्रा है।

## एलयूसीसी कंपनी के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**श्रीनगर।** द लोनी अर्बन को ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड (एलयूसीसी) द्वारा धोखाधड़ी ठगी, जालसाजी और अनुबंधीय दायित्वों के उल्लंघन के खिलाफ निवेशकों और एजेंटों ने बुधवार को कीर्तिनगर तहसील के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने स्थानीय प्रशासन से जल्द धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने सहित निवेशकों के पैसे वापस किए जाने की मांग की। तहसील परिसर में धरने में बैठे जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने एलयूसीसी कंपनी के खिलाफ धरने में बैठे निवेशकों और ऐजेंटों को समर्थन दिया। मौके पर उन्होने तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। धरने को समर्थन देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि एलयूसीसी कंपनी को भारत सरकार एवं उत्तराखंड सरकार द्वारा वित्तीय लेन देन के लिए लाइसेंस दिया गया था। जिस पर सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मीडिया के माध्यम से कहा कि उन्हें 2022 में इसके फर्जीवाड़े की सूचना मिली थी और उन्होंने केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था, बावजूद भी कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी है। कहा कि उत्तराखंड से लगभग 25 लाख निवेशकों ने एलयूसीसी कंपनी में पैसा लगाया है। कहा कि निवेशकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की फोटो उनके प्रत्येक फार्म पर लगे होने से एलयूसीसी कंपनी में पैसे लगाने में विश्वास बना, लेकिन आज भाजपा ही मामले में मौन सीधे हुए है। सामाजिक कार्यकर्ता रामलाल नौटियाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्यामलाल आर्य, मोहनानंद डोभाल ने शासन-प्रशासन से एलयूसीसी कंपनी का पदार्फाश कर निवेशकों को उनकी पंजी वापस लौटाने की मांग की। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह चंद, मीनाक्षी पोखरियाल, मंगतराम मटियाल, सरस्वती देवी, अंजना कुंवर, वीरेंद्र राणा, अंकित सिंह, राजेंद्र सिंह बुटोला, उदय सिंह रावत सहित आदि मौजूद थे।

### आबकारी विभाग से संबंधित विषयों पर की चर्चा

**थराली (शाह टाइम्स)।** चमोली जनपद के जिलाधिकारी डॉ संदीप तिवारी के पक्ष में चमोली की जनता सोशल मीडिया से लेकर आम जनमानस के मुंह से निकलने वाले शब्द चर्चा का विषय बन गया है आपको बता दें कि बीते मंगलवार को चारधाम यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी थी वहीं वर्ष 2025-2026 में आबकारी विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा होनी थी इस हेतु जिला प्रशासन की ओर से समस्त विभागाद्यक्षों को बैठक में बुलाया गया था। जिला आबकारी अधिकारी दुर्गेश्वर कुमार त्रिपाठी बैठक में नहीं पहुंचे न ही वे अपनी अनुपस्थिति का कोई स्पष्टीकरण दे पाए डीएम चमोली जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो पाया कि वहां पर जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से नदारत मिले, वहीं सहायक लेखाकार धीरज भट्ट और कनिष्ठ सहायक मनीष रावत भी नदारत मिलें. और कार्यालय पीआरडी के जवानों के भरोसे छोड़ा गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी का एक दिन का वेतन रोकते हुये सर्विस ब्रेक दे दिया और साथ ही दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए वेतन वृद्धि पर भी रोक लगा दी थी। उसके बाद शाम होते होते जिला आबकारी अधिकारी का एक पत्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, उन्होंने एक पत्र सूबे के मुख्यमंत्री को लिखा है। जिसमे उन्होंने जिला अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उट् चमोली उनके साथ गाली, गलौज एवं अभद्रता करते है। पत्र वायरल होने के बाद जिला आबकारी अधिकारी को लोग काफी खरी खोटी सुना रहे हैं और डीएम चमोली की लोग लगातार प्रशंसा कर रहे हैं सोशल मीडिया से लेकर आम जानकी जुबान पर डॉ संदीप तिवारी के कामों की और व्यवहार की प्रशंसा आम जनमानस कर रहा है ऐसे में एक ईमानदार अधिकारी की छवि खराब करने वाले आबकारी अधिकारी से जनता काफी नाराजगी व्यक्त कर रहे है।

## रेस्तरा संचालकों को साफ-सफाई रखने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में हरित चारधाम यात्रा विषय को लेकर बुधवार को खाद्य सुरक्षा मानक संवाद कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग पहुंचे अधिकारियों ने रेस्तरा संचालकों और होटल व्यवसायीयों से साफ-साफई रखने और खाने की गुणवत्ता बनाएं रखने के साथ ही कूडेदान का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कार्यशाला में ईट राइट इंडिया के प्रदेश नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन गणेश चंद्र कण्डवाल ने होटल व्यवस्यों से इस्तमाल किए कुकिंग आयल, फूड वेस्टेज, सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर दिशा-निर्देश दिए। व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल ने दूध की जांच किए जाने की मांग की। कहा कि दूध से कई तरह का उत्पाद काफी मात्रा में बनते हैं, ऐसे में दूध की गुणवत्ता की जांच किया जाना चाहिए। साथ ही फास्ट फूड के सेहत पर असर को लेकर जागरूकता अभियान की आवश्यकता व्यक्त की। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा ने सभी रेस्तरा संचालकों और होटल व्यवसायियों से कूडेदान रखने और बचे हुए भोजन के लिए गौग्रास वाहन का संचालन किए जाने कि बात कहीं। इससे पहले खाद्य सुरक्षा अधिकारी, ईट राइट इंडिया के नोडल अधिकारी गणेश चंद्र कंडवाल ने श्रीनगर के मुख्य बाजार में कुट्टे के आटे सहित विभिन्न सामग्रियों की जानकारी ली। इस मौक पर कार्यशाला में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल, पुरुषोत्तम चौहान, सुमन जोशी, संजय जैन, विनित पोस्ती, अमित बिष्ट, रामू भट्ट, अप्पल रतूड़ी सहित आदि मौजूद थे।

## बिजली की स्मार्ट मीटर योजना को वापस लिए जाने की मांग

**श्रीनगर (शाह टाइम्स)।** प्रदेश में लग रहें बिजली के स्मार्ट मीटर के विरोध में आइसा छात्र संगठन ने बुधवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में गढ़वाल विवि के छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री, आइसा नगर सचिव समरजीत रावत, शिवांक नौटियाल, अरूणेश मिश्रा और वैष्णवी सेमवाल ने कहा कि बिजली चोरी रोकने का तर्क देकर जो स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना बनाई गई है वह केवल लोगों को गुमराह करने और यूपीसीएल के निजीकरण और भविष्य में इन मीटरों को प्रीपेड बनाने की कोशिशें ही प्रतीत हो रही है। कहा कि सरकार पहले ही कई कई बार बिजली दरों में वृद्धि करके आम जनता के लिए मुश्किलें खड़ी की गई हैं और स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की योजना पर काम कर उपभोक्ताओं को परेशानियों में डालने का काम कर रही है। कहा कि राज्य सरकार की यह नीति कुल मिलाकर विद्युत विभाग के निजीकरण और जनता पर भारी बिजली बिलों के बोझ को डालने का काम करेगी।

# सरकार सख्त, बिना लाइसेंस नहीं बिकेगा कुट्टू का आटा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नवरात्रि के दौरान व्रत उपवास में प्रमुखता से उपयोग किए जाने वाले कुट्टू के आटे की बिक्री को लेकर उत्तराखंड सरकार ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कुट्टू के आटे की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावटी व संदूषित आटे के कारण होने वाली बीमारियों की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने का निर्णय लिया है।

स्वास्थ्य सचिव व खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशों पर राज्य में कुट्टू के आटे की बिक्री को लेकर नई गाईडलाइन जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, अब कोई भी खाद्य कारोबारकर्ता खुले में कुट्टू का आटा नहीं बेच सकेगा। इसका विक्रय केवल सील बंद पैकेटों में ही किया जाएगा। इसके अलावा, पैकेट पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के अनुसार लेबलिंग नियमों का पालन अनिवार्य किया गया है।

**■ सील पैक में होगी बिक्री, देहरादून, हरिद्वार व ऊधमसिंहनगर से लिए गए कुट्टू के आटे के 06 सैंपल फेल, मिलावटखोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश, आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार की चेतावनी, खुले में कुट्टू का आटा बेचा तो होगी कार्रवाई**

### खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार, कुट्टू के आटे की पिसाई की तिथि, पैकेजिंग की तिथि और एक्सपायरी डेट पैकेट पर स्पष्ट रूप से अंकित करना जरूरी होगा। इसके अतिरिक्त, हर पैकेट पर विक्रेता की खाद्य लाइसेंस संख्या दर्ज करना अनिवार्य किया गया है।



### खाद्य कारोबारियों के लिए सख्त नियम

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा बिना वैध खाद्य लाइसेंस के कुट्टू का आटा और बीज नहीं बेचा जा सकेगा।

सभी खाद्य कारोबारियों को खरीद और बिक्री का रिकॉर्ड लिखित रूप में रखना होगा। बिना अनुमति के खुले में कुट्टू के आटे की बिक्री करने पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

### मिलावट से बीमार होने की घटनाएं

पिछले कुछ वर्षों में देहरादून, हरिद्वार और अन्य जिलों में मिलावटी कुट्टू के आटे के सेवन से कई लोग फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियों से ग्रसित होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए सरकार ने पहले से ही सख्ती बरतने का फैसला किया है।

### संबंधित अधिकारियों को दिए गए कडे निर्देश

आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सभी जिलों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है कि नए नियमों का कडाई से पालन हो और इसकी नियमित जांच व निरीक्षण किया जाए। यदि कोई भी विक्रेता इन नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा नवरात्रि के दौरान कुट्टू के आटे की खरीदारी करते समय उपभोक्ताओं को भी चाहिए कि वे केवल सील पैक आटा ही खरीदें और पैकेट पर अंकित निर्माण व एक्सपायरी तिथि, लाइसेंस नंबर और अन्य विवरणों को ध्यानपूर्वक जांचें।

### कुट्टू के आटे के छह सैंपल फेल

आयुक्त डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कुट्टू के आटे की जांच में कई नमूने असुरक्षित पाए गए हैं। अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जनपदों में सघन निरीक्षण और नमूना संग्रहण किये जा रहे हैं। जिसमें कई प्रतिष्ठानों से लिए गए कुट्टू के आटे के नमूने असुरक्षित पाए गए। रुद्रपुर स्थित राज्य खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला में इन नमूनों की जांच की गई। देहरादून जनपद में मैसर्स लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी, विकासनगर से संग्रहित नमूना मिला असुरक्षित। यह कीट व फंगस से विषाक्त पाया गया। ब्लिंक कामर्स प्राइवेट लिमिटेड ऋषिकेश, हरिद्वार जनपद में नटराज एजेंसी, पीठ बाजार, ज्वालापुर और आशीष प्रोवि. जन स्टोर, खेडी मुबारकपुर, लक्सर से संग्रहित नमूने भी असुरक्षित पाए गए। इनमें मायकोटॉक्सिन विषाक्त पाया गया है। इसके अलावा अनाज मंडी रुडकी स्थित शिवा स्टोर से संग्रहित नमूना अधोमानक मिला। वहीं, जनपद ऊधमसिंहनगर में सिसा. ना, सितारगंज स्थित जय मैया किराना स्टोर से लिए कुट्टू के आटे के सैंपल में मायकोटॉक्सिन पाया गया। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि इन मिलावटी और असुरक्षित नमूनों को लेकर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दायर करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# मंत्री के खिलाफ अधिवक्ता ने विजिलेंस एसपी को दिए दस्तावेज

**शाह टाइम संवाददाता**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणश जोशी के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं अधिवक्ता पंकज सिंह क्षेत्री ने सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक को मंत्री गणेश जोशी द्वारा वैधानिक तरीके से ज्ञात स्रोतों की आय से अधिक चल-अचल संपत्ति अर्जित किए जाने एवं भ्रष्टाचार के संबंध में शपथ पत्र लगाकर शिकायत पत्र प्रेषित किया। अधिवक्ता पंखा छेत्री और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताएं कि पूर्व में भी एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ विजिलेंस में शिकायत की थी जिसको कि शपथपत्र के अभाव में न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसी से संबंधित कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं अधिवक्ता पंकज सिंह क्षेत्री ने शपथ पत्र लगाकर एवं समस्त अचल संपत्तियों की छाया प्रति एवं मंत्री गणेश जोशी द्वारा दिए गए नामांकन पत्रों में घोषित की गई चल अचल संपत्ति का ब्यौरा सहित सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक देहरादून को सौंपा गया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं अधिवक्ता पंकज सिंह क्षेत्री ने कहा कि कैबिनेट मंत्री जोशी एवं उनके परिवारजनों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है जिसका ब्यौरा उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए और अपनी कमाई के स्रोत भी सार्वजनिक करने चाहिए क्योंकि वह एक प्रदेश के कैबिनेट मंत्री हैं इस प्रकार उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं फिर भी उन पर जांच की अनुमति सरकार ने नहीं दी जो कि संदेह उत्पन्न करता है।

इसके बावजूद आज तक भी वह अपने मंत्री पद पर कार्यरत है, जबकि उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए था, उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों स्व0 इंदिरा गांधी एवं स्व0 राजीव गांधी की शहादत का भी अपमान किया था जिसको की कांग्रेस के कार्यकर्ता और देश के एक-एक नागरिक कभी भूल नहीं सकते।अधिवक्ता पंकज छेत्री ने बताया कि सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र की प्रतिलिपि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजकर इस गंभीर मुद्दे को राष्ट्रीय नेतृत्व के भी समक्ष लाएंगे।

# 15 हजार का इनामी गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता देहरादून।** विगत 31 मार्च ईद के दिन उत्तराखंड औरहिमांचल प्रदेश सीमा पर ढालीपुर नदी के किनारे13 गौवंशों के अवशेष मिलने की घटना के मुझे बवाल को देखते हुए हरकत में आई देहरादून हिमाचल प्रदेश की पुलिस ने जहां 10 को तस्करों को गिरफ्तार कर उन पर संगीत धाराओं में उपयोग पंजीकृत किया था वही सहसपुर पुलिस ने गो तस्करों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद क्लेमेंट टाउन थाना क्षेत्र में हुई गो तस्करी की घटना में फरार चल रहे घ15000 के नामी को एक वोट बेड में पैर में गोली लगने से हुए घायल के बाद गिरफ्तार कर लियास गोकशी के मामले में जगवीर सिंह सेनी निवासी हरबर्टपुर कोतवाली विक. ासनगर द्वारा थाना विकासनगर में दी गई लिखित शिकायत के आधार परधारा-196(1)/299 बीएनएस और धारा 3/5/11 उ0गौ0स0 अधिनियम के तहत तथा हिमांचल के सरहदी जनपद सिरमौर के थाना पुरूवाला में राहुल पुत्र राजपाल, निवासी ग्राम मानपुर देवडा, तहसील पौंटा साहिब, जिला सिरमौर धारा 325, 196 बीएनए के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।गोकशी की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने एस0एस0पी0 सिरमौर से मुलाकात कर घटना में शामिल गोकशी की वारदात में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए समन्वय के साथ कार्यवाही करने की रणनीति बनाई गई थी। उत्तराखण्ड तथा हिमांचल पुलिस द्वारा किये गये प्रयासों से पुलिस द्वारा उक्त घटना में शामिल 08 गो तस्कर को सहसपुर क्षेत्र से तथा 02 को सिरमौर के पुरूवाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था जिनसे पूछताछ में उक्त घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त एहसान पुत्र बुद्धू उर्फ फिल्टर निवासी सहारनपुर का नाम प्रकाश में आया था जिस पर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा उसके सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित करते हुये उसके सम्भावित ठिकानों पर दबिसें दी जा रही थीस पुलिस द्वारा किये जा रहे प्रयासों के दौरान एहसान खुशहालपुर थाना सहसपुर क्षेत्र में छुपा होने की जानकारी मिली थीस उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सहसपुर थाना क्षेत्र में चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बुधवार की तड़के पुलिस टीम द्वारा सभावाला बद्रीपुर मार्ग पर एक बिना नंबर की मोटरसाईकिल पर सवार व्यक्ति को रूकने का इशारा करने पर उक्त व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जिसकी सूचना तत्काल कन्ट्रोल रूम के माध्यम से जनपद के अन्य थानों को देते हुये संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति की तलाश हेतु अवगत कराया गया। सूचना पर थाना सहसपुर पुलिस द्वारा धर्मावाला चौक पर मोटरसाईकिल सवार को रूकने का इशारा किया गया तो मोटरसाईकिल सवार दर्रा रेट की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने का प्रयास किया गया, पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध मोटरसाईकिल का पीछा करने पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में किये गये जबाबी फायर में अभियुक्त के पैर पर गोली लग गयी, जिसे पुलिस द्वारा तत्काल उपचार हेतु विकासनगर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद अभियुक्त को दून अस्पताल रेफर किया गया। पैर में गोली लगने से घायल हुए व्यक्ति की पहचान एहसान पुत्र बुद्धू उर्फ फिल्टर निवासी ग्राम गंदेवाड़ा, थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुयी। घायल को तस्कर से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पूर्व अपने साथियों के साथ मिलकर उत्तराखण्ड और हिमांचल सीमा पर 13 गौवंशों का अवैध कटान कर उनका मांस विक्रय किया जाना बताया गया, साथ ही रायपुर क्षेत्र में भी गौकशी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गयास उक्त घटना में उत्तराखण्ड तथा हिमांचल पुलिस द्वारा अभियुक्त के 10 साथियों को गिरफ्तार किया गया था, जिसकी सूचना मिलने पर अभियुक्त देहरादून से वापस सहारनपुर भागने की फिराक में था।अभियुक्त एहसान के विरूद्ध गौकशी, गैंगस्टर सहित विभिन्न आपराधिक घटनाओं के डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्त थाना क्लेमेनटाउन पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में फरार चल रहा था, जिस पर एसएसपी देहरादून द्वारा 15,000 का ईनाम घोषित किया गया था।

**■ उत्तराखण्ड और हिमांचल सीमा पर हुयी गौकशी की घटना में नाम आया था प्रकाश में, थाना क्लेमेनटाउन में पंजीकृत अभियोग में चल रहा था गैंगस्टर एहसान फरार गौकशी की घटना में 10 तस्करों को देहरादून तथा सिरमौर पुलिस किया गया था गिरफ्तार**

# प्रदेश की स्पोटर्स लिगेसी पॉलिसी जल्द लागू होगी : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जल्द ही हमारे प्रदेश में 23 खेल अकादमी वजूद में आने वाली हैं जो हर साल 920 एलीट एथलीट तैयार करेंगी जबकि हर अकादमी में 1000 वॉक इन एथलीट भी तैयारी कर सकेंगे। नेशनल गेम्स के दौरान सरकार ने जिस लिगेसी प्लान की घोषणा की थी उसकी रुपरेखा तैयार कर ली गयी है। बुधवार को खेल मंत्री रेखा आर्या के कैंप कार्यालय में खेल विभाग के अघ्धिकारियों के साथ आयोजित बैठक में इस पर चर्चा की गयी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नेशनल गेम्स की तैयारी के समय प्रदेश में खेल के बुनियादी ढांचे में कुल 517 करोड रुपए की लागत से विभिन्न स्टेडियम तैयार किए गए थे। इसके अलावा राष्ट्रीय खेल कराने के लिए कुल 31 खेल विधाओं में तकरीबन 94 करोड रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल उपकरण भी खरीदे गए थे। इस सब को मिलाकर फिलहाल प्रदेश के खेल विभाग के पास लगभग 1300 करोड रुपए की परिसंपत्तियां जमा हो गई है इन सभी परिसंपत्तियों की देखभाल और इनके संचालन के लिए यह लिगेसी प्लान तैयार किया गया है।



### इतना है प्रदेश का खेल ढांचा

बहुउघ्देशीय हॉल -28, स्टैंडियम और मिनी स्टेडियम 52, खेल के मैदानों और हॉलों की कुल संख्या -155, शूटिंग रेंज की कुल संख्या-1 एथलेटिक ट्रैक (सिंथेटिक) की कुल संख्या -5, पर्वतारोहण केंद्रों की कुल संख्या-1, लॉन-बाल मैदानों की कुल संख्या -1, एस्ट्रो टर्फ (हॉकी) की कुल संख्या -2,जिम की कल संख्या - 55,वेलोड्रोम की कुल संख्या -1

### शुरू होगा फिट उत्तराखंड मूवमेंट

प्रधानमंत्री मोदी के फिट इंडिया अभियान से प्रेरणा लेकर उत्तराखंड में भी इसी तरह का फिट उत्तराखंड मूवमेंट शुरू करने की तैयारी है। इसे भी खेल विभाग के लिगसी प्लेन का हिस्सा बनाया गया है। इसमें दूर-दूर के गांव और कस्बों के लोगों को खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें नियमित रूप से खेलों में हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश भर के 18000 स्कूल कॉलेज के खेल मैदानों का इस्तेमाल किया जाने की योजना है। बताया गया है कि स्कूल टाइमिंग के बाद के घंटों में यहां खेलकूद की गतिविधियां आम जनता के लिए नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

**■ नेशनल गेम्स के बाद का लिगेसी प्लान तैयार, ट्रेनिंग के अलावा 1300 करोड़ के खेल ढांचे की देखभाल भी अकादमी करेंगी**

इसके तहत प्रदेश के विभिन्न शहरों में कुल 23 खेल अकादमी बनाई जाएंगी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इन अकादमियों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुख्य कोच और जूनियर कोच तैनात होंगे। साथ ही स्पोर्ट्स साइंस एक्सपर्ट, फिजियोथैरेपिस्ट, कंडीशनिंग कोच, डाइट स्पेशलिस्ट और साइकाइट्रिस्ट भी तैनात किए जाएंगे। यह सभी प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं के लिए तैयार होने में मदद करेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि लिगेसी प्लान को जल्द से जल्द लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में विशेष सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, अजय अग्रवाल, संजीव पौरी आदि मौजूद रहे।

# डाक पत्थर झूला पुल पर फिर मिला गोवंश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विगत 31 मार्च को विकास नगर कोतवाली क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर 13 गोम्स मिलने की घटना अभी शांत भी नहीं हुई थी कि बुधवार की देर रात्रि एक बार फिर कुछ गोम्स डाकपत्थर झूला पल के समीप मिलने के बाद वहां पर तनाव व्याप्त हो गया जैसे यह खबर जंगल में आज की तरह डाकपत्थर के लोगों और विकास नगर में निवास करने वाले आसपास के लोगों को मिली तो वह कुछ हिंदू संगठनों के साथ मौके पर पहुंचे और जमकर नारेबाजी करने लगेस वही झूला पुल डाक पत्थर के समीप को मास मिलने की सूचना ने पुलिस में हड़काम मचा दिया देखते-देखते क्षेत्र अधिकारी विकास नगर भास्कारलाल शाह विकास नगर कोतवाली पुलिस तथा डाक पत्थर चौकी हरबर्टपुर पुलिस चौकी सैदपुर थाना कालसी और चकराता का भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत करने का प्रयास कियास क्षेत्र के लोग इस तरह आकर्षित होते कि उन्हें समझ पाना पुलिस के लिए ना काफी साबित हो रहा था उधर मामले की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और पुलिस अधीक्षक देहात द्वितीय भी मुख्यालय से भारी पुलिस बल लेकर मौके पर रवाना हो गए। डाक पत्थर पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शन कार्यो को समझाते हुए क्षेत्राधिकार विकास नगर भास्कारलाल सहने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि वह किसी भी सूरत में उन लोगों को नहीं छोड़ेंगे जिन्होंने इस प्रकार का दुस्साहस किया है क्षेत्राधिकार के आश्वासन के बाद भी झूला पुल डाक पत्थर पर मिले गोम्स की जानकारी के बाद डाकपत्थर चौक पर एकत्र हुए गुस्से लोगों ने उनकी एक नहीं सुनी और वह और गुस्से से लाल पीले हो गएस को मास मिलने की सूचना के बाद डाकपत्थर चौक पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने वहां पर जमकर नारेबाजी करनी प्रारंभ कर दी तथा वह को बस की वारदात को अंजाम देने वालों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की मांग कर रहे थेस इस दौरान भारी पुलिस बल के साथ डाकपत्थर चौक पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वितीय ने प्रदर्शन कार्यो को आश्वासन दिया कि वह बस की वारदात को अंजाम देने वालों को पाताल से भी ढूंढ कर ले आएंगे।

**■ गोवंश की सूचना पर क्षेत्र के लोगों ने डाक पत्थर चौक पर लगाया जाम, किया हंगामा**

# दिल्ली से लेकर दून तक वक्फ पर संग्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पेश कर दिया गया है, जिस पर देर शाम तक चर्चा जारी हैं, वही सत्ता पक्ष जहां इस बिल के लाभ गिना रही हैं, वही विपक्ष इस का भारी विरोध कर रहा है। देश भर में आज वक्फ संशोधन बिल ही सुर्खियों में है। उत्तराखण्ड में भी इसको लकर तरह-तरह की बाते सामने आ रही हैं। आईये जाने है, कि किसने क्या कहा। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह बिल वक्फ की संपत्ति के रख-रखाव के लिए है न कि वक्फ की जमीन पर कब्जा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि इससे बेरोजगार मुसलमानों को फायदा होगा। वक्फ की आय बढ़ेगी।

### भाजपा ध्रुवीकरण के एजेंडे पर कर रही काम: हरीश रावत

**देहरादून।** वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पेश कर दिया गया है, इसे लेकर उत्तराखंड के पूर्व सीएम व कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि पहले भी जब वक्फ संशोधन विधेयक में संशोधन किए गए थे, तब सवाल उठाए गए थे। हरीश रावत ने कहा कि तब हमने चर्चा के माध्यम से उनका समाधान किया था, सरकार समाधान नहीं कर रही हैं। कहा कि ऐसा लगता है कि यह भी भाजपा के ध्रुवीकरण के एजेंडे का हिस्सा है।

### वक्फ संशोधन विधेयक एक ऐतिहासिक क्षण: मुफ्ती शमून

**देहरादून।** उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन मुफ्ती शमून कासमी ने संसद में पेश किये गये वक्फ संशोधन विधेयक पर कहा कि आज संसद में पेश किया गया वक्फ संशोधन विधेयक-2024 एक ऐतिहासिक क्षण है। आज सड़कों पर इस विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोग वही लोग हैं जिन्होंने 60 साल तक कांग्रेस के मध्यस्थ के रूप में काम किया और मुसलमानों को वोट बैंक बनाकर रखा। वक्फ संपत्ति गरीबों के लिए होने के बावजूद कभी भी उनका लाभ नहीं उठाया गया।

### विरोध कर रहे लोग मुसलमान नहीं: शादाब शम्स

**देहरादून।** वक्फ संशोधन विधेयक पर उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स ने कहा कि जो लोग विरोध कर रहे हैं, वे मुसलमान नहीं हैं। वे कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आप और जनता दल के राजनीतिक मुसलमान हैं। उनके पीछे जमीयत उलेमा-ए-हिंद और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जैसे एनजीओ और समितियां हैं, जो पिछले दरवाजे से राज्यसभा जाना चाहते हैं। ये सभी वक्फ लाभार्थी हैं। विपक्ष के पास 70 साल थे और उन्होंने जो कर सकते थे किया।

**■ सत्ता पक्ष गिना रहा लाभ, विपक्ष जता रहा विरोध,जाने उत्तराखण्ड में किसने क्या कहा**

### वक्फ की हालत को सरकार जिम्मेदार: खुर्शीद

देहरादून। जमीअत उलेमा हिंद उत्तराखंड के सचिव खुर्शीद अहमद ने कहा कि लोक सभा में वक्फ संशोधन बिल 2024 में बहस के दौरान सदस्यों की और से बहुत सी भ्रामक बातें कही जा रही हैं। कहा कि कोई भी संपति ऐसे ही वक्फ नहीं होती बल्कि उसका सरकारी अधिकारियों की और से सर्वे किया जाता फिर उसका सरकारी स्तर पर गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद वक्फ संपति की तरह रजिस्टर किया जाता है। सिर्फ वक्फ कह देने से वक्फ नहीं होता हैं यह भ्रम अक्सर फैलाया जा रहा हैं। वक्फ बोर्ड का गठन सरकार के नामित सदस्यों के द्वारा किया जाता है और वक्फ सीईओ या अधिकारी भी सरकार चयनित करती है, मुसलमानों का इसमें कोई दखल नहीं होता हैं। वक्फ की जो आज हालत है उसकी जिम्मेदार सरकार है मुस्लिम समुदाय नहीं हैं। पांच साल प्रैक्टिसिंग मुसलमान होने की बात समझ में नहीं आई। लिमिटेशन एक्ट 1968 का वक्फ पर लागू करना और यह कहना कि वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम हैं और कोर्ट में चौलेंज नहीं किया जा सकता भ्रामक प्रचार हैं। सरकार ने वक्फ की धारणा और परिभाषा 'जो चीज एक बार वक्फ है वह हमेशा वक्फ रहेगी' बदल दिया है।

### मुस्लिम सेवा संगठन ने जताया विरोध

देहरादून। मुस्लिम सेवा संगठन ने वक्फ संशोधन विधेयक पर अपना विरोध दर्ज कराया है। मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहां हमारा मानना है इस बिल को सदन के पटल पर रखते हुए मंत्री किरेन रिजजू ने कहां की वक्फ धर्म आधारित नहीं है, मुस्लिम सेवा संगठन ये स्पष्ट कर देना चाहता है कि वक्फ होता ही धार्मिक आधार पर है, इसलिए वक्फ को धर्म से अलग नहीं किया जा सकता। संगठन के उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी ने कहां वक्फ ट्रिब्यूनल से डिस्ट्रिक्ट जज को हटाकर शासन में सचिव स्तर के अधिकारी को लाया गया है जिससे वक्फ में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा।

## श्री महावीर जैन कन्यापाठशाला की पूर्व प्रबंधक ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री व विधायक को अंधेरे में रखकर अपने आवास पर बुलवाया

# धोखाधड़ी में नामजद ममलेश के मकान पर हुआ मन की बात का आयोजन

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** धोखाधड़ी में नामजद श्री महावीर जैन कन्यापाठशाला इण्टर कॉलेज की पूर्व प्रबंधक ने अपने पुत्र जो कि अम्बेडकर नगर मंडल अल्पसंख्यक मोर्चे का अध्यक्ष है का इस्तेमाल कर शिक्षा मंत्री और राजपुर विधायक समेत कई भाजपा नेताओं को अपने आवास पर बुलवाकर जहां विवेचना पर प्रतिकुल प्रभाव डालने का प्रयास किया तो वहीं शिक्षा विभाग द्वारा महिला को गलत पिता के नाम पर नियुक्ति देने के मामले में करवाई गई तीन जांचों को प्रभावित करने के लिए और उनके खिलाफ कार्यवाही ना हो सके इसलिए प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को अपने आवास पर आयोजित कर प्रदेश के शिक्षामंत्री को गुमराह कर उन्हे कार्यक्रम में आयोजित किया।

गौरतलब है कि विगत 30 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का 120 वा एपिशोड़ का आयोजन किया गया। इसके लिए उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में प्रधनमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आयोजित किया गया था।

इसी प्रकार विगत 30 मार्च को मन की बात कार्यक्रम नगर कोतवाली क्षेत्र के आनंद चौक स्थित श्री महाव. ीर जैन कन्यापाठशाला इण्टर कॉलेज की पूर्व प्रबंधम ममलेश जैन के आवास आनंद चौक पर रखा गया था। ममलेश जैन का पुत्र विभोर जैन भरतीय जनता पार्टी की अंबेडकर नगर मण्डल में अलपसंख्यक मोर्चे का अध्यक्ष है और उसी ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए भाजपा के प्रदश में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत और राजपुर विधायक खजानदास को मन की बात कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आर्मंत्रित किया था।

श्री महावीर जैन कन्यापाठशाला इण्टर कॉलेज की पूर्व प्रबंधक ममलेश जैन पर एक महिला बीना देवी को अपने कार्यालय के दौरान उसकी बीएड की माकर्शीट में गलत पिता के नाम पर सहायक अध्यापिका की नियुक्ति देने का आरोप है। यह आरोप उस समय सही साबित हो गए थे जब इस मामले की जांच खण्ड शिक्षाधिकारी रायपुर नवादा हेमलता गौड़ और होर्रोवाला प्रधानाचार्य दो सदस्यीय जांच समिति ने की थी और अपनी जांच में इस बात का उल्लेख किया था कि बीना देवी को बिना शैक्षित और प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की भलि-भांति जांच कर नियुक्ति प्रदान की गई।

दो सदस्यी उक्त जांच समिति की जांच पर भरोसा न जताते हुए ममलेश जैन ने महानिदेशक शिक्षा को पत्र लिखकर अपने स्तर से पून: जांच करवाए जाने का अनुरोध किया था जिसके बाद डॉ. एसबी जोशी अपर निदेशक शिक्षा और संयुक्त निदेशक शिक्षा उत्तराखंड विद्यालयी ननूरखेड़ा दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था।



**■ मुकदमे की विवेचना को प्रभावित करने के लिए बुलवाया गया शिक्षा मंत्री को, शिक्षा विभाग की और से जांच में दोषी करार किए जाने पर बौखलायी हुई है ममेलश जैन**

उक्त जांच समिति ने स्थलीय निरीक्षण कर अपनी जांच में इस बात का उल्लेख किया था कि गलत पिता के नाम की विसंगतियां सामने आने के बाद बीना देवी की नियुक्ति निरस्त नहीं की गई और उसे स्थायी कर दिया गया जो कि गलत है और उसकी नियुक्ति निरस्त करने का जिम्मा प्रबंधक को है। दो सदस्यीय जांच समिति ने अपनी जांच में इस बात का भी उल्लेख किया था कि बीना देवी को नियुक्ति देने में मुख्य शिक्षाधिकारी का पटल भी जिम्मेदार है उन्होंने बीना देवी को दस्तावेजों की जांच किए बिना अनुमोदन प्रदान किया। इसके बाद महानिदेशक शिक्षा की ओर से आदेश जारी किए गए कि जांच अधिकारी की जांच के बाद बीना देवी को नियुक्ति देने वाले अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए महानिदेशक को भी जानकारी दी जाए। वर्ष 2023 के सितंबर 08 से सितंबर 15 2023 और वर्ष 2024 तक महानिदेशक शिक्षा, निदेशक शिक्षा की ओर से मुख्य शिक्षाधिकारी देहरादून को नियुक्ति देने वाले अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया लेकिन मुख्य शिक्षाधिकारी के कानो में जूं तक नहीं रेंगी। इसके बाद मुख्य शिक्षाधिकारी विनोद कुमार ढौंढियाल ने एक बार फिर तिसरी मर्तबा जांच के लिए दो सदस्यों की जांच समिति खण्ड शिक्षाधिकारी रायपुर नवादा हेमलता गौड़ उनियाल और सोडा सरौली प्रधानाचार्य को सौंप दी।

उक्त जांच समिति ने अपनी जांच में उल्लेख किया कि श्री महावीर जैन कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति और पूर्व प्रधानाचार्य रेणु जैन के द्वारा आवेदन पत्रों की विधिवत जांच नहीं की गई घोर लाप. रवाही है। अभिलेखों में भिन्नता पाए जानेपर नियुक्ति निरस्त होनी चाहिए थी जो नहीं की गई। दो सदस्यी जांच समिति ने अपनी जांच में इस बात का भी उल्लेख किया कि तत्कालीन प्रधानाचार्या और प्रबंध समिति आंख बंद कर बीना देवी का पक्ष ले रहे थे तथा बीना देवी के साथ उक्त सभी की मिली भगत प्रतित हो रही है। जांच समिति ने प्रबंधक और प्रबंध समिति के अलावा तत्कालीन प्रधानाचार्या को दोषी करार दिया।

तीन मर्तबा जांच हो जाने के बाद उस जांच रिपोर्ट पर उनके खिलाफ विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के डर से ममलेश जैन द्वारा भाजपा में शामिल अपने पुत्र विरेश जैन की आड़ लेते हुए प्रधानमंत्री के मन की बात 120 वे एपिसोड में शिक्षामंत्री धनसिंह रावत और राजपुर के विधायक खजानदास को अंधेरे में रखकर अपने आवास पर उक्त कार्यक्रम को आयोजित किया और दोनों को वहां पर बुलवा लिया। इतना ही नहीं उनके साथ भाजपा नेता विशाला गुप्ता और अन्य भाजपाई भी शामिल रहे। इतना ही नहीं नगर कोतवाली में ममलेश जैन समेत कई के खिलाफ संगीनधाराओं 420,467,468,471 और 120 बी में दर्ज मुकदमों में ममलेश जैन ने अपने पुत्र के दबदबे का प्रभाव डालने का प्रयास भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को आयोजित कर किया गया। तीन-तीन जांच होने और तीनों में आरोप सही पाए जाने के बावजूद भी शिक्षा विभाग श्री महावीर जैन कन्यापाठशाला इण्टर कॉलेज की पूर्व प्रबंधक और नियुक्ति देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पा रहा है जिससे इस बात को बल मिलता है कि शिक्षा विभाग कहीं न कहीं डरा हुआ है।

# राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार एकता और अखंडता में निहित: राज्यपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने बुधवार को हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय सैनिक संस्था की हरिद्वार इकाई एवं अखण्ड हिन्द फौज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान अखण्ड हिन्द फौज के छात्र-छात्राओं द्वारा परेड एवं झांकी का प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने अखण्ड हिन्द फौज में बालिकाओं की उपस्थिति और ड्रिल और परेड में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने पर प्रशंसा व्यक्त की।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण और चरित्र निर्माण, समाज से बुराइयों के उन्मूलन, शहीद परिवारों के कल्याण, पूर्व सैनिकों के सशक्तीकरण, नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों को मिटाने, शिक्षा के जरिए नैतिक मूल्यों का विकास और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था गौरव सेनानियों और देशभक्त नागरिकों को एकता के सूत्र में बांधकर राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूती प्रदान कर रही है।



राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित है। हमारी विविधता हमारी शक्ति है, और जब हम सभी एक सूत्र में बंधकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को अपनाते हैं। एकता की भावना से देश को अजेय बनाया जा सकता है, और हम तभी विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने युवाओं में शिक्षा, नवाचार, विज्ञान, तकनीक और सामाजिक सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। कहा कि जब हम किसी भी कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे, तभी भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं से नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों को मिटाने, शिक्षा के माध्यम से नैतिक मूल्यों का विकास करने और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों से अपील की। कहा कि देश के सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी एकता को और मजबूत करें, समाज में समरसता और सौहार्द बनाए रखें तथा देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इससे पूर्व जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह एवं एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने पुष्प गुच्छ देकर राज्यपाल का स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कर्नल टी.पी. त्यागी, डा. शैलेन्द्र प्रताप, राष्ट्रीय स्वयम सेवक संघ के प्रचारक, राजन छिबबर, चेयरमेन राष्ट्रीय आर्थिक काउंसिल, राष्ट्रीय सैनिक संस्था, मेजर जनरल ओपी सोनी, वीएसएम, राष्ट्रीय संयोजक, शिक्षा विंग, राष्ट्रीय सैनिक संस्था, मेजर जनरल एम एल असवाल, बरिष्ठ सदस्य राष्ट्रीय प्रशासनिक काउंसिल, राष्ट्रीय सैनिक संस्था श्री अखंड प्रताप भाई, संरक्षक, अखंड हिंद फौज, श्रीमति हेमलता, कुलपति, गुरुकुल कांगडी विश्विद्यालय, डा ओम प्रकाश अवस्थी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखंड हिन्द फौज, कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी, बीर चक्र, महापौर हरिद्वार किरण जैसल, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी आरके सिंह, डिप्टी कलेक्ट्रेट लक्ष्मी राज चौहान, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा, एसपी सिटी पंकज गैरोला, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.गंभीर तालियांन, गुरुकुल कांगड़ी कुलपति डा. प्रेमलता, गुरुकुल कांगड़ी कुल सचिव डॉ सुनील कुमार, तहसीलदार प्रियंका रानी आदि सहित संस्था के पदाधिकारी एवं अनेक गौरव सेनानी उपस्थित रहे।

# कार्य में लापरवाही ग्राम विकास अधिकारी को पड़ी भारी, वेतन से वसूली के आदेश

## सीडीओ ने पांच लाख तेरह हजार नौ सौ सत्तावन रूपये धनराशि वसूली के दिए आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बाल विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 में विकास खण्ड-बहादराबाद की ग्राम पंचायत-सजनपुर पीली व गाजीवाली में आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया था जिसके लिए खण्ड विकास अधिकारी, बहादराबाद ने तत्समय श्री दिनेश कुमार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी को कार्यप्रभारी नियुक्त किया गया था। किन्तु बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी श्री सैनी द्वारा उक्त भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और



न ही प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कोई समायोजन प्रस्तुत किया गया ।

विकास खण्ड की समीक्षा बैठक में श्रीमती आकांक्षा कोण्डे, मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार के निर्देशों के कम में उक्त ग्राम विकास अधिकारी को भवनों का निर्माण तत्काल कराये जाने व समायोजन विकास खण्ड- बहादराबाद में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु श्री सैनी द्वारा न तो आंगनबाड़ी केन्द्रों के क्वनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया और न ही प्राप्त धनराशि के सापेक्ष समायोजन प्रस्तुत किया गया जिसके कम में खण्ड विकास अधिकारी, बहादराबाद की संस्तुति के आधार पर रू० 5,13,957.00 (पाँच लाख तेरह हजार नौ सौ सत्तावन रूपये) धनराशि वसूली के आदेश खण्ड विकास अधिकारी, नारसन को दिनेश कुमार सैनी, ग्राम विकास अधिकारी से एकमुश्त अथवा प्रतिमाह वेतन से कटौती करते हुये खण्ड विकास अधिकारी, बहादराबाद को उपलब्ध करने हेतु आदेशित किया गया है।

# जगजीतपुर में स्थापित हुई केनरा बैंक की शाखा



शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जगजीतपुर में स्थापित की गयी केनरा बैंक की नई शाखा का उद्घाटन चीफ जनरल मैनेजर आरके सिंह, असिस्टेंट जनरल मैनेजर एसवीके रेड्डी, डिविजनल मैनेजर अनिमेष ध्यानी, डिविजनल मैनेजर मधुबाला सोलंकी व ब्रांच मैनेजर मयंक तिवारी ने किया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त पूर्णतया कंम्पयूटरीकृत केनरा बैंक की नई शाखा में ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, होम लोन, गोल्ड लोन, वाहन लोन, लॉकर्स सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। केनरा बैंक की नई शाखा खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ होगा। शाखा प्रबंधक मयंक तिवारी ने बताया कि हरिद्वार शहर में यह केनरा बैंक की नौवीं शाखा स्थापित की गयी है। इस दौरान असिस्टेंट मैनेजर लक्ष्मीचंद, रिजनल आफिस मैनेजर विपिन, राजगोपाल, मीनाक्षी, साक्षी, सुमित, राहुल खुराना आदि मौजूद रहें।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, महासचिव दीपक मिश्रा व कार्यकारिणी ने ली शपथ

## पत्रकार समाज निर्भीकता से निभाता है अपने मिशन को : स्वामी रूपेंद्र प्रकाश

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, महामंत्री दीपक मिश्रा व कार्यकारिणी को बुधवार को मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप गर्ग एवं मुख्य अतिथी महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, मेयर किरण जैसल एवं विधायक रवि बहादुर ने पद के प्रति निष्ठा की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथीयों ने दीप प्रज्वलित कर किया। नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महामंत्री दीपक मिश्रा ने अतिथीयों का फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। अवधूत मंडल आश्रम के महंत रूपेंद्र प्रकाश ने कहा कि पत्रकार समाज निर्भीकता से अपने मिशन को निभाता है। सरकार की उपलब्धियों के साथ साथ कमीयों को भी खबरों के




माध्यम से उजागर करता है। प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितयों को खबरों के माध्यम से प्रदर्शित कर जनता को आईना दिखाने का काम भी करता है।

विधायक रवि बहादुर ने कहा कि जनता की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने में मीडिया का अहम रोल है। विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकार जिम्मेदारी से अपने दायित्व को निभा रहे हैं। प्रेस क्लब के माध्यम से आम जनता को अपनी राय और विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलता है। महापौर किरन जैसल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का बधाई देते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाने और जनसमस्याओं का समाधान करने में चौथे स्तंभ मीडिया की निर्णायक भूमिका है।

नवनिर्वाचित प्रेस क्लब अध्यक्ष अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महासचिव दीपक मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेस क्लब और पत्रकारों के हितों में योगदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चाई के साथ खबरों को प्रकाशित करना ही पत्रकारों का दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब के हितों को ध्यान में रखकर ईमानदारी से काम किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र कन्नौजिया, रजनीकांत शुक्ल, सुनील दत्त पांडे, आदेश त्यागी, बृजेंद्र हर्ष, गुलशन नैय्यर, संजय आर्य, इंडिया टीवी के स्टेट हेड संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा, महासचिव डा. प्रदीप जोशी ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर मनोज खन्ना, संजीव शर्मा, रतनमणि डोभाल, कौशल सिखोला, विक्रम छाछर, अहसान अंसारी, कृष्णकांत त्रिपाठी, दीपक नौटियाल, सुनील पाल, अविक्षित रमन, राव रियासत पुंडीर, संदीप शर्मा, संदीप रावत, तनवीर अली, विकास झा, श्रवण झा, रोहित सिखौला, कुलभूषण शर्मा, शैलेंद्र ठाकुर, राधिका नागरथ, कुमकुम शर्मा, हिमांशु द्विवेदी, सुभाष कपिल, महेश पारिख, मयूर सैनी, संजय रावल, अमित गुप्ता, शिवा अग्रवाल, नरेश गुप्ता, वैभव भाटिया, अमरीश, राजकुमार, जहांगीर मलिक, हरीश, सुमित यशकल्याण, पुलकित शुक्ला, पूर्व सभासद हेमा मिश्रा, भाजपा नेता डा. विशाल गर्ग, पार्षद भूपेंद्र कुमार, सपनाश्री, ओमपाल राठीसहित बड़ी संख्या में पत्रकार व अतिथी मौजूद रहे।

# बीएचईएल अनुसूचित जाति इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने किया ज्ञानार्जन प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बीएचईएल अनुसूचित जाति इम्पलाईज वैलफेयर एसोसिएशन हीप एवं सीएफएफपी के तत्वाधान मे भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर ज्ञानार्जन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डा.भीमराव अम्बेडकर भवन भेल सेक्टर-1 के प्रांगण मे जूनियर, सीनियर, महिला एवं इम्पलाईज वर्ग मे आयोजित की गयी प्रतियोगिता मे विभिन्न विद्यालयों के छात्र, महिलाओं एवं भेल इम्पलाइज ने प्रतिभाग किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य आम जनमानस तक बाबा साहेब के कार्यो को पहुंचाना है। प्रतियोगिता प्रभारी आर.एल.व्यास ने बताया कि प्रश्नो का समायोजन इस प्रकार किया गया है कि जिससे सभी का ज्ञानार्जन हो। मुख्य अतिथि भेल उपमहाप्रबंधक संजीव कुमार ने प्रश्न पत्र का वितरण किया और



प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एसोसिएशन को बधाई दी। डा. अम्बेडकर भवन के सचिव नितेश दाबडे ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संसाधनों को मुहैया कराया तथा बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम 14 अप्रैल को घोषित किया जाएगा एवं विजेताओं को सम्मानित भी किया जायेगा। शिक्षा सहभागिता कार्यक्रम के संयुक्त प्रभारी उदयराम ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन प्रतिभागियों को महापुरूषों के बारे मे जानने का अच्छा अवसर प्रदान करते हैं । इस अवसर पर महासचिव रविंद्र कुमार, अशोक कटारिया, जितेंद्र, धर्मराज, शुभम, भगवानदास, पूर्व प्रधानाचार्य फूलसिंह, राजेंद्र देवल, रामपाल, देवेंद्र भास्कर, बृजेश कुमार, कमल, सुखपाल, प्रमोद अदालती, पवन कुमार, धीर सिंह, सियाराम, राजेश, शिवचरण, एडवोकेट रूपचंद आजाद, संतोष खरवार, अमरजीत, अंकुर, विनय दाबडे, मलखान सिंह, मनोज, धर्म सिंह, सत्यपाल शास्त्री, रामधन, राकेश रोशन, रंधावा, संदीप, मेघराज आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# राज्य मंत्री बनाए गए ओमप्रकाश जमदग्नि को भाजपा और विभिन्न संगठनों ने दी बधाई



शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री बनाए गए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जमदग्नि को भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। उत्तराखंड पारिस्थितिकीय पर्यटन सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष बनाए गए ओमप्रकाश जमदग्नि के आवास पर सवेरे से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। होटल कारोबारियों और व्यापारियों ने भी जमदग्नि को सरकार में दायित्व दिए जाने पर खुशी जताई। राज्य मंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि ने जिम्मेदारी दिए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक व संगठन का आभार जताया है। बधाई देने वालों एडवोकेट अरविंद शर्मा, गंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, प्रो.संजय माहेश्वरी, एसएमजेएन कालेज के प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार बत्रा सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधिव शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने दिवंगत प्रो. पीएस चौहान को अर्पित किए श्रद्धासुमन

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने एसएमजेएन कालेज के पूर्व प्राचार्य व हरिद्वार प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत प्रो.पीएस चौहान के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों धर्मपत्नी राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा संतोष चौहान, पुत्र डा. मोहित चौहान, पुत्रवधु डा. मनु सिंह से मिलकर प्रो. चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया और सांत्वना देते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। यशपाल आर्य ने कहा कि स्व. पीएस चौहान वरिष्ठ पत्रकार, विभिन्न विषयों के जानकार, सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने वाले व्यक्तित्व थे और मार्गदर्शक के रूप में उनका हमेशा योगदान रहा है। इतना ही नहीं कांग्रेस को सशक्त करने में भी उनकी



अविस्मरणीय भूमिका रही है। यशपाल आर्य ने कहा कि उनकी पत्नी संतोष चौहान के राजनीतिक जीवन में भी उनका बहुत सहयोग रहा है। इस दौरान यशपाल आर्य के साथ ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर, मनोज सैनी, तेलूराम, रकित वालिया, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, जतिन हांडा, पार्षद सोहित सेठी, अनिल भास्कर, हरद्वारी लाल, राजेंद्र श्रीवास्तव, दीपक राज (सोनू लाला) आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त होने पर सहायक अध्यापक राजकुमार का अभिनंदन समारोह किया आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिमली विकासखंड लक्सर से सेवानिवृत होने पर सहायक अध्यापक राजकुमार का हरिद्वार में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चमोली के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने राजकुमार को शॉल एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।



दीक्षालय भवन कनखल में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकाश सारस्वत ने कहा कि राजकुमार ने 31 वर्षों तक शिक्षा विभाग में लगन एवं निष्ठा से कार्य किया है। उनका कार्य व्यवहार एवं समर्पण अनुकरणीय रहा है। उन्होंने कहा की भले ही वह विभाग से सेवानिवृत हुए हैं परन्तु समाज को अपनी सेवा देते रहेंगे। अपने सम्बोधन में राजकुमार ने कहा कि यह अवसर न केवल मेरे कार्यजीवन का समापन है, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत भी है। इस यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए, पर हर चुनौती ने मुझे मजबूत बनाया और हर सफलता ने मुझे गर्वित किया। इस मौके पर मैं उन सभी पलों को याद करना चाहता हूँ, जो मेरे लिए अनमोल हैं। आप सभी का साथ मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के दीपक दीक्षित ने राजकुमार के कार्यों को सराहा और उनको स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. शिवा अग्रवाल, रवि कुमार गोस्वामी, शरद भारद्वाज, तेज प्रकाश, मदन पाल आदि ने भी सम्बोधित किया।

# अध्यात्म, भक्ति और आंतरिक चेतना को जागृत करने का पर्व हैं नवरात्र

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य म.मं. स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि मां दुर्गा को समर्पित नवरात्र अध्यात्म, भक्ति और आंतरिक चेतना को जागृत करने का पर्व है। नवरात्रों के अवसर पर श्री दक्षिण काली मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आए भक्तों को नवरात्र उपासना के महत्व से अवगत कराते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि नवरात्र उपासना के दौरान देवी दुर्गा की कृपा से साधक के अंतर्मन में उत्पन्न होने वाली दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। नवरात्र उपासना से शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है। स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि नवरात्रों में देवी दुर्गा की आराधना करने से अज्ञान रूपी अंधकार नष्ट होता है और ज्ञान की प्रेरणा मिलती है। नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव दूर होता है। उन्होंने कहा कि देवी दुर्गा का प्रत्येक स्वरूप कल्याणकारी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नवरात्रों में मां दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों की आराधना और पूजा अर्चना अवश्य करनी चाहिए।

# सनातन धर्म संस्कृति और सेवा परंपरा को बढ़ावा देगा सेवाश्रय अखाड़ा : संतोषानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति और समाज में सेवा परंपरा को बढ़ावा देने के लिए सेवाश्रय अखाडे का गठन किया गया है। श्री हनुमान सत्संग सेवाधाम द्वारा गठित सेवाश्रय अखाड़े का उन्हें संरक्षक तथा काशी के अरविन्द त्रिपाठी को अध्यक्ष बनाया गया है। भारतमाता पुरम स्थित एकादश रूद्र पीठ में जानकारी देते हुए स्वामी संतोषानंद महाराज ने बताया कि सेवाश्रय अखाड़े का उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज को सनातन धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। दीन दुखी और जरूरतमंद की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। ऋषि परंपरा के अनुसार सनातन धर्म का संरक्षण संवर्द्धन करते हुए समाज में सेवा संस्कारों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। सेवाश्रय अखाड़े के सेवा साधक समाज के बीच सेवा प्रकल्पों का संचालन करेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति में संत परंपरा सर्वोच्च है। संत परंपरा के माध्यम से ही समाज को ज्ञान की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कुंभ में सेवाश्रय अखाड़ा संतों के साथ ऋषि परंपराओं को आगे बढ़ाने में योगदान करेगा।



महामंडलेश्वर राजगुरू स्वामी संतोषानंद महाराज ने कहा कि 2027 के हरिद्वार कुंभ और नासिक महाकुंभ में सेवाश्रय अखाड़ा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद का पूर्ण सहयोग करेगा। प्रयागराज महाकुंभ के बाद अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के नेतृत्व में हरिद्वार कुभ और नासिक महाकुंभ दिव्य और भव्य रूप से संपन्न होगा। इस अवसर पर आचार्य अमित थपलियाल, सतीश पराशर, हरिओम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मनोज भाटी, अन्नु धाकड़ आदि मौजूद रहे।

# महिषासुर राक्षस का वध करने पर मां दुर्गा महिषासुरमर्दिनी कहलाई: शास्त्री

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्री अखंड परशुराम अखाड़े द्वारा श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने महिषासुर मर्दिनी का चरित्र श्रवण कराते हुए बताया कि महिषासुर राक्षस का वध करने पर मां दुर्गा महिषासुर मर्दिनी कहलायी। महिषासुर एक बहुत ही मायावी दानव था। वह ब्रह्मऋषि कश्यप और दनु का पोता और रम्भ नामक दैत्य द्वारा महिषी के गर्भ से उत्पन हुआ था। महिषासुर ने ब्रह्मा की कठोर तपस्या करके वरदान प्राप्त किया कि इस ब्रहमांड में और पृथ्वी पर उसे कोई देवता, मनुष्य या दानव मार ना सके। उसकी मृत्यु हो तो किसी स्त्री के हाथों हो। ब्रह्मा से वरदान प्राप्त कर महिषासुर स्वर्ग लोक में देवताओं को परेशान करने लगा और पृथ्वी पर भी उत्पात मचाने लगा। उसने स्वर्ग पर आक्रमण कर और इंद्र को परास्त कर स्वर्ग पर कब्जा कर लिया और सभी देवताओं को वहां से खदेड़ दिया। परेशान होकर देवता ब्रम्हा, विष्णु और महेश के पास सहायता के लिए पहुंचे। सारे देवताओं ने मिलकर उसे फिर से परास्त करने के लिए युद्ध किया लेकिन हार गये। कोई उपाय न मिलने पर देवताओं ने उसके विनाश के लिए अपने अपने तेज से एक देवी को उत्पन्न किया। जिन्हें हम मां दुर्गा के नाम से जानते हैं। देवी दुर्गा ने महिषासुर से नौ दिनों तक युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। इसी उपलक्ष्य में नौ दिन तक नवरात्रि और दसवें दिन विजयादशमी मनायी जाती है। श्री अखंड परशुराम अखाड़े राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि आज भी राक्षसी प्रवर्ती के लोग समाज में घूम रहे हैं। जिनके द्वारा सनातन को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों से सनातनियों को बचानेएवं सनातन का परचम लहराने के लिए श्री अखंड परशुराम अखाड़ा सभी सनातनियों को एकजुट करने का कार्य कर रहा है।

Page7--_26 June -doon page-7.qxd 4/2/2025 10:08 PM Page 1



# तहसील चौक के जाम से निजात





मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** तहसील चौक शहर के सबसे व्यस्ततम एवं भीड़ भाड़ वाले चौराहों में से एक है। इस चौक पर आए दिन जाम के झाम व गाड़ियों की लंम्बी कतारों को झेलना पड़ता है। तहसील चौक पर पार्किंग की सीमित व्यवस्था भी इसका बड़ा कारण है। लोग अपने दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों को सड़क किनारे यहां वहां खड़ा कर देते हैं। उचित पार्किंग न होने की वजह से बेतरतीब वाहन जाम की परेशानी को और बढ़ाने का काम कर रहे हैं। श्री गुरु राम राय दरबार साहिब इस समस्या से अब निजात दिलवाएगा। इस दिशा में श्री दरबार साहिब प्रबन्ध समिति ने बड़ी पहल की है।

- दिलाएगी दरबार साहिब की पार्किंग
- महानगर की जनता को मिलेगी बड़ी राहत, नहीं लगेगी गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें

पुरानी तहसील पर श्री गुरु राम राय दरबार साहिब के स्वामित्व की जमीन है। इस भूमि पर श्री गुरु राम राय दरबार साहिब आटोमेटेड मल्टी स्टोरी पार्किंग बना रहा है। यह आटोमेटेड मल्टी स्टोरी पार्किंग तहसील चौक के जाम में भारी राहत देगी। श्री दरबार साहिब प्रबन्ध समिति की ओर से इस बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। श्री दरबार साहिब के आर्किटैक्ट और इंजीनियरो की टीम पार्किंग स्थल का मौका मुआयना कर चुकी है। प्रबन्ध समिति ने स्पष्ट किया है कि पुरानी तहसील में श्री दरबार साहिब की स्वामित्व वाली जमीन पर पाार्किंग बनाने की आवश्यक प्लानिंग को पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही पार्किंग बनाने का काम शुरू हो जाएगा। अगले कुछ महीनों में ऑटोमेटेड मल्टी स्टोरी पार्किंग जनता की सेवा में समर्पित होगी। फिलहाल अस्थाई बस, ट्रक, कार व स्कूटर की पार्किंग शुरू कर दी गई है। श्री दरबार साहिब की इस पहल का शहर के गणमान्य व्यक्तियों एवम् विभिन्न समाज सेवी संगठनों ने स्वागत किया है।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ मुख्य शिक्षाधिकारी को दिया ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून ।** डीएवी पीजी कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकताओं ने मुख्य शिक्षाधिकारी कार्यालय देहरादून में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन दिया। छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि अगर जल्द से जल्द इस मामले में शासन-प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो पूरा छात्रसंघ अभिभावकाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि यदि निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई जाती है तो, ऐसी स्थिति में छात्रसंघ अभिभावकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। छात्र संघ अध्यक्ष ने अनुरोध करते हुए कहा कि निजी स्कूलों द्वारा इस वर्ष फीस में बढ़ोत्तरी न की जाये। न ही नये सत्र में अभिभावकों से एडमिशन फीस ली जाये। उन्होंने ज्ञापन में सात बिंदुओं को प्रमुखता से उठाया है। इस दौरान सौरभ सेमवाल, स्वयं रावत, आकाश अवस्थी, मंथन भाटिया, आदि कई एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहीद सैनिकों की स्मृति में शहीद द्वार और स्मारक बनाने का काम जारीः जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्य सरकार सैनिकों और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और समय-समय पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं चलाकर आश्रितों के कल्याण के लिए काम कर रही है। बीते 2022 में विजय दिवस (16 दिसम्बर) पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की थी कि प्रदेश में शहीद द्वार और स्मारकों का निर्माण संस्कृति विभाग के स्थान पर अब सैनिक कल्याण विभाग द्वारा किया जाऐगा, जिसके क्रियान्वयन के लिए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के निदेर्शों के बाद विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त प्रस्तावों पर स्वीकृति की कार्यवाही चल रही है। मीडिया को जारी बयान में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा है कि सैनिक पुत्र होने के चलते उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों की पीड़ा और इच्छा को समझा और शहीद द्वार व स्मारकों का निर्माण संस्कृति विभाग के बदले सैनिक कल्याण विभाग से करवाने की मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला शहीदों के परिवारों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और सम्मान को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के घोषणा के बाद अब तक विभाग द्वारा 12 प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें 05 पर निर्माण कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी 1829 वीर शहीदों के द्वार अथवा स्मारक बनाने का सरकार का संकल्प है। विदित हो कि सरकार के घोषणा के बाद शासन द्वारा कई विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के नाम भी शहीदों के नाम पर परिवर्तित कर दिये हैं। इसके साथ-साथ राज्य के अधीन स्थापित सैनिक द्वार एवं स्मारकों की देखरेख सैनिक कल्याण विभाग और जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यहां प्रक्रियाऐं एवं अर्हताओं की बात करें तो आजादी के बाद थल सेना, नौ सेना और वायु सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों के शहीद सैनिकों को इसमें सम्मिलित किया गया है। साथ ही, समक्ष अधिकारी द्वारा आप्रेशनल कैज्युलटी या बैटल कैज्युल्टी से सम्बन्धित प्रमाण पत्र निर्गत होने पर शहीद द्वार या स्मारक का निर्माण किया जाता है। शहीद द्वार मुख्यतः तीन श्रेणियों यथा लघु, मध्यम और वृहद में होते हैं। लघु श्रेणी में अधिकतम 05 लाख, मध्यम के लिए 10 लाख एवं वृहद शहीद द्वार निर्माण के लिए अधिकतम 15 लाख तक की धनराशि अनुमन्य की गयी है। इसी प्रकार, आवेदन प्राप्त होने पर चयन समिति में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति प्रस्ताव को शासन भेजती है, जहां पर उच्चानुमोदन के बाद निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी की जाती है।

### अभी तक प्राप्त स्वीकृति के अनुसार इन शहीदों के बनेंगे द्वार और स्मारक

अल्मोड़ा में शहीद दिनेश सिंह बिष्ट, शहीद नायक गौरी दत्त जोशी, शहीद हवलदार रघुनाथ सिंह, चमोली में शौर्य चक्र शहीद नायक रघुवीर सिंह, शहीद सिपाही सूरज सिंह तोपाल, महावीर चक्र शहीद सिपाही अनुसूया प्रसाद, उत्तरकाशी में शहीद गार्डसमैन सुन्दर सिंह, सीआरपीएफ के शहीद एएसआई मोहन लाल, पिथौरागढ़ में शहीद नायब सुबेदार चंचल सिंह गोबाड़ी, शौर्य चक्र शहीद नायब उरबा दत्त, शहीद सैपर पुष्कर दत्त, टिहरी गढ़वाल में शहीद नायक प्रवीन सिंह, रुद्रप्रयाग में शहीद हवलदार देवेन्द्र सिंह। के पारंपरिक व्यंजनों को प्रस्तुत करते समुह।



# देहरादून के महापौर बने निक्षय मित्र, टी.बी. मरीज लिए गोद

**टीबी की जांच के हर वार्ड में लगाया जायेगा विशेष स्वास्थ्य जांच शिविरः महापौर**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून में महापौर सौरभ थपलियाल ने दो टी.बी. मरीजों को गोद लिया और निःक्षय मित्र बने। इसके साथी ही वे इन मरीजों के पोषाहार का उत्तरदायित्व निभायेंगे। वरिष्ठ जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 मनोज वर्मा ने उन्हें निःक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत करवाया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि उत्तराखण्ड को टी.बी. मुक्त करने का अभियान सिर्फ विभागीय अभियान नहीं वरन् एक सामाजिक जनचेतना एवं मानवीय उत्तरदायित्व का अभियान भी है। जन सहभागिता से निःक्षय मित्र अभियान के साथ जुड़कर हम शीघ्र ही राज्य को टीबी मुक्त करने में सफल होंगे एवं साथ ही देश को भी टीबी मुक्त करने में अग्रणी भूमिका निभायेंगे। महापौर सौरभ थपलियाल ने नगर निगम के समस्त पार्षदों से आग्रह किया कि वे भी टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़ें एंव निःक्षय मित्र बनकर टी.बी. के विरुद्ध इस युद्ध में टीबी मरीजों का सहयोग करें। ताकि मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जल्द ही देहरादून नगर निगम के समस्त वार्डों में विशेष स्वास्थ्य जांच अभियान चलाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविर के माध्यम से समुदाय में टी.बी. के उच्च जोखिम समूहों तथा अन्य सभी लक्षणों वाले व्यक्तियों की एक्स-रे तथा बलगम की जांच करवाकर टी.बी. की स्क्रीनिंग की जायेगी। साथ ही आम जनमानस को रक्तचाप एवं ब्लड शूगर की निःशुल्क जांच सेवा भी शिविर में उपलब्ध कराई जायेगी। इस अवसर पर मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ने भी एक टीबी मरीज गोद लिया और निःक्षय मित्र अभियान का अंग बने। वरिष्ठ जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मनोज वर्मा ने इस मौके पर कहा कि जनपद में निःक्षय मित्र अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।



आम जनमानस के साथ-साथ समाज के प्रतिष्ठित लोग तथा जनप्रतिनिधि भी इस अभियान से बढ़चढ़ कर जुड़ रहे हैं। सरकार द्वारा निर्धारित टीबी मुक्त संबंधी लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करने के लिए अनवरत प्रयास किये जा रहे हैं।

# किशोरीलाल सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**चकराता।** किशोरीलाल सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के व्यवस्थापक विवेक अग्रवाल, संरक्षक तीरथ कुकरेजा, माननीय सदस्य मोनिका अग्रवाल, डॉक्टर आरती रावत, कृति नैथानी एवं डॉ. प्रीति, मोनित दुसोजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय द्वारा सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# भाजपा भव्य तरीके से मनाएगी अपना स्थापना दिवस

**स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती समेत आगामी कार्यक्रमों के लिए जिला प्रभारी किए नियुक्त**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा, पार्टी स्थापना दिवस को भव्य तरीके से व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाने जा रही है। जिसको देखते पार्टी द्वारा स्थापना दिवस एवं अंबेडकर जयंती समेत आगामी कार्यक्रमों के लिए जिला प्रभारी की नियुक्ति किये है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि आगामी 6 अप्रैल को भाजपा अपना स्थापना दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से धूमधाम तरीके से मनाने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में इस संदर्भ में पार्टी की प्रदेश टोली बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इसमें 14 अप्रैल को आने वाली भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती समेत सांगठनिक कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं और माडल स्तर पर भी योजना बनाई गई है। प्रदेश स्तर पर पार्टी स्थापना दिवस के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार प्रभारी कुंदन परिहार, नलिन भट्ट गुंजन सुखीजा सह प्रभारी एवं डॉ अम्बेडकर जी की जयंती के कार्यक्रमों के लिए प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट को प्रभारी मुकेश कोली, समीर आर्य, अजीत चौधरी सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शों पर आगामी कार्यक्रमों के संचालन के लिए जिला प्रभारियों की जिम्मेदारी दी गई है। इस सूची के अनुसार उत्तरकाशी मेहरबान सिंह रावत, चमोली विजय कपरवाण, रुद्रप्रयाग बलबीर घुनियाल, टिहरी शैलेंद्र बिष्ट, देहरादून ग्रामीण नेहा जोशी, देहरादून महानगर राकेश गिरी, ऋषिकेश विनय गोयल, हरिद्वार आदित्य चौहान, रुड़की दान सिंह रावत, पौड़ी ऋषि कंडवाल, कोटद्वार नवीन ठाकुर, पिथौरागढ़ कुंदन परिहार, बागेश्वर कैलाश शर्मा, रानीखेत गोविंद पिलख्वाल, अल्मोड़ा सुरेश भट्ट, चंपावत वीरेंद्र वल्दिया, नैनीताल राजेश कुमार, काशीपुर पुष्कर सिंह काला, उद्यमसिंह नगर राकेश नैनवाल को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# राजपूत बंजारा समाज पछवादून विकासनगर का भव्य सम्मान समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** देर रात चौहान पैलेस मलूका वाला विकासनगर में राजपूत बंजारा समाज पछवादून देहरादून द्वारा भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें उत्तराखंड उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश हरियाणा राज्य की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अमर सिंह नायक पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार, नीरू देवी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर के द्वारा अध्यक्षता सम्मान समारोह में निर्वाचित प्रतिनिधि की गई। सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित प्रतिनिधि नीरू देवी अध्यक्ष नगर पालिका हरबर्टपुर, कमल सिंह राठौड़ नायब तहसीलदार, पूनम पुंडीर पार्षद नगर निगम देहरादून, पूनम देवी सभासद नगर पंचायत सेलाकुई, श्रवण कुमार चौहान पैलेस मलूका वाला विकासनगर में राजपूत बंजारा समाज पछवादून देहरादून द्वारा भव्य प्रतिभा सम्मान आयोजित किया गया जिसमें उत्तराखंड उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश हरियाणा राज्य की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अमर सिंह नायक पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार अध्यक्षता नीरू देवी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर के द्वारा की गई सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित प्रतिनिधि नीरू देवी अध्यक्ष नगर पालिका हरबर्टपुर कमल सिंह राठौड़ नायब तहसीलदार पूनम पुंडीर पार्षद नगर निगम देहरादून पूनम देवी सभासद नगर पंचायत सेलाकुई श्रवण कुमार जिला पंचायत सदस्य बद्रीपुर हिमाचल प्रदेश ओमपाल सिंह राठौड़ अध्यक्ष बार एसोसिएशन बेहट सहारनपुर उत्तर प्रदेश संदीप राठौड़ अधिशासी अभियंता, अभिनव राठौड़, अनीता देवी प्रधान ग्राम पंचायत जमुनीपुर, अभिनव राठौड,.डॉक्टर वनिता राठौड़, मगन सिंह पुंडीर, मनोज कुमार राठौर, उषा रानी राठौर, शीला राठौर, भूम सिंह, मोकम सिंह, बलबीर सिंह पवार, शिव पवार, भारती कौर, शिल्पी नायक, साधु राम, भूपेंद्र राठौर, नरेंद्र राठौड,. अनिल चौहान, बाबूराम राठौर, रविंद्र राठौर डीसी बंजारा, ओमप्रकाश नायक विनोद कुमार चौहान, विशेष राठौर, आयुष नायक, नरेंद्र राठौड़, हरीश चौहान, चरण सिंह, संजय सिंह राठौड़, राजेश सिंह, सुशील कुमार, लक्ष्य पवार, बहादुर सिंह, अजमेर सिंह राठौड,. अशोक राठौड,. अशोक चौहान, योगेश राठौर, गोपाल सिंह राठौड,. रतन सिंह पवार, अभिनव नायक, ब्रह्मपाल, मोहित राठौड़ आदि को सम्मानित किया गया। नीरू देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज की नारी शक्ति सभी क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं किसी भी क्षेत्र में नारी शक्ति पीछे नहीं है शिक्षा राजनीति चिकित्सा इंजीनियरिंग प्रशासनिक पदों पर आज हमारे समाज की नारी शक्ति ने हमारे समाज की गरिमा को बढ़ाने का काम किया है। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट गुरूमेल सिंह राठौन ने किया।



# प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** चकराता प्रखंड के दुर्गम क्षेत्र में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, क्वानू में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता एवं प्रभारी प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य को उनके पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रयासों और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कोलंबिया पैसिफिक वर्चुअल यूनिवर्सिटी, मथुरा द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। संजय कुमार मौर्य वर्ष 2006 से विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपने निजी संसाधनों से विद्यालय विकास, छात्रों के लिए कंप्यूटर शिक्षण, पुस्तकालय, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण एवं जल संरक्षण जैसे संवेदनशील विषयों पर कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने समर्पण को साबित करते हुए उन्होंने अब तक 1000 से अधिक पौधे विभिन्न स्थानों पर रोपित किए हैं तथा लगभग 500 पौधों का दान भी किया है। इसके अलावा, वे प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत हैं और जनचेतना जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। श्री मौर्य रेडक्रॉस सोसाइटी, देहरादून के आजीवन सदस्य भी हैं।

संजय कुमार मौर्य की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। उनके इस सम्मान पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**चकराता (शाह टाइम्स)।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम पंचायत टुंगरा के पंचायत भवन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेरचंद ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सूरत सिंह सियाणा उपस्थित रहे। समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने गीत, एकल नृत्य, कविताएं, नुक्कड़ नाटक, सामूहिक नृत्य और पारंपरिक तांदी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में 'उत्तम अनुशासित स्वयंसेवक' का खिताब अक्षित को मिला, जबकि 'उत्तम स्वयंसेवी बालिका' के रूप में कुमारी रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'उत्तम सांस्कृतिक कार्यकर्ता' का पुरस्कार रितेश कुमार को मिला और 'उत्तम सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रा' का सम्मान कुमारी अंजली ने प्राप्त किया। शिविर के दौरान अनुशासन, प्रतिभा और समर्पण के आधार पर अंकित चौहान को 'ऑलराउंडर' का पदक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। शिविर में विशेष योगदान देने के लिए कुमारी अनुष्का को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, वहीं अर्जुन सिंह और प्रीतम सिंह को भी उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

# राज्य मंत्री मनोनित होने पर भाजपाईयों ने प्रेषित की शुभकामनाएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तराखंड कुलदीप कुमार को वन पंचायत सलाहकर परिषद का अध्यक्ष मनोनित होने पर भाजपा कार्यकताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की। शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों में मोहित शर्मा, संतोष रावत, जनार्दन जोशी, विनायक नौटियाल, शुभम गर्ग, सारांश डोगरा, राहुल शर्मा, रविकांत राठौर, सुमित टोंक, गुरप्रीत हैप्पी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एकल अभियान के दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** भारत लोक शिक्षा परिषद के तत्वावधान में संचालित एकल अभियान के तहत दस दिवसीय आचार्य प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का रविवार को सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर संभाग दक्षिण हिमाचल प्रदेश अंचल अट्टाल के चकराता, सहिया और कोटी कनासर के 30 आचार्यों की भागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव से एक शिक्षित महिला को आचार्य के रूप में चयनित किया जाता है, जो बच्चों को संस्कार, बौद्धिक एवं शारीरिक शिक्षा प्रदान करती हैं। अभियान के संच प्रभारी कुंदन सिंह चौहान ने बताया कि एकल अभियान उन बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य करता है, जिनके माता-पिता उन्हें अच्छे स्कूलों में नहीं भेज सकते। साथ ही, यह पहल किसानों को जैविक खेती, स्वास्थ्य शिक्षा, ग्राम विकास और जागरूकता से भी जोड़ रही है। वर्तमान में एकल अभियान देशभर के एक लाख से अधिक गांवों में संस्कार केंद्रों का संचालन कर रहा है। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिवक्ता विदुषी निशंक, अध्यक्ष सनराइज एकेडमी देहरादून एवं उपाध्यक्ष स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय देहरादून, ने सनातन संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि पूजा पोखरियाल, सचिव मंथन वेलफेयर सोसाइटी, अध्यक्ष अमित पोखरियाल, बीजेपी प्रवक्ता सत्यवीर सिंह चौहान, पूर्व प्रधान रणवीर सिंह चौहान, एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अमर सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी देहरादून ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विशन सिंह (अभियान प्रमुख), महावीर सिंह (शारीरिक प्रमुख), पिंकी शर्मा (संच प्रमुख, अंचल अट्टाल) सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएफओ चकराता से मुलाकात करते सरपंच संगठन के पधाधिकारी

**चकराता।** माफी की देवदार की लकड़ी तीन साल से नहीं मिलने पर सरपंच संगठन ने नाराजगी व्यक्त की। सरपंच संगठन के पधाधिकारीयों ने डीएफओ चकराता अभिमन्यु सिंह से मुलाकात कर अपनी बात रखी, बताया कि चकराता वन प्रभाग सदियों से माफी की लकड़ी का रवाना देता था वह तीन साल से नहीं दिया जा रहा है।

# रसायन विज्ञान विभाग में प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय, चकराता के विज्ञान संकाय में संचालित रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2025 को विभागीय परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय 'रसायन विज्ञान का दैनिक जीवन में महत्त्व' था। कार्यक्रम के अंतर्गत चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता तथा बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान संकाय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता में राहुल (बीएससी फोर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, समीर (बीएससी सेकंड सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान तथा सोनिया (बीएससी सेकंड सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में समीर (बीएससी सेकंड सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान एवं राहुल (बीएससी फोर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुदीप्ता कंडारी और डॉ. शिवांगी उपाध्याय ने निभाई। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. मंजू अग्रवाल ने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियाँ छात्रों की प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं और उन्हें एक योग्य नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. सुदीप्ता कंडारी, डॉ. शिवांगी उपाध्याय, प्रेरणा, रोशन बख्श, अंकुर शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुदीप्ता कंडारी और डॉ. शिवांगी उपाध्याय ने निभाई**

# थाना सहसपुर पुलिस की अवैध नशे के विरुद्ध कार्यवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा नशे के कारोबार में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने हेतु कड़े निर्देश निर्गत किए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में थाना सहसपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चेकिंग के दौरान धमार्वाला से एक आरोपी दिलशाद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी रामपुर सहसपुर को '6.23 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सहसपुर पर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट' के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान उसके द्वारा बताया कि वह स्मैक कुन्जागग्रांट विकासनगर से खरीदकर लाया था।

# क्रशर सीज़ करने के आदेश पर रोक

## विनोद डोभाल की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पालिकाध्यक्ष बडकोट विनोद डोभाल के तहसील बड़कोट के कोटियाल गांव में चल रहे स्टोन क्रेशर को सीज कर जुर्माना लगाने के प्रशासन के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले के अनुसार उपजिलाधिकारी बड़कोट तथा जिला खनन अधिकारी उत्तरक. ाशी तथा राजस्व अधिकारियों व पुरोला थाने की पुलिस टीम ने 27 फरवरी 2025 को विनोद डोभाल के मैसर्स अस्तित्व अनन्तराज इंटरप्राइजेज में छापा मारा। इस टीम ने मौके पर अवैध खनन व भंडारण होना पाते हुए स्टोन क्रशर को बंद करने के निर्देश देते हुए 17. 50 लाख का जुर्माना लगाया था। यह स्टोन क्रशर यमुना नदी के किनारे कोटियाल गांव के जटा नामे तोक में स्थापित है। प्रशासन के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए विनोद डोभाल की ओर से कहा गया है कि वे बड़कोट नगर पालिका के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं और राजनीतिक विद्वेष की भावना के कारण उनके स्टोन क्रशर को सीज किया गया है। प्रशासन ने इससे पहले भी उनके स्टोन क्रशर के खिलाफ कार्यवाही की है और करीब 13 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद उक्त स्टोन क्रशर को सीज करने व जुर्माना लगाने के प्रशासन के आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार को जबाव देने के निर्देश दिए हैं।

# भूपेन्द्र कुमार का दिल्ली ट्रांसफर सही

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम के उप महाप्रबंधक (वित्त) भूपेंद्र कुमार का आईएसबीटी दिल्ली स्थानांतरण किये जाने को सही ठहराया है। अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को जांच की सुनवाई में भाग लेने की पूरी सुविधा दी जाए और उन्हें भत्ते भी प्रदान किए जाएं। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि शीघ्र जांच करने के सम्बंध में पहले दिए गए आदेश का विभाग ने अवहेलना की है इसलिए अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जांच तीन महीने के भीतर पूरी की जाए अन्यथा अदालत स्वत: संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। कोर्ट के इस आदेश की प्रति तुरंत राज्य सरकार और निगम को ईमेल के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया है। मामले के अनुसार उप महाप्रबंधक (वित्त) भूपेंद्र कुमार ने अपने स्थान्तरण आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है । मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई । याचिकाकर्ता के अनुसार उस का स्थानांतरण दिल्ली के इंटरस्टेट बस टर्मिनल आईएसबीटी में किया गया है जबकि वह राज्य सडक परिवहन निगम के कर्मचारी हैं और उन्हें राज्य से बाहर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता हालांकि याचिकाकर्ता के ने यह स्वीकार किया कि निगम का दिल्ली में भी कार्यालय है और याचिकाकर्ता के खिलाफ एक जांच शुरू की गई है जबकि परिवहन निगम की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता पर वित्तीय अनियमित. ताओं के गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि उन्होंने निगम के वेंडरों से प्राप्त धनराशि को निगम के खाते में जमा नहीं किया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पर लगे आरोप गंभीर हैं इसलिए उन्हें डिप्टी जनरल मैनेजर (वित्त) के पद से हटाने में कोई त्रुटि नहीं है चूंकि आईएसबीटी दिल्ली का कार्यालय भी निगम का ही कार्यालय है इसलिए उनका स्थानांतरण भी गलत नहीं माना जा सकता।

## नाबालिग की जबरन शादी कराई, गर्भवती निकली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नेपाली मूल की 15 वर्षीय एक नाबालिग लड़की की जबरन शादी करवा दी गई। अस्पताल में जांच को पहुंचने पर नाबालिग गर्भवती निकली, जिसे सुन परिजनों के होश उड़ गए। डाक्टरों ने जांच करने के बाद बताया कि शादीशुदा नाबालिग लड़की 9 महीने की गर्भवती है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, 15 साल की नाबालिग शादीशुदा जिला अस्पताल पहुंची। डा. गायत्री पांगती ने बताया की नाबालिग शादीशुदा है। वह नौ महीने की गर्भवती है। डा. गायत्री पांगती ने गर्भवती के नाबालिग होने पर इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस जांच में गर्भवती के नाबालिग होने की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है की दोनों ही नेपाली मूल के हैं। दो साल पहले दोनों की शादी हुई है तब से दोनों बागेश्वर में ही रह रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# क्या जवाब देने से बच रहे अधिकारी!

## हल्द्वानी मेयर चुनाव में मतपत्रों की गड़बड़ी के आरोपों पर दाखिल नहीं हुआ जवाब कांग्रेस प्रत्याशी की याचिका पर अगली सुनवाई अब 17 अप्रैल को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हाल ही में हुए मेयर चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी ललित जोशी ने चुनाव प्रक्रिया और मतगणना में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए



अपनी हार को चुनौती दी गयी थी, जिसका तीन सुनवाई होने के बाद भी सम्बंधित अधिकारियों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायधीश तथा चुनाव ट्रिब्यूनल सुबीर कुमार की अदालत में 6 फरवरी को याचिका दायर की थी। याचिका में ललित जोशी ने कहा कि चुनाव में मतपेटियों में भारी गड़बड़ी हुई, जिसमें कई मतपेटियों में कम और ज्यादा वोटों का अंतर हजारों में पाया गया। इसके अलावा, मतगणना में हजारों मत रद्द हुए और कई मतपेटियों में मतों की संख्या में विचित्र वृद्धि अथवा कमी पाई गई। याचिका में उठाए गए मुद्दों में खासतौर पर कमरा नं. 288, 245 आदि सहित कई कमरों की मतपेटियां शामिल हैं, जिनमें मतों के अंतर में भारी विसंगति पाई गई। कांग्रेस के प्रत्याशी ने यह भी बताया कि उनकी हार का अंतर बेहद मामूली था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मतगणना प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी के कारण चुनाव के परिणाम प्रभावित हुए। ललित जोशी ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके चुनावी परिणाम को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर मतों में हेरफेर की गयी है। इस मामले में अदालत में अब तक तीन बार सुनवाई हो चुकी है। पहली तारीख 18 फरवरी, दूसरी तारीख 17 मार्च और तीसरी तारीख 1 अप्रैल को निर्धारित की गई थी। हालांकि, हैरान करने वाली बात यह है कि इन तीनों तारीखों पर संबंधित अधिकारियों ने अदालत में कोई जवाब नहीं दाखिल किया है। अधिकारी न्यायालय में दायर याचिका की कॉपी न मिलने का हवाला देकर मामले को लटकाने का प्रयास कर रहे हैं, जो अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल 2025 को निर्धारित की गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस तारीख पर शहरी विकास विभाग और संबंधित अधिकारी ललित जोशी की याचिका पर क्या जवाब पेश करते हैं और अदालत में आरोपों पर उनका पक्ष क्या होता है।

# ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर गढ़वाल कमिश्नर हाईकोर्ट तलब

## उच्च न्यायालय में मामले पर अगली सुनवाई पांच अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के ऋषिकेश में किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक कुमार मेहरा की खण्डपीठ ने कमिश्नर गढ़वाल से 5 अप्रैल शनिवार को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। कोर्ट ने उनसे यह भी बताने को कहा कि किस तरह से एमडीडीए अवैध निर्माण कार्यो को कम्पाउंड कर रहा है जबकि अवैध निर्माण कार्यो कम्पाउंड नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 5 अप्रैल शनिवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि देहरादून के ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे है। जिसपर कार्यवाही करते हुए मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने कार्यवाही करते हुए उन्हें शील कर दिया लेकिन कुछ समय बाद विकास प्राधिकरण के एई ने उक्त सीलिंग से प्रतिबंध हटाकर अवैध निर्माण को कम्पाउंड करते हुए मानचित्र स्वीकृत कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि अवैध निर्माणों पर रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। याचिका में आगे यह भी कहा गया है कि अवैध निर्माण का कार्य ऋषिकेश में ही नहीं देहरादून मंसूरी में भी चल रहा है लेकिन कमिश्नर गढ़वाल के रोक के बाद भी निचले स्तर के अधिकारी कमिश्नर के आदेश का अनदेखी करके अवैध निर्माण कार्यो को बढ़ावा देकर उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर अवैध निर्माण कार्यो को कम्पाउंड कर रहे हैं इसलिए इस अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

# पैरालॉन बॉल चैंपियनशिप में प्रीति गोस्वामी ने जीते कांस्य पदक




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** प्रीति गोस्वामी जो हाईकोर्ट में एक प्रैक्टिसिंग वकील हैं और लेफ्टिनेंट कर्नल जीजी गोस्वामी की बेटी हैं जो रानीखेत के पाखुरा गांव से हैं ने 27 तथा 28 मार्च 2025 को आयोजित प्रथम पैरालॉन बॉल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स श्रेणी में दो कांस्य पदक जीते। मिक्स्ड डबल्स में उन्होंने रुद्रपुर के शरद जोशी के साथ जोड़ी बनाई। यह चैम्पियनशिप दिल्ली के यमुनापार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी। इसका आयोजन पैरालॉन बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। सचिव फरोज खान ने इस कार्यक्रम के सफ ल आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह विधायक भाजपा थे। पूरे भारत से टीमें आई थीं और उत्तराखंड से 35 पैरा एथलीटों ने भाग लिया जिसमें उत्तराखंड ने लगभग 18 पदक जीते। हाल ही में 27 मार्च को प्रीति को उत्तराखंड के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति गुहनाथन नरेंद्र और उत्तराखंड बार काउंसिल के अन्य सम्मानित न्यायधीशों और सदस्यों द्वारा पैरालंपिक खेलों में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रीति एक राष्ट्रीय स्तर की पैरास्विमर भी हैं उन्होंने मोटर स्पोर्ट्स रैली जीती है और तुली रौतेली पुरस्कार तथा दक्श दिव्यांग पुरस्कार जैसे कई पुरस्कार भी जीते हैं।

## गर्मी ने दी दस्तक, प्याऊ बदहाल

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी दस्तक देने लगी है। यहां नगर पालिका क्षेत्र में लगे प्याऊ बदहाल हो गए हैं। इसमें लगे बिजली के कनेक्शन टूट गए हैं। साथ ही गंदगी का भी अंबार लगा हुआ है। लोगों ने पालिका से जल्द इन्हें ठीक करने की मांग की है। बता दें कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत गर्मी में प्यास बुझाने के लिए जगह जगह पर प्याऊ लगे हुए है। जिसमें से अधिकांश बदहाल की स्थिति में है। जिनमें गंदगी के साथ ही विद्युत कनेक्शन टूटे हुए है। हालाकि बिजली के तारों को बंदरों द्वारा अधिक नुकसान पहुंचाया गया है। वही दूसरी ओर कई प्लाऊ में टोटी टूटी हुई है। जिसमें नवरत पानी बहता रहता है। तो कई सूखे पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने पालिका से जल्द सभी की मरमत कर उनमें पेयजल भरने की मांग की है।

# धोखाधड़ी का आरोपी दबोचा

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक वारंटियों तथा वांछित अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी किये जाने हेतु सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में डाक्टर जगदीश चंद्रा पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात के दिशा निर्देशन में प्रमोद शाह क्षेत्राधिकारी नैनीताल के पर्यवेक्षण में रमेश बोहरा थानाध्यक्ष तल्लीताल के नेतृत्व में थाना हाजा पर पंजीकृत 16/2025 धारा 318(4) बनाम अज्ञात में लाल परमानंद दुर्गा प्रसाद साह धर्मशाला नैनीताल की फर्जी साइट बनकर ग्राहकों से ऑनलाइन कमरे बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त इंसाफ पुत्र शरीफ निवासी दौलतपुर थाना गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को राजस्थान उत्तर प्रदेश की सीमा से गिरफ्तार किया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कराकर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार नैनीताल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ रमेश सिंह बोहरा तथा उप निरीक्षक सतीश उपाध्याय समेत सुनील कुमार तथा अनूप सिंह व पुष्कर रौतेला शामिल थे। दूसरी ओर थाना तल्लीताल ने एक वारंटी युनुस पुत्र यूसुफ निवासी अल्लीखा बसफोड़ान थाना काशीपुर उम्र 60 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय नैनीताल के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ रमेश सिंह बोहरा समेत श्याम सिंह बोरा तथा धर्मेंद्र साहनी शामिल थे।


## खोया -पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंक तालिका / प्रमाण पत्र वर्ष 1996 अनुक्रमांक 1480046, इंटरमीडिएट का अनुक्रमांक 200740 जन्म तिथि 02/03/1982 वास्तव में खो गई। यदि किसी सज्जन को मिली है तो निम्न पते पर भेजने का कष्ट करें जी।

गणेश नौटियाल
पुत्र परसराम नौटियाल
होटल श्री विश्वनाथ पीपलमंडी
चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी
संपर्क सूत्र- 9411332260



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मन्दाकिनी (अगस्त्यमुनि)

पत्रांक : 3085 /लेखा0-01/अनटाइड फण्ड /2024-25 दिनांक 29, मार्च 2025

**निविदा सूचना संख्या – /2024-25**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अनटाइड फण्ड अन्तर्गत, जिलाधिकारी महोदय रूद्रप्रयाग की स्वीकृति के क्रम में निम्न कार्य हेतु विकास खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 11 अप्रैल 2025 को समय 03.00 अपरान्ह तक निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 11 अप्रैल 2025 को 12.00 बजे दिन तक विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा को विकास खण्ड की गठित समिति द्वारा दिनांक 11 अप्रैल 2025 को समय 04:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा। न्यूनतम दर पर निर्माण कार्य कराये जाने वाले ठेकेदार को अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

| क0 सं0 | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष | मद का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुलिया निर्माण कार्य नागजगई | 2024-25 | अनटाइड फण्ड | 15000.00 | 45 दिवस | 500+ GST |

निविदां से संबंधित शर्तो के संबंध में जानकारी किसी भी कार्य दिवस को विकास खण्ड कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

(प्रवीण भट्ट)
खण्ड विकास अधिकारी
अगस्त्यमुनि



## कार्यालय नगर निगम रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक : 09/स्वा0अनु0/निविदा सूचना/कैन्टीन/2025-26 दिनांक 02/04/2025

" निविदा सूचना "

नगर निगम रूडकी वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम रूडकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा अनुभवी कैन्टीन संचालकों से नगर निगम परिसर में एक कैन्टीन संचालन हेतु निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है :-

| कम सं0 | कार्य का नाम | निविदा जमा करने की तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा विकय की तिथि एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जलपान कैन्टीन संचालन | दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 05:00 बजे तक। | दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक। | नगर निगम रूडकी द्वारा कैन्टीन संचालन कार्य की निविदा प्रपत्रो का विकय दिनांक 15.04.2025 की शाम 05:00 बजे तक निगम कार्यालय के स्वास्थ्य/निर्वाचन अनुभाग से किया जायेगा। |

निविदा सूचना का विस्तृत विवरण तथा कार्य सम्बन्धित सूचना निगम वैबसाइट www.nagarnigamroorkee.org पर प्राप्त किये जा सकते है। आमन्त्रित निविदाओं को उपरोक्त विवरण के अनुसार नगर निगम रूडकी के समागार में निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा हेतु धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/बी0जी0/डी0डी0/सी0डी0आर0 जो नगर आयुक्त, नगर निगम रूडकी के नाम बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम रूडकी को होगा। सशर्त निविदा व अपूर्ण तथा ओवर राइटिंग को स्वीकार नही की जायेगी। शेष शर्ते एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम रूडकी के स्वास्थ्य/निर्वाचन अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी



## कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहारादून

पत्र सं०1766/स०ह०/2023-24 दिनांक 01.04.2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि भरत वर्मा पुत्र स्व० राकेश वर्मा निवासी वार्ड न० 1 रेलवे रोड डोईवाला द्वारा इस आशय का एक प्रार्थना पत्र मय रजिस्टर्ड दान पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के अभिलेखों में सम्पत्ति स 151/10 स्थित वार्ड सं० 1 जो की अल्का रानी वर्मा पत्नी स्व० राकेश कुमार वर्मा के नाम दर्ज चली आ रही है। प्रस्तुत रजिस्टर्ड दान पत्र में अल्का रानी वर्मा पत्नी स्व० राकेश कुमार वर्मा आदि का नाम दानदाता के रूप में अंकित है।
नगर पालिका अभिलेखो में अल्का रानी वर्मा पत्नी स्व० राकेश कुमार वर्मा के स्थान पर भरत वर्मा पुत्र स्व० राकेश वर्मा के नाम दर्ज होने पर जिस संस्था / व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ कार्यालय में ये सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यावाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद डोईवाला



## संबन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अनील पंवार कहने-सुनने में नहीं है। मैं उसे अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अनील पंवार के द्वारा किए किसी भी लेन-देन व कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

श्री प्रेम सिंह
पुत्र स्व. श्री हरि किशन पंवार
कॉन्टिनेंट कॉलोनी जोशियाडा
उत्तरकाशी।


## दुगनाकुरी के गांवों में जानवरों का आतंक

**बागेश्वर।** दुग नाकुरी तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जंगली जानवरों का आतंक जोरों पर है। ग्रामीण रात भर थाली, कनस्तर, बजाकर जानवरों को भगा रहे है। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से जंगली जानवरों का स्थाई समाधान करने की मांग की है। तहसील के ग्राम सभा जारती, पपोला, उडियार, रीमा, किरौली, सुरकाली गांव, करोली सहित अन्य गांव में जंगली सुअर व बंदरो का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में गेहूं, मसूर, सब्जी आदि की फसल तैयार हो रही है। लेकिन जंगली जानवर आकर नष्ट कर रहे है। वे जंगली जानवरों से बचते बचाते रात भर पहरा दे रहे है। उन्होंने वन विभाग से जंगली जानवरों के स्थाई समाधान के लिए अपील की है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा

Phone & Fax No:-01382-251221
E&mail id:- eepwddugadda@rediffmail.com eepwdcddugadda@gmail.com

पत्रांक 969/18 ए०सी० दिनांक 28/03/2025

**निविदा सूचना (e-Tendering)**

माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० दुगड्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य ई-टैन्डरिंग द्वारा आइटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 04.04.2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह मे) | निविदा की वैधता (दिन में) | फर्म/ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर में नीलकण्ठ लिंक मोटर मार्ग के शोल्डर पर इण्टरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 1,80,000.00 | 4000.00 + जी०एस०टी० | 03 | 60 | मार्ग कार्य में श्रेणी सी० एवं उच्चतर। |

नोट:- निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार डिमांड बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग दुगड्डा के नाम बन्धक हो। निविदा मूल्य व 18% GST हेतु दो बैंक ड्राफ्ट अलग -अलग दिये जायें।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि जो कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो०नि०वि०, दुगड्डा के नाम बन्धक हो।
4. जी०एस०टी० की प्रति।
5. पंजीकरण की प्रति।

अधिशासी अभियन्ता



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
## उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कुटुम्ब विहार, ग्रा0 व पो0 सिनौला, मसूरी, देहरादून-248003
फोन नं. : 0135-2736032 e-mail: jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक-721/135/20 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक:- 01.04.2025

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न तालिकाबद्ध कार्यो के लिये सम्मुख अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 11.04.2025 को अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय मे आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 4:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रु0 में) | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेरकी पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 8000.00 | 01 माह | 500.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 2 | मालदेवता पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 13000.00 | 01 माह | 1000.00 GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 3 | खैरीमानसिंह पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 8000.00 | 01 माह | 500.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 4 | सेरा-सिलकोटी पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 9000.00 | 01 माह | 500.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 5 | द्रोण द्वारा पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 13000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 6 | अखण्डवाली भिलांग पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 13000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 7 | सौडा द्वारा पे0यो0 में क्षतिग्रस्त श्रोत, पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 13000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 8 | बौठा पे0यो0 में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 7000.00 | 01 माह | 500.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 9 | सेरा-सिलकोटी पे0यो0 के अन्तर्गत भौक्याली डांडा तोक में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 9000.00 | 01 माह | 500.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 10 | सरौना बौठा पे0यो0 के अन्तर्गत नया गांव तोक में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 11000.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 11 | सौडा द्वारा पे0यो0 के अन्तर्गत छिछाड़ुखाला एवं तुलसीखाला में क्षतिग्रस्त श्रोत, पाईप लाईन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 12500.00 | 01 माह | 1000.00 + GST@18% | 09.04.2025 | "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |

अधिशासी अभियन्ता


## बॉब के नए एमडी बने सुशील कुमार

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक के प्रायोजक बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से सुशील कुमार को नैनीताल बैंक का अगला प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। नैनीताल बैंक के मानव संसाधन व मार्केटिंग के हेड हेमंत कुमार खुल्बे ने बताया कि आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद वह औपचारिक रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। बैंक के वर्तमान एमडी निखिल मोहन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह पद सुशील कुमार को सौंपा ।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# केकेआर और हैदराबाद की नजर जीत पर

**केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिंता का विषय है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है**




**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें जीत के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेंगी। इस सीजन केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिता का विषय रही है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है। क्विटन डी कॉक एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि सुनील नरेन अभी भी सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह और आंद्रे रसेल प्रभावशाली पारी खेलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की हालिया हार, जहां वे सिर्फ 116 रन पर ढेर हो गए, ने उनकी कमजोरियों को और उजागर कर दिया है। दूसरी ओर, एसआरएच के पास एक शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो कुछ ही ओवरों में खेल को अपने कब्जे में ले सकती है। हालांकि, पिछले दो मैचों में उनके आक्रामक रवैये ने उलटा असर दिखाया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की भूमिका इस मैच में महत्वपूर्ण होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने मध्य और निचले क्रम में तेजी लाने की अपनी क्षमता दिखा चुके है। एसआरएच आईपीएल 2024 के फाइनल में केकेआर से अपनी दिल तोड़ने वाली हार के बाद हिसाब चुकता करने के लिए उत्सुक होगा। उस हार की याद पैट कमिस की टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगी, जो शुरू से ही मैच पर हावी होने की कोशिश करेगी। अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं के बावजूद, केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण एक मजबूत पक्ष बना हुआ है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। ईडन गार्डन्स में नरेन का रिकॉर्ड 6-33 की इकॉनमी से 60 मैचों में 71 विकेट उन्हें एक दुर्जेय खतरा बनाता है। स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने भी विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है

**हैदराबाद के पास शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो खेल को अपने कब्जे में ले सकती है**

जबकि एसआरएच की बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है, उनके गेंदबाजी आक्रमण में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है। मोहम्मद शमी और पैट कमिस को केकेआर के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोकने के लिए जल्दी ही अपनी लय हासिल करनी होगी। पिछले मैच में प्रभावित करने वाले युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ईडन गार्डन्स की पिच पर अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। हर्शल पटेल एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने डेथ ओवरों में अपनी विविधता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। ईडन गार्डन्स में पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों को तरजीह मिलती है, जहां पहली पारी में औसत स्कोर 167 रन रहा है। हालांकि, हाल के उच्च स्कोर वाले मैचों से पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को 190-200 के बीच स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। छोटी बाउंड्री पावर हिटर्स के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं। बारिश की रुकावट के बिना मौसम गर्म रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमें जीत के लिए बेताब हैं, इसलिए मुकाबला काफ़ी करीबी होने की उम्मीद है। अगर केकेआर हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन को जल्दी रोक लेता है, तो उनके पास वापसी करने का एक अच्छा मौका है।

हालांकि, अगर एसआरएच की बल्लेबाज़ी लय में आ जाती है, तो वे जीत सकते हैं। एसआरएच का संभावित एकादश: ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेढी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिस (कप्तान), जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी इम्पैक्ट प्लेयर: एडम ज़म्पा/वियान मुल्डर **केकेआर का संभावित एकादश:** क्विटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती इम्पैक्ट प्लेयर: अंगकृष रघुवंशी।

# डफी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर




**दुबई, वार्ता।** वेलिगटन में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच में अपनी टीम की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। डफी ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन को शीर्ष स्थान से हटाकर यह मुकाम हासिल किया। डफी ने पिछले सप्ताह सात पायदान की छलांग लगाई थी और एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए थे और इस सप्ताह उन्होंने होसेन के अलावा वानिदु हसरंगा, आदिल राशिद और वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़ दिया।

उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसन नवाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ का विकेट शामिल है। बेन सीयर्स भी गेंदबाजों की सूची में 21 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों पर छह चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की पारी खेलकर बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग हासिल की है। उनके सलामी जोड़ीदार फिन एलन एक पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर सूफियान मुकीम 25 पायदान की छलांग लगाकर 86वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिंग में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नेपियर में खेला गया पहला वनडे भी शामिल है, जिसे घरेलू टीम ने 73 रन से जीता था। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 132 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिससे वह 24 पायदान की छलांग लगाकर 78वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा 58 रन की पारी के बाद छह पायदान की छलांग लगाकर 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ 38 रन देकर दो विकेट चटकाने के बाद नौ पायदान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नसीम शाह एक पायदान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश पर जुर्माना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर मंगलवार रात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। दिग्वेश सिंह ने अनुच्छेद 2-5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। इस बीच पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। उन्होंने 172 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16-2 ओवर में हासिल कर लिया। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने तेज अर्धशतक जड़कर 22 गेंद शेष रहते आसान जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ, पंजाब किंग्स ने लीग में अपना अपराजेय क्रम जारी रखा और सीजन की शुरुआत में खुद को मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया।

### ब्रिटेन की जोन्स कोलंबिया में कोर्ट पर गिर कर चोटिल

**बोगोटा, वार्ता।** ब्रिटेन की खिलाड़ी फ्रैन जोन्स को कोलंबिया में मैच के दौरान गिर गई जिसके बाद व्हीलचेयर पर उन्हे कोर्ट से बाहर निकाला गया। 24 वर्षीय खिलाड़ी बोगोटा में निर्णायक तीसरे सेट के नौवें गेम में सर्विस करने का प्रयास कर रही थीं, तभी वह फर्श पर गिर गईं। ब्रिटिश नंबर पांच खिलाड़ी जोन्स कोलसैनिटास कप के पहले दौर के मैच को पूरा नहीं कर पाईं। कोलसैनिटास कप के बयान में कहा गया कि शारीरिक समस्या के कारण फ्रांसेस्का जोन्स ने जूलिया रीरा के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया है। हम ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस बीच, हीथर वॉटसन पहले दौर में इरीना श्यामनोविच से सीधे सेटों में हारने के बाद चार्ल्सटन ओपन से बाहर हो गई हैं। ब्रिटिश नंबर सात को बेलारूसी विश्व नंबर 215 ने 7-6 (10-8) 6-4 से हराया।

### धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** किस्तान पर नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम निर्धारित समय सीमा में दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाये जाने पर यह जुर्माना लगाया है। आईसीसी मीडिया बयान में कहा गया कि रिजवान ने अपराध और जुर्माना स्वीकार कर लिया है इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए की 40 संभावितों की घोषणा




**मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने यहां साई में चल रहे सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिग शिविर के लिए बुधवार को 40 सदस्यीय कोर समूह की घोषणा की। 23 मार्च को शुरू हुए इस शिविर में शुरू में 65 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। पिछले दो सप्ताह के उनके प्रदर्शन के आधार पर अब समूह को घटाकर 40 खिलाड़ी कर दिया गया है।

मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है, वहीं 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन और शुरुआती राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उनके प्रयासों के आधार पर कोर समूह के बाहर से 12 नए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। गोलकीपिग विभाग में सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो जैसे चार जाने-पहचाने नाम हैं, जिन्होंने कोर समूह में अपना स्थान बरकरार रखा है। उनके साथ असम हॉकी की समीक्षा सक्सेना भी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। डिफेंस में, मौजूदा कोर ग्रुप के आठ खिलाड़ियों महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरामबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति और अक्षता अबासो ढेकाले को बरकरार रखा गया है। इस बीच, हॉकी बंगाल से अंजना डुंगडुंग और मणिपुर हॉकी से सुमन देवी थौदाम को टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्ड इकाई में वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और बलजीत कौर जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चार नए खिलाड़ियों- हॉकी बंगाल से सुजाता कुजूर, हॉकी झारखंड से महिमा टेटे और अलबेला रानी टोप्पो और यूपी हॉकी से पूजा यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शिविर में अपनी जगह बनाई है। फॉरवर्ड में टीम ने दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान को बरकरार रखा है, जिन्होंने लगातार दमदार प्रदर्शन किया है। उनके साथ पांच नई आक्रामक प्रतिभाएं ओडिशा से दीपिका टोप्पो, हॉकी मध्य प्रदेश से ऋतिका सिंह, हॉकी कर्नाटक से अन्नू और चंदना जगदीश और हॉकी महाराष्ट्र से काजल सदाशिव अटपडकर शामिल है।

# बेंगलुरु ने गुजरात को 170 रन का टारगेट दिया

**लियम लिविंगस्टन 54 रन बनाकर आउट सिराज को 3 विकेट मिले**




**बेंगलुरु, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने आईपीएल 2025 के 14वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 170 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन (54 रनद्ध ने अर्धशतकीय पारी खेली। जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। साई किशोर को 2 विकेट मिला। अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशांत शर्मा ने एक-एक विकेट झटके। पारी की आखिरी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड (32 रन) को बोल्ड कर दिया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 169 रन बनाए। 19वें ओवर में बेंगलुरु ने 7वां विकेट गंवाया। यहां लियम लिविंगस्टन (54 रन) को मोहम्मद सिराज ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। 18वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने राशिद खान के ओवर में 3 छक्के मारे। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने छठा विकेट गंवाया। यहां क्रुणाल पंड्या (5 रन) को साई किशोर ने काट एंड बोल्ड किया। 14वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। राशिद खान के ओवर की दूसरी बाल पर जोस बटलर स्टंपिंग करने से चूक गए। यहां लिविंगस्टन 21 रन पर खेल रहे थे। इस ओवर की आखिरी बाल पर क्रणाल पंड्या ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। साई किशोर ने जितेश शर्मा को लान्ग आन पोजिशन पर कैच कराया।

जितेश ने 33 रन बनाए। 13वें ओवर में जितेश शर्मा और लियम लिविंगस्टन ने पांचवें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। ओवर की पहली गेंद पर लिविंगस्टन ने सिंगल लिया और 50 रन की साझेदारी पूरी की। बेंगलुरु का चौथा विकेट 42 रन के स्कोर पर गिरा था। 11वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। साई किशोर के ओवर की चौथी बाल पर लिविंगस्टन ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला। लान्ग आन पर खड़े राहुल तेवतिया के पास बाल गई, लेकिन उन्होंने आसान-सा कैच छोड़ दिया।

# पंजाब किंग्स ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया

**अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, प्रभसिमरन ने 69 व अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए**




**लखनऊ, वार्ता।** अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) के बाद प्रभसिमरन सिंह (69), कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 52) और नेहाल वढेरा (नाबाद 43) रनों की आतिशी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। पंजाब किंग्स की यह लगातार दूसरी जीत है और वह अंक तालिका में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तार श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 11वें ओवर में दिग्वेश राठी ने प्रभसिमरन को आउटकर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। पंजाब किंग्स ने 16-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। श्रेयस अय्यर ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 52) रन बनाए। वहीं नेहाल वढेरा ने 25 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 43) रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए। इससे पहले निकोलस पूरन (44) और आयुष बडोनी (41) के जानदार पारियों के बाद अब्दुल समद के फर्राटा प्रदर्शन की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का बल्ला आज भी नहीं चला। एडम मार्करम (32) के बाद क्रीज पर आये कप्तान पंत का इस्तकबाल लखनऊ के दर्शकों ने खड़े होकर और शोर मचा कर किया मगर पंत आज भी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र दो रन के निजी स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इससे पहले भी मौजूदा सत्र के दो मैचों में पंत सस्ते में आउट हुए थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की शुरुआत फीकी रही। पहले पॉवर प्ले में मेजबान टीम के तीन अहम विकेट मिचेल मार्श (0), एडन मार्करम (32) और ऋषभ पंत (2) मात्र 35 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन की राह पकड़ चुके थे। ऐसे कठिन समय में निकोलस पूरन और बडोनी ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए पिच पर टिके रहने की रणनीति अपनाई।

# उम्मीद नहीं थी अंतिम एकादश का बनूंगा हिस्सा: नेहल वढेरा




**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब किंग्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले नेहल वढेरा को मंगलवार को मैच से पहले उम्मीद नहीं थी कि वह अंतिम एकादश में अपनी जगह बना पाएंगे। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से शानदार जीत के साथ टाटा आईपीएल 2025 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। एलएसजी को 171/7 के कुल स्कोर पर रोककर, पीबीकेएस ने केवल 16-2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। लगातार दूसरी जीत ने उन्हें अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 25 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले नेहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिस तरह से प्रभसिमरन और अय्यर बल्लेबाजी कर रहे थे, वह जबरदस्त था। वे एक ही प्रवाह के साथ आगे बढ़े और गेंद लगातार कनेक्ट होती रही और बाद में, जब मैं आया, तो मेरे मन में एक स्पष्ट विचार था कि अगर गेंद मेरी रेंज में है, तो मैं 100 प्रतिशत खेलूंगा। और अगर गेंद मेरी रेंज में नहीं है, तो मैं बस एक या दो रन लूंगा।

# कोवेंट्री का आईओसी अध्यक्ष चुना जाना सराहनीय: वोस

**लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) के अध्यक्ष इंगमार डी वोस ने मंगलवार को क्रिस्टी कोवेंट्री के नए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष के रूप में चुनाव की सराहना करते हुए इसे दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया।

दो दिवसीय एफईआई फ़ोरम के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी वोस ने कहा कि पहले दौर में चुनाव जीतने के लिए क्रिस्टी कोवेंट्री को बधाई, जो मुझे लगता है कि यह बाहरी दुनिया को एक बहुत ही स्पष्ट संदेश देता है कि आईओसी में एक तरह की आम सहमति है। जिम्बाब्वे की ओलंपियन कोवेंट्री 20 मार्च को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में अपने चुनाव के बाद आईओसी की पहली महिला अफ्रीकी अध्यक्ष बनीं। डी वोस ने कहा कि उन्होंने मतदान से पहले कोवेंट्री के साथ व्यापक चर्चा की। हमने नए अध्यक्ष के लिए हमारी प्राथमिकताओं के बारे में बात की। वह मूल रूप से इस बात पर सहमत थीं कि ध्यान फिर से खेल पर आना चाहिए। आईओसी का मुख्य पेशा ओलंपिक खेलों का आयोजन करना है और हमारा मानना है कि लोगों को इस दिशा में और अधिक आगे बढ़ना चाहिए। 2025 एफईआर फ़ोरम ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए योग्यता प्रणाली, जंपिग, इवेंटिंग, ड्राइविग और पैरा-ड्राइविग के लिए नियम अपडेट और एक रणनीतिक ड्रेसेज एक्शन प्लान सहित प्रमुख विषयों को संबोधित किया। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक और पैरालिपिक टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए योग्यता अवधि जर्मनी के आचेन में 2026 एफईआर विश्व चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगी। एफईआई महासचिव सबरीना इबानेज़ ने कहा कि हमने इस बारे में अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों के साथ स्पष्ट परामर्श किया है, और फिर हम इस वर्ष योग्यता के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और अगले वर्ष नियमों के लिए हमारे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों द्वारा हमारी आम सभा 2026 में में अनुमोदन किया जाएगा। 2026 तक एफईआई अध्यक्ष के रूप में अपना तीसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा कर रहे डी वोस ने संगठन की स्थिरता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 61 वर्षीय बेल्जियम निवासी ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात एफईआई को अच्छे हाथों में छोड़ना है।

# रॉब वाल्टर ने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वाल्टर ने आज सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटियाज को कोचिग देना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है और हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे बेहद गर्व है। खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट समुदाय इस पूरी यात्रा में शानदार रहे हैं। हालांकि अब मेरे लिए पद छोड़ने का समय आ गया है, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम आगे बढ़ती रहेगी और और भी ऊंचाइयों को छुएगी। वाल्टर के कार्यकाल के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था। दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरान लगातार आठ मैच जीत थे।

# रोनाल्डो ने गार्डियोला के लिए किया आग्रह

**रोनाल्डो ने राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है**




**कियारियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।

उधर, गार्डियोला ने बार-बार खुद को सेलेकाओ से जोड़ने की अटकलों का खंडन किया है। उन्होने पिछले साल नवंबर में दो साल के लिए मैनचेस्टर सिटी से जुड़ने के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि रोनाल्डो ने सीबीएफ से 54 वर्षीय गार्डियालो को न छोड़ने का आह्वान किया, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान प्रबंधकों में से एक माना जाता है। रोनाल्डो ने ब्राजील के बैंड टीवी से कहा कि मैं कोशिश करूंगा, लेकिन यह वास्तव में सीबीएफ की तुलना में बहुत तेजी से किया जाना चाहिए। मैं गार्डियोला, जॉर्ज जीसस और एबेल फेरेरा को लक्ष्य बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्रेमियो के पूर्व प्रबंधक रेनाटो गौचो के नाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि यदि उनमें से कोई भी काम नहीं करता है, तो मेरे पास रेनाटो गौचो को लाने की योजना होगी, जो मुझे लगता है कि विश्व कप तक एक तत्काल समाधान प्रदान कर सकता है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो बहुत आसानी से टीम के विश्वास को जीत सकते हैं और मौजूदा स्थिति को बदल सकते हैं। ब्राजील पिछले शुक्रवार से प्रबंधक के बिना है, जब विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना से टीम की 4-1 की हार के बाद डोरिवल जूनियर को बर्खास्त कर दिया गया था। पांच बार के विश्व कप विजेता वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र क्वालीफाइंग स्टैंडिग में चौथे स्थान पर हैं।

CMYK



## रुड़की सिविल हॉस्पिटल के प्रबंधन की लापरवाही आई सामने
# मरीज को बिना स्ट्रेचर के लिए इधर-उधर भटकते रहे तीमारदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के सबसे बड़े सिविल हॉस्पिटल के प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। तीमारदार अपने मरीज को बिना स्ट्रेचर के लिए इध-उधर भटकते रहे।

मिली जानकारी के अनुसार रुड़की का सबसे बड़ा सिविल हॉस्पिटल किसी ना किसी मामले को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहता है इस बार स्ट्रेचर ना मिलने पर एक मरीज को उसके परिजन हाथों में लटकाए हुए हॉस्पिटल में इधर उधर भटकते रहे ।काफी देर बाद उन्होंने मरीज को एमरजेंसी में भर्ती कराया। यह मामला अस्पताल में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल मंगलवार की दोपहर को दौरा पड़ने पर एक युवक को सिविल हॉस्पिटल में लाया गया था स्ट्रेचर ना मिलने पर परिजनों ने उसे स्वयं ही परिजन लेकर एमरजेंसी में पहुंचे जहां उसे भर्ती कराया गया। फिलहाल युवक का उपचार सिविल हॉस्पिटल में चल रहा है। वहीं सबसे बड़े हॉस्पिटल में स्ट्रेचर ना मिलने पर मरीज के परिजनों में बेहद गुस्सा था।इस दौरान प्रमुख समाजसेवी कृष्ण गोपाल ने कहा कि सिविल हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं बेहद खराब हैं अस्पताल प्रबंधन मरीजों को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश सरकार को स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर करने की आवश्यकता है।

## रेलवे स्टेशन को कई कॉलोनियों से जोड़ने वाला पुल बनकर तैयार
# विधायक प्रदीप बतरा ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पीरबाबा कॉलोनी को रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल का विधायक प्रदीप बत्रा ने निरीक्षण किया। वहीं पुल के रास्ते को स्टेशन से जोड़ने के लिए रेल विभाग से पत्राचार किए जाने की बात विधायक ने कही।

रुड़की में विधायक प्रदीप बत्रा के प्रस्ताव पर पीरबाबा कॉलोनी से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले पैदल पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया। पुल लगभग बनकर तैयार है बस अब एप्रोच रोड जोड़े जाने हैं जिसको लेकर विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। उन्होंने देखा कि पुल के रास्ते को स्टेशन तक पहुंचाने की क्या व्यवस्था बनाई जाए। वहीं मौके पर पहुंचे भागीरथ कुंज,पुष्पांजलि विहार एवं अन्य कॉलोनी के लोगों ने पुल को उनकी कॉलोनी से जोड़ने पर अपना विरोध जताया। वहीं



विधायक ने बताया कि पुल को स्टेशन तक जोड़ने के लिए रेलवे कॉलोनी के रास्ते का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसके लिए रेल विभाग से पत्राचार किया गया है जल्द ही पुल को स्टेशन से जोड़ दिया जाएगा।

# मांगे नहीं मानने पर कर्मचारियों का तहसील में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र की जेके टायर कंपनी में कर्मचारियों की मांगे नहीं मानने पर कर्मचारियों के द्वारा लक्सर तहसील में पहुंचकर हंगामा कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमारी बातें नियम अनुसार नहीं मानी गई तो हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। भारतीय किसान यूनियन पटेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कीरत सिंह का भी अपने साथियों सहित समर्थन किया जा रहा है।



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कीरत सिंह ने कहा की जो तीन कर्मचारी टर्मिनेट किए गए हैं उनको पहले अंदर लिया जाए उसके बाद ही वार्ता होगी। उन्होंने कहा अब आर पार की लड़ाई होगी चाहे तो रेलवे ट्रेक पर जाना पड़े चाहे जेके टायर कंपनी के गेट पर जाना पड़े हम किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। वीरेंद्र सिंह चौधरी मीरगपुर ने कहा कि 7 तारीख को जितने भी जोर हो वह लगा ले हम पीछे नहीं हटेंगे और फैक्ट्री को जेके टायर के अधिकारी नहीं चलाएंगे। बाल कि वहां काम करने वाले कर्मचारी कंपनी को चलाने का काम करेंगे। कांग्रेस नेता चौधरी सतबीर सिंह ने कहा कि श्रम मंत्रालय मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद भी कोई कर्मचारियों की शुद्ध नहीं ले रहा है। अब हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा पहले जो तीन कर्मचारी टर्मिनेंट किए गए हैं उनको कंपनी वापस ले उसके बाद ही वार्ता होगी। उन्होंने यह भी कहा हमने पहले भी कई बड़े आंदोलन किये जिसमें सफलता हाथ लगी जेके टायर फैक्ट्री कर्मचारी सुधीर चौधरी ने कहा सबसे पहले तो जो तीन व्यक्तियों को टर्मिनेट किया गया है उनको वापस लिया जाए उसके बाद बात की जाएगी। उन्होंने कहा 7 तारीख को लोग पूरे क्षेत्र से ट्रैक्टर ट्राली से भी धरना स्थल पर पहुंचने का काम करेंगे तहसील में धरना स्थल पर हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक वारंटी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** न्यायालय के आदेशानुसार 01 वारंटी को कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शतप्रतिशत तामील करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल नितिन के रवाना शुदा थाना क्षेत्र में देखरेख शांति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध / व्यक्ति छठॅ तामील में रवाना थे। दिनांक 01/04/25 को अभियुक्त शुभम अग्रवाल पुत्र सतीश अग्रवाल निवासी मकान नंबर 315 कमला नगर फेस 2 थाना धाराधार जिला आगरा उत्तर प्रदेश हाल निवासी मकान नंबर 317 पीली मंडी करोल बाग नई दिल्ली उम्र 32 वर्ष को न्यायालय परिसर रोशनाबाद जनपद से बाद बताकर कारण गिरफ्तारी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार आदि शामिल रहे।

# एससी एचटी श्रमिक संघ को दिया दो संगठनों ने समर्थन

**रुड़की।** रुड़की रोडवेज में एजीएम द्वारा एक परिचालक को निलंबित किए जाने के विरोध में चल रहे आंदोलन को रोडवेज के दो संगठनों ने मंगलवार को समर्थन दिया है। इन्हीं संगठन के साथ अब श्रमिक संघ ने आंदोलन उग्र करने की चेतावनी दी है। रुड़की रोडवेज में एजीएम केके मल्होत्रा की ओर से एक परिचालक हरि निवास को निलंबित किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में एससीएसटी श्रमिक संघ ने आगामी आठ अप्रैल को कार्यबहिष्कार कर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी गई है। इसी क्रम में एससीएसटी श्रमिक संघ ने रोडवेज में बैठक कर मामले में अन्य संगठन से समर्थन मांगा है।

# भयानक सड़क हादसा : बस बेकाबू होकर क्लीनिक में घुसी, मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार-रुड़की हाईवे पर दौड़ रही बस के चालक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिससे निजी बस अनियंत्रित होकर एक क्लीनिक में जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार कुछ यात्री घायल हो गए, वहीं, बस चालक की समझदारी से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गनीमत रही कि अन्य कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं, घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रुड़की बस स्टैंड से हरिद्वार की तरफ जाने वाले हाईवे पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जहां पर एक निजी बस सड़क पर चलने के बजाय साइड में बने क्लीनिक में घुस गई। बताया जा रहा है कि बस रुड़की से हरिद्वार की तरफ जा रही थी. जैसे ही बस हरिद्वार हाईवे पर मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज के पास पहुंची, वैसे ही अचानक से चालक की तबीयत बिगड़ने लगी. हालांकि, चालक ने हिम्मत और हौसला दिखाते हुए बस को कंट्रोल करने का प्रयास किया, लेकिन बस एक डेंटल क्लीनिक में जा घुसी।

**अनेक यात्रियों को आई चोट:** वहीं, हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में बस में सवार कई यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। उधर, हादसा होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया. गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

मैं क्लीनिक के अंदर बैठा हुआ था। तभी अचानक एक तेज आवाज सुनाई दी। जब मैंने बाहर निकल कर देखा तो मेरी क्लीनिक के बाहरी हिस्से में बस घुसी हुई थी। यह हादसा बस चालक को चक्कर आने की वजह से हुआ-संदीप सिंह, क्लीनिक डॉक्टर

**लगातार सामने आ रहे सड़क हादसे:** बता दें कि उत्तराखंड में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं. जिसमें असमय ही लोग जान गंवा रहे हैं. बीती रोज भी उत्तरकाशी के मोरी के नैटवाड़ क्षेत्र में बोलेरो पलट गई थी। इस हादसे में एक बच्चे समेत दो लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले भी हरिद्वार में लोहाघाट जा रही रोडवेज बस पलट गई थी। राहत की बात ये थी कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# पुलिस ने एक खाईबाड़ को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में कोतवाली गंगनहर द्वारा टीम बनाकर सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले अभियुक्तो के विरूद्ध अभियान चलाकर छापेमारी की कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त इनाम पुत्र मुस्तफा निवासी रामपुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए मय सट्टा डायरी, पैन और नगद धनराशि के साथ सुनहरा रुड़की स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर में मुकदमा अपराध संख्या 122 /25 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त-इनाम को पकडने वाली पुलिस टीम-कांस्टेबल रणवीर, कांस्टेबल राहुल आदि शामिल रहे।

# ईद के बाद कलियर दरगाह पर उमड़ी जायरीनो की भीड़, लगा लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ईद के बाद कलियर में उमड़ी भीड़ के कारण पीपल चोक पर बड़े वहानो के आने से सड़क पर जाम लग गया।मोके पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से कड़ी मशक्त के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू करवाया।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर में ईद के बाद दरगाह में जियारत के लिए भारी संख्या में जायरीन कलियर पहुंचते हैं। जिस कारण भीड़ होने से पीपल चोक पर मिट्टी के डंपर और बड़े वहानो के आने से पीपल चोक पर जाम लग गया। जिस कारण जायरीनों और आसपास के लोग जाम में फंसे रहे। जाम के कारण लोगो को दूसरे रास्तो से से गुजरना पड़ा। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू कराया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।



थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया बड़े वहानो के आने जाने से जाम की स्थिति बन गई थी। जिसे खुलवाकर वहानो को चालू कराया।नए पुल के सामने सड़क पर खड़े ई रिक्सा चालको को भी वहां से हटाया गया हैं। ताकि सड़क पर जाम न लग सकें।

# बाइक डंपर से टकराई एक युवक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** सोहलपुर मार्ग पर बेडपुर चोक के पास एक बाईक सवार युवक की बाईक मिट्टी से भरे डम्पर में पीछे टकरा गई। जिससे युवक गम्भीर घायल हो गया।घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सोहलपुर की ओर से एक मिट्टी से भरा डंपर आ रहा था। इसी बीच उसके पीछे सोहलपुर निवासी युवक अरविंद अपनी बाईक से सवार होकर कंपनी जा रहा था।जैसे डंपर बेडपुर चोक के पास पहुंचा तो उसने ब्रेकर पर अचानक ब्रेक लगाय तो युवक की पीछे से बाईक टकरा गई। जिसमें युवक गम्भीर घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया हैं ।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि डंपर को कब्जे में लिया गया हैं।तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो युवक दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर शतरक दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें 2 अप्रैल 2024 को लक्सर क्षेत्र के दाबकी महेश्वरी गांव में दो व्यक्ति सड़क पर सरे आम उत्पादन मचाकर शांति व्यवस्था प्रभावित कर रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने तुरंत ही पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया। वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला कांस्टेबल प्रकाश चंद अक्षय तोमर शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# रुड़की में गंगा आरती को लेकर बनेगी समिति

**रुड़की।** हरिद्वार और ऋषिकेश की तर्ज पर रुड़की में भी लक्ष्मीघाट पर अब रोजाना सायंकालीन गंगा आरती शुरू हो गई है। नगर निगम की ओर से इस पहल की शुरुआत की गई है। अब नगर निगम लोगों को जागरूक करने में जुटा है कि अगर किसी का जन्मदिन, शादी की सालगिरह है या अन्य किसी तरह का विशेष आयोजन है तो वह गंगा आरती भी करवा सकता है। इसके लिए उसे कुछ राशि देनी होगी। मुख्य नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि एक समिति भी गठित की जाएगी, जिसमें सर्वसमाज के लोगों को शामिल किया जाएगा। यह समिति ही गंगा आरती का संचालन करेगी।

# रुड़की में मानवता हुई शर्मसार नाले में मिला नवजात का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** हरिद्वार जिले के रुड़की में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक नवजात शिशु का शव गंदे नाले में पड़ा हुआ मिला। नवजात का शव मिलने से मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से नवजात शिशु के शव को बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस नवजात शिशु के माता-पिता की तलाश करने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के मक्खनपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक गंदे नाले में नवजात शिशु का शव कीचड़ में सना हुआ पड़ा मिल। वहीं आसपास इलाके में नवजात शिशु का शव होने की खबर आग की तरह फैल गई। जिससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं भीड़ में शामिल किसी शख्स ने शव पड़ा होने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने लोगों की मदद से नवजात शिशु के शव को नाले से बाहर निकाला और शव कब्जे में लेकर रुड़की के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है कि शव मासूम बच्ची का है, जिसको लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिरकार नवजात बच्ची के मां बाप कौन हैं, क्या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा ऐसा ही दम तोड़ता रहेगा, या फिर इस तरह की शर्मनाक घटनाओं पर अंकुश लग पाएगा. बहरहाल फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

वहीं सिविल अस्पताल के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. भानु प्रताप शाक्य ने बताया कि 108 एंबुलेंस से भगवानपुर से एक नवजात शिशु के शव को लेकर अस्पताल पहुंची. जिसके माता पिता के नाम का भी कोई अता पता नहीं है, उन्होंने बताया कि नवजात का शव कीचड़ में सना हुआ है। शव किसी बच्ची का है, जिसके शरीर पर किसी तरह के कोई निशान भी नजर नहीं आ रहे हैं। फिलहाल नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बाद ही नवजात की मौत का पता चल सकेगा।

# बेटी समेत महिला को सकुशल बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बिना बताये घर से कहीं चली गई युवती को गंगनहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के पास से एक महिला तथा उसकी बेटी को सकुशल बरामद किया।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि इब्राहिमपुर देह निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी तथा पत्नी की मंगलवार सुबह ही गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि असमीना अपनी पुत्री के साथ सोमवार को बिना बताये घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को सकुशल बरामद कर लिया है।

**गोरखपुर से नाबालिग को पुलिस ने बरामद किया**-चार दिन पहले घर से बिना बताए 13 वर्षीय एक नाबालिग कहीं चली गई थी। गंगनहर कोतवाली में परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम पुलिस ने नाबालिग को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के आवास विकास थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# दरगाह क्षेत्र में घूमने वाले असामाजिक तत्वों की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र में घूमने वाले कुछ असामाजिक तत्व व अवैध रूप से रह रही महिलाओं युवतियों के खिलाफ स्थानिय लोगों और दुकानदारों ने थाना प्रभारी और दरगाह प्रबंधक को एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

पिरान कलियर के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी रविंद्र कुमार और दरगाह प्रबंधक रजिया को पत्र देकर कहा कि दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से रह रही महिलाएं और गुट बनाकर घूमने वाले युवकों के कारण दरगाह शरीफ की गरिमा भंग हो रही हैं। कुछ असामाजिक तत्व रोजाना गुट बनाकर दरगाह क्षेत्र में घूमते हुए आती जाती महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। जबकि दरगाह क्षेत्र और रेन बसेरों में कुछ आवारा युवतियां और महिलायें रहती हैं। आवारा घूमती ये महिलाएं गुट बनाकर माहौल खराब करते हैं। इन हुड़दंगियों ओर भींख मांगने वाले नाबालिग बच्चों से दरगाह का माहौल खराब हो रहा हैं।असामाजिक तत्वों के हौंसला इतने बुलंद हैं कि वह खुल्लम खुल्ला हुड़दंग और आवारागर्दी करते हैं। और यहां आने वाले जायरीन को भारी परेशानी उठा रहे हैं। इन समस्याओं निजात दिलाने के लिए उन्होंने कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार और दरगाह प्रबंधक रजिया के कहना है कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर सभासद राशिद अली, मोईन साबरी शहजाद अली लियाकत, भूरा गोल्डन, अब्दुल रहमान, गुलजार , मुराद अली नईम राणा गुल्फरीद त्यागी आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच हुए विवाद में सुलह करवाने पहुंचे ग्राम प्रधान पर हमला, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** शादी के दौरान हुए झगड़े में फैसले के लिए पहुंचे ग्राम प्रधान पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों के खिलाफ शान्ति भंग की धारा में कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

बीते रोज थाना पिरान कलियर को रूडकी कन्ट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि तेल्लीवाला प्रधान पर गांव के कुछ लोगो द्वारा हमला कर दिया है व झगडा हो रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर जानकारी की गयी तो पता चला कि गांव मे दो पक्षो का शादी को लेकर विवाद चल रहा था जिसका गांव प्रधान द्वारा दोनो पक्षों को बुलाकर समझाया गया। किन्तु एक पक्ष शहीद पुत्र वहीद,आलम पुत्र मंगता ,नबाब पुत्र रहीश व उस्मान पुत्र जहीद निवासी ग्राम तेल्लीवाला थाना पिरान कलियर द्वारा ग्राम प्रधान पर हमला कर दिया। तत्काल मौके पर थाना पिरान कलियर पुलिस पंहुची जाकर उपरोक्त हमलावर पक्ष




को समझाया किन्तु उपरोक्त पक्ष अत्यधिक उग्र होकर ग्राम को धमकाने व गाली गलौच कर झगड़े पर उतारू होने लगे, जिससे मौके पर काफी भीड भाड एकत्रित हो गयी। मौके पर शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत शहीद पुत्र वहीद,आलम पुत्र मंगता,नबाब पुत्र रहीश,उस्मान पुत्र जहीद को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पुष्कर सिंह, अपर उप निरीक्षक ईमामुद्दीन, हैड कांस्टेबल,अमित कुमार,कांस्टेबल विजयपाल शामिल रहे।

CMYK

# सम्पादकीय

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

## वक्फ बिल पर रार

आज बुधवार को वक्फ संशोधन बिल लोक सभा पटल पर रखा गया। अगर यह बिल दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा और वक्फ बोर्ड के प्रबंधन, संपत्तियों के नियमन और अन्य प्रस्तावित बदलाव लागू हो जाएंगे। आज इस बिल को पटल पर रखने के बाद बीजेपी के किरण रिजिजू ने इसकी उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका विरोध किया, तो एक बार संसद में हंगामा हो गया। इस बिल के जरिये बीजेपी यह जताने का प्रयास कर रही है कि वह गरीब मुसलमानों की हितैषी है। इससे पहले कभी सरकार का ध्यान इन पर नहीं गया। न तो इनकी शिक्षा का कोई अच्छा इंतजाम है और न ही रोजगार का। इन्हें इनके हाल पर जीवन जीने के लिए छोड़ रखा है। अब सरकार को इनका ख्याल कैसे आ गया, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सरकार का मानना है कि मालदार मुसलमानों ने गरीब मुसलमानों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यदि यह बिल पास हो जाता है, तो उनकी जमीन उनको वापस मिल जाएगी। मोदी सरकार के पिछले दस साल और वर्तमान में अभी तक गरीब मुसलमानों के लिए क्या किया गया है, इस बात को ये गरीब लोग ही अच्छा जानते हैं। सरकार और विपक्ष दोनों ने इस मुद्दे पर अपनी कमर कस ली है, जिससे संसद में तीखी बहस और हंगामे की संभावना जताई जा रही है। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। हालांकि, विपक्ष ने 12 घंटे की मांग की थी, जिसे सरकार ने ठुकरा दिया। लोकसभा से पारित होने के बाद, विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राज्यसभा में एनडीए के पास अभी बहुमत नहीं है, इसलिए वहां इसे पास कराने के लिए सरकार को सहयोगी दलों और कुछ अन्य सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। यहां देरी या संशोधन की संभावना बढ़ सकती है। विपक्षी इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्ष इसे असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बता रहा है। क्या यह बिल मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने की साजिश है। आज सरकार इन गरीबों की जमीन के बारे में सोच रही है, लेकिन भारत की जो जमीन चीन ने हथिया रखी है, उसके बारे में सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। इसके बावजूद इस बिल को लाकर उथल-पुथल पैदा करना चाहती है। आज देश में गरीब मुसलमान दयनीय हालत में जी रहे हैं। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। स्कूलों में उनके बच्चों के एडमिशन नहीं हो पाते, जिसके कारण उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं और इसके बाद उनके सामने मजदूरी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। गरीब मुसलमानों की चिकित्सा के लिए अच्छे अस्पताल नहीं हैं। जिला चिकित्सालयों में इतनी अव्यवस्थाएं हैं कि मरीज के साथ गए तीमारदार खुद मरीज हो जाते हैं। भारत में वक्फ बोर्ड के पास 9.40 लाख एकड़ जमीन है।

## सरकार देश में भय का माहौल बना रही



मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है, आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025 का कांग्रेस विरोध करती है, इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा, यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है, व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है, यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है, यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है, उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है, यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी।

**अभिषेक मनु सिंघवी**
**राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं...



विनीत नारायण

**2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसमें भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था**

भारत के इतिहास में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस रामस्वामी पर अनैतिक आचरण के चलते 1993 में संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। पर कांग्रेस पार्टी ने मतदान के पहले लोकसभा से बहिर्गमन करके उन्हें बचा लिया। 1997 में मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस वर्मा के अनैतिक आचरण को उजागर किया तो सर्वोच्च अदालत, संसद व मीडिया तूफान खड़ा हो गया था। पर अंततः उन्हें भी सज़ा के बदले तत्कालीन सत्ता व विपक्ष दोनों का संरक्षण मिला।

2000 में एक बार फिर मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ. एएस आनंद के छह ज़मीन घोटाले उजागर किए तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये मामला चर्चा में रहा व तत्कालीन क़ानून मंत्री राम जेठमलानी की कुर्सी चली गई। पर तत्कालीन बीजेपी सरकार ने विपक्ष के सहयोग से उन्हें सज़ा देने के बदले भारत के मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना दिया। इसलिए मौजूदा विवाद जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले नोटों के बोरे मिले, कोई चौंकाने वाली घटना नहीं है। न्यायपालिका को देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार माना जाता है, जो संविधान की रक्षा और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों की एकीकृत प्रणाली के साथ यह संस्था स्वतंत्रता और निष्पक्षता के सि( ांतों पर खड़ी है। दुर्भाग्य से हाल के दशकों में न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने इसकी साख पर सवाल उठाए हैं। किसी न्यायाधीश के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी मिलना एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ़ न्यायपालिका पर कई सवाल उठते हैं बल्कि न्याय की आशा रखने वाली आम जनता का न्यायपालिका से विश्वास भी उठने लगता है।

भारत की न्यायपालिका का आधार संविधान में निहित है। अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय को शक्तियां प्रदान करते हैं, जबकि अनुच्छेद 214 से 231 उच्च न्यायालयों को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली औपनिवेशिक काल से विकसित हुई है, जब ब्रिटिश शासन ने आम कानून प्रणाली की नींव रखी थी। स्वतंत्रता के बाद, न्यायपालिका ने संवैधानिक व्याख्या, मूल अधिकारों की रक्षा और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी प्रगतिशील भूमिका निभाई है। 1973 के केशवानंद भारती मामले में मूल संरचना सि( ांत और 2018 के समलैंगिकता की अपराधमुक्ति जैसे फैसले इसकी उपलब्धियों के उदाहरण हैं। हालांकि न्यायपालिका की छवि आमतौर पर सम्मानजनक रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप इसकी विश्वसनीयता को चुनौती दे रहे हैं। 2010 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद उन पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। यह स्वतंत्र भारत में पहला ऐसा मामला था। हाल के वर्षों में कुछ निचली अदालतों के न्यायाधीशों के घरों से असामान्य मात्रा में नकदी बरामद होने की खबरें सामने आई हैं। 2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसने भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया। 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था। हालांकि ये आरोप सि( नहीं हुए, लेकिन इसने संस्थान की छवि को काफ़ी हद तक प्रभावित किया। कई मामलों में वकील और कोर्ट स्टाफ पर पक्षपातपूर्ण फैसलों के लिए पैसे लेने के आरोप भी लगे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या न्यायाधीश भी इसमें शामिल हो सकते हैं। ये घटनाएं अपवाद हो सकती हैं, लेकिन इनका प्रभाव व्यापक है।

भ्रष्टाचार के ये आरोप न केवल जनता के भरोसे को कम करते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता पर भी सवाल उठाते हैं। न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियां भी हैं जो भारत की न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करती हैं। आँकड़ों की मानें तो मार्च 2025 तक, देश भर में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 80,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 60 लाख से अधिक मामले विचाराधीन हैं। यह देरी भ्रष्टाचार के लिए अवसर पैदा करती है, क्योंकि लोग त्वरित न्याय के लिए अनुचित साधनों का सहारा ले सकते हैं। देश भर में न्यायाधीशों के स्वीकृत 25,771 पदों में से लगभग 20: रिक्त हैं। इससे मौजूदा जजों पर दबाव बढ़ता है और पारदर्शिता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी विवाद हुए हैं। कोलेजियम प्रणाली, जो न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, पर अपारदर्शिता और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे हैं। 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराने के बाद भी इस मुद्दे पर बहस जारी है। इतना ही नहीं न्यायिक जवाबदेही की कमी बाई एक गंभीर मुद्दा है। क्योंकि न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया जटिल है और महाभियोग दुर्लभ है। इसके अलावा, आंतरिक अनुशासन तंत्र कमजोर है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता। देखा जाए तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और गरीब आबादी को कानूनी सहायता और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। यह असमानता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का समाज पर प्रभाव बहुआयामी है। समय समय पर होने वाले सर्वेक्षण और सोशल मीडिया पर चर्चाएँ यह दर्शाते हैं कि लोग न्यायपालिका को पक्षपाती और भ्रष्ट मानने लगे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि न्यायपालिका पर भरोसा कम होने से कानून का सम्मान घटता है। जब किसी फैसले पर पैसे या प्रभाव से प्रभावित होने की आशंका उठती है, तो यह निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार के आरोप सरकार और अन्य संस्थानों के लिए हस्तक्षेप का बहाना बन सकते हैं, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कई लोग मानते हैं कि 'न्याय बिकता है' और गरीबों के लिए यह पहुंच से बाहर है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पारदर्शिता और तकनीक पर जोर दिया गया है। डिजिटल साक्ष्य और समयब) सुनवाई से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस प्रबंधन से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता को सख्त करने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे लागू करने में चुनौतियां हैं।



# वैज्ञानिकता से परिपूर्ण भारतीय पंचांग की कालगणना



डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा

**इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुन्दर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 का हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों का त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिसमें पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है**

धन्य है ऋषियों की ज्ञान परंपरा और उसकी परिणति है कालगणना की वैज्ञानिक दृष्टि से सटीकता एवं शुद्धता और उसी का आधार है भारतीय पंचांग जिसका संबंध ऋतु परिवर्तन, नव संवत्सर के शुभागमन पर विभिन्न धार्मिक पर्वों के आयोजन से है। पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है। पंचांग दो शब्द पंच+अंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है पांच अंग अर्थात पंचांग में वार, तिथि, नक्षत्र, करण और योग पांच चीजों का विशेष रूप से उल्लेख होता है। इसके अलावा पंचांग से त्योहार, ग्रहण आदि घटनाओं और शुभ मुहूर्त की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक साहित्य-ऋग्वेद, यजुर्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथो में वर्ष के लिए संस्कृत शब्द संवत्सर का प्रयोग किया गया है।

संवत्सर नाम वत्स से पड़ा है क्योंकि प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। ऋतु परिवर्तन का कारण सूर्य है इसलिए भारत में छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर होती है। इसी वत्स के कारण वर्ष का नामकरण संवत्सर हुआ। नव संवत्सर का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुंदर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 को हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों को त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिससे पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है। गांव-देहात में महिलाएं वसंत ऋतु के गीत गुनगुनाकर हृदयस्थ खुशी के भावों को प्रकट करती हैं। नव संवत्सर से नवरात्रि का श्रीगणेश होता है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है जिसमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत कर ऋतु परिवर्तन के साथ अनुकूलन करने की क्षमता का विकास होता है ताकि हम हर क्षेत्र में प्रगतिपथ पर आरुढ़ हो सकें।

भारतीय ऋषियों ने पंचांग की रचना की जो पूर्णतः वैज्ञानिक है क्योंकि समय निर्धारण के लिए ऋषियों ने सटीक समय मापन पद्धति को विकसित कर अपनाया जिससे आज के खगोलविज्ञानी भी सहमत है और वे भी मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले विकसित ऋषियों की समय मापन पद्धति पूर्णतः शुद्ध व सटीक है क्योंकि भारतीय कालगणना का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है तथा महत्तम ब्रह्मा की आयु है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नई पीढ़ी तक नववर्ष पर पंचांग की वैज्ञानिकता और महत्ता का ज्ञान पहुंच रहा है। भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने आज से हजारों साल पहले लिखे अपने ग्रंथ में भारतीय ईकाइयों की विशद विवेचना की है।

उनके अनुसार एक विपल आज के 0.4 सेकंड के बराबर है तथा त्रुटि का मान सेकंड का 33750वां भाग है। एक पल में 60 विपल अर्थात 24 सेकंड होते हैं। 60 पल में एक घटी अर्थात 24 मिनट होते हैं। ढाई घटी का एक होरा होता है जिसका मान एक घंटा है। 2 घंटे की एक लग्न होती है ए3 होरा का एक प्रहर होता है। 24घंटे अर्थात एक अहोरात्र में 60 घटी या 12 लग्न या 24 होरा या 8 प्रहर होते हैं। इस होरा से ही अंग्रेजी का हावर बना है। दिन के प्रथम होरा और उसके स्वामी ग्रह के आधार पर दिनों का नामकरण हुआ। सृष्टि का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के दिन हुआ। इस दिन के प्रथम होरा का स्वामी ग्रह सूर्य था इसलिए इस दिन का नाम रविवार, उसके अगले दिन के प्रथम होरा का स्वामी चंद्रमा तो सोमवार और अगले दिन प्रथम होरा का स्वामी मंगल था तो मंगलवार हुआ।

इसी प्रकार शेष वारों के नाम प्रथम होरा के स्वामी ग्रह के आधार पर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार निर्धारित हुए। पंचांग का निर्माण भूत, भविष्य, वर्तमान की गणना के लिए किया गया जैसे 7 दिनों को मिलाकर सप्ताह, चार सप्ताह का एक मास, दो मास की एक ऋतु, 6 ऋतुओं का एक वर्ष, 100 वर्षों की एक शताब्दी, 360 वर्ष का एक दिव्य वर्ष, 12,000 दिव्य वर्ष का एक महायुग होता हैं। चारों युग-सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग को मिलकर एक महायुग बनता है। 71 महायुग से 1 मन्वंतर और 14 मन्वंतरों से एक कल्प बनता है। एक कल्प ब्रह्मा का एक दिन है। धार्मिक एवं शुभ कार्यों के समय हम संकल्प मंत्र पढ़ते हैं--ऊं विष्णु विर्ष्णुविष्णुः द्वितीय परार्ध श्री श्वेत वाराहकल्पेवैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरत खण्डे जम्बूद्वीपे आर्यावर्तेक देशान्तर्गते सिद्धार्थ संवत्सरे। इस मंत्र से हमें ज्ञात होता है कि इस समय 28वीं चतुर्युगी के कलियुग का प्रथम चरण, ब्रह्मा का द्वितीय परार्ध, श्वेतवाराह कल्प, वैवस्त मन्वंतर और सिद्धार्थ संवत्सर चल रहा है। 30 कल्प,14 मन्वंतर और 60 संवत्सर होते हैं। ब्रह्मा की 100 वर्ष की आयु 31नील10 खरब 40अरब वर्ष है। पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग इन पांच चीजों का मुख्य रूप से उल्लेख है। एक दिन को तिथि कहा गया है जो पंचांग के आधार पर 19 घंटे से 26 घंटे तक की होती है। चंद्र मास में 30 तिथियां होती हैं जो दो पक्ष-शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में बंटी है। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और पूर्णिमा मिला कर 15 तिथि, वहीं कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और अमावस्या मिलकर 15 तिथि होती हैं। आकाश में तारामंडल के विभिन्न रूपों में दिखाई देने वाले आकार को नक्षत्र कहते हैं। मूलतः 27 नक्षत्र माने गए हैं-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र हैं। चंद्रमा इन 27 नक्षत्र में भ्रमण करता है। 12 मासों के नाम आकाशमंडल के 12 नक्षत्रों के नाम पर रखे गए हैं जिस मास की पूर्णिमा को चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी ब्रिटिश सरकार...



**26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टी जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की और हुआ, हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे**



योगेश कुमार गोयल

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रका. रिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की। 9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलतः किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलवाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहा. नि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्टूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 2022 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे।जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई। स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए। जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

## माटी अब भी पूछती

पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से वीर
माटी अब भी पूछती, कब जागेगी पीर?
स्वप्न सिसकते रह गए, कहां गई वह बात
चिंगारी तो जल रही, राख हुई सौगात।
नारे मंच पर गूंजते, हुई ज़ुबां है मौन
जोश बिखरकर रह गया, जज्बा लाए कौन।
होते हैं भाषण बहुत, पर खामोश ज़मीर
शब्द बचे हैं युद्ध के, गए कहां रणधीर?
भारत माता पूछती, कौन बने कुर्बान
लाल हुए थे जो कभी, लगते अब अनजान?
सबके हित की बात का, बुझने लगा उबाल
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं भूचाल।
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं तक़दीर
खुद को खुद से हारकर, भारत खड़ा अधीर।



प्रियंका सौरभ

# ईरान की परमाणु जिद हिला देगी अमेरिका के चूल

## यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे

**तेहरान।** अरब में महायुद्ध के सायरन बज रहे हैं। यहां किसी भी वक्त अमेरिका और ईरान की जंग शुरू हो सकती है, जिसकी वजह है ईरान की परमाणु जिद। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ कर दिया है, वो ट्रम्प से परमाणु वार्ता नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं ईरान ने ट्रम्प को धमकी दी है कि अगर यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देश को संबोधित किया। संबोधन ईद पर था, लेकिन मंच से खामेनेई ने साफ कर दिया कि अमेरिका आग से खेल रहा है और ईरान वाशिंगटन को उसी के लहजे में जवाब देगा। उन्होंने कहा कि वो हम पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी हमें संभावना नहीं लगती, लेकिन यदि अगर वो कोई शरारत करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से करारा जवाब मिलेगा। तेहरान से निकली इस धमकी और इन नारों की गूंज से वाशिंगटन तक में हड़कप है। डर है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो ईरान अमेरिकी को दहला सकता है और इसकी संभावनाएं खामेनेई के संबोधिन के बाद बेहद ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल, इसकी वजह देश को संबोधित करने के दौरान ईरानी सुप्रीम लीडर के हाथों में मौजूद ये राइफल है, जो साल 1980 के दशक की है। इससे पहले खामेनेई के हाथों में ये राइफल एक अगस्त 2024 को नजर आई थी। तब खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत पर देश को संबोधित किया था, जिसके बाद एक अक्टूबर के दिन ईरान ने हानिया और नसरल्लाह की मौत का बदला इजरायल से लिया था। अब खामेनेई के पास ये राइफल अमेरिका की धमकियों के बीच एक बार फिर नजर आई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान बहुत जल्द अमेरिका के खिलाफ बारूदी एक्शन ले सकता है। एक तरफ खामेनेई के रिएक्शन से अमेरिका पर एक्शन का रास्ता साफ हो गया है, तो वहीं ईरानी कमांडर्स के रुख से ऐसे सिग्नल मिल रहे हैं कि ईरान अमेरिकी हमले का इंतजार नहीं करना चाहता। माना जा रहा है कि ईरान अमेरिकी एक्शन से पहले ही उसे बारूदी संदेश भेज सकता है। दरअसल, आईआरजीसी के कमांडर अमेरिकी एयरबेस पर प्री एम्प्टिव स्ट्राइक की मांग कर हैं। आईआरजीसी कमांडर चाहते हैं कि ईरान डिएगो ग्रासिया एयरबेस के पास मिसाइल दागे, लेकिन इस मिसाइल से बेस को नुकसान नहीं होगा, बल्कि मिसाइल बेस के करीब समंदर में जाकर गिरेगी, अमेरिका के इस बेस की ईरान से दूरी 3846 किमी है। हाल ही में अमेरिका ने यहां 7बी-2 बॉम्बर तैनात किए थे। दरअसल, अमेरिकी बेस के पास मिसाइल दागकर ईरान ट्रम्प को अपनी क्षमता



और शक्ति का परिचय देना चाहता है ताकि ट्रम्प ईरान पर हमले के ख्याल को अपने जहन से निकाल दें। इधर, आईआरजीसी एयरफोर्स के कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने भी अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा है, जो शीशे के घर में रहते हैं, वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। अमेरिका के अरब में करीब 10 बेस हैं, 50 हजार से ज्यादा सैनिक मौजूद हैं। मतलब वो शीशे के घर में मौजूद हैं। साफ है ईरान के रडार में अमेरिका के कई बेस हैं। अगर ट्रम्प बारूदी कदम उठाते हैं, तो ईरान इन्हें दहलाकर अपना प्रतिशोध पूरा करेगा। ईरान की तैयारी इसपर मोहर भी लगा रही हैं। दरअसल, चीन ने मिसाइलों से लदा कार्गो शिप ईरान भेजा था, जो ईरान के बांदर अब्बास पोर्ट पहुंच चुका है। दावा है कि इसमें चीन की लॉन्ग रेंज मिसाइलें मौजूद हैं। आईआरजीसी ने नेवातिम एयरबेस पर मिसाइल ड्रिल शुरू कर दी है। सैटेलाइट तस्वीरें से खुलासा हुआ है कि ईरान मिसाइलों की एक्यूरेसी टेस्ट कर रहा है।

### ईरान खुद को कर रहा तैयार

ईरान की इन तैयारियों को अमेरिका से जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि ईरान ट्रम्प के हर संभावित कदम के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इधर ईरान से आ रही खबरों के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बारूदी धमकी भेजी है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में कहा है कि अगर ईरान डील नहीं करता, तो बमबारी होगी और ऐसी बमबा. री होगी, जो पहेल कभी नहीं देखी गई। दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ऐसे पहली बार है जब डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर स्पष्ट शब्दों पर बमबारी की बात की है। हालांकि ट्रम्प और ईरान के बीच अरब के देश एक दीवार की तरह खड़े हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी, कुवैत और कतर ने ईरान को गुप्त आश्वा. सन दिया है। वो ईरान पर हमले के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि ट्रम्प ईरान पर हमला करने वाले थे, लेकिन इन तीनों देशों से अमेरिका को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ये देश ट्रम्प को कबतक रोक पाएंगे ये कहना बेहद मुश्किल है। इधर, 2 हफ्ते बाद भी हूती पर अमेरिका की स्ट्राइक जारी है। अमेरिका ने एक बार फिर सना और अल हुदैदा पर एयरस्ट्राइक की।

### अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह

दावा है कि अमेरिका की लेटेस्ट स्ट्राइक में 40 हूती लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, हूती के टॉप मिसाइल एक्सपर्ट अब्दुल खालिक बदरुद्दीन अल-हौथी के भी मारे जाने की खबर है। हूती ने भी अमेरिका पर जबरदस्त पलटवार किया है। हूती का दावा है कि उसके हमले में अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह हो गया। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि हमारी सेना ने सफलतापूर्वक अमेरिका का डफ-9 ड्रोन मार गिराया है। वो हमें तबाह करने के मिशन पर था, लेकिन हमने उसे जहन्नुम पहुंचा दिया। ये दुश्मन का 16वां ड्रोन है, जिसे हमने तबाह किया है। हूती भले इसे बड़ी कामयाबी बता रहा है, लेकिन ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के मौजूदा हमले अभी सिर्फ शुरुआत भर है। अगर लाल सागर में हूती के मिसाइल अटैक बंद नहीं हुए, तो पहले असली तबाही हूती देखेगा और उसके बाद हूती का प्राजोयक ईरान। ट्रम्प के रुख से साफ है, वो किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति हासिल करने देना नहीं चाहते, फिर चाहे इसके लिए उन्हें अरब में महायुद्ध ही क्यों ना छेड़ना पड़े।

# गाजा में पर्याप्त भोजन का दावा खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजरायल के गाजा में पर्याप्त भोजन है, के दावे को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए जिम्मेदार इजरायली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने दिन में पहले कहा कि अगर हमास नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराता है, तो लंबे समय के लिए पर्याप्त भोजन है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा ''हास्यास्पद। हम अपनी आपूर्ति के अंतिम चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि बेकरियों को ''मज़े के लिए'' बंद नहीं किया गया है क्योंकि मुख्य सामान गायब हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एक अप्रैल



इजरायली रक्षा मंत्री ने की गाजा पट्टी पर हमले तेज करने की घोषणा, पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी सेना

को घोषणा की कि उसके गोदामों में आटा खत्म हो गया है और जब तक इजरायल क्रॉसिग को फिर से नहीं खोलता और आपूर्ति की अनुमति नहीं देता तब तक उसकी बेकरियां संचा. लित नहीं हो सकतीं। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को सेना से गाजा पट्टी पर सैन्य हमले तेज करने की घोषणा की और इसके बाद सेना बफर ज़ोन स्थापित करने के लिए गाजा पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी। श्री काट्ज ने एक बयान में कहा, इस विस्तार में युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को व्यापक रूप से निकाला जाएगा। गौरतलब है कि इज़रायल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्ध विराम के बाद हमले तेज कर दिए और फलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और ज़मीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नए सिरे से किए गए इज़रायली हमलों में अब तक 1,042 फलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 2,542 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50,399 हो गई है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी अस्पताल में भर्ती



**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें मंगलवार शाम एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति अपने पैतृक शहर गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार श्री जरदारी अपने पैतृक शहर गए हुए थे और उन्हें बुखार और संक्रमण की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे की जांच के लिए कराची ले जाने का फैसला किया। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल में उनसे मिलने गए। प्रधानमंत्री शरीफ ने जरदारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## पाक ने अफगानों का सामूहिक निर्वासन टाला

**इस्लामाबाद।** पाक ने अवैध रूप से देश में घुसे अफगानिस्तान के नागरिकों के सामूहिक निर्वासन की शुरुआत को 10 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन ने यह रिपोर्ट दी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक अप्रैल से दस अप्रैल तक के लिए स्थगन मुस्लिम त्योहार ईद के कारण है जो रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। पाकिस्तान में तीस लाख अफगानों को कथित तौर पर निर्वासन के लिए नामित किया गया है।






# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच संवाद का दौर

**काठमांडू/रक्सौल।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच जांच, गिरफ्तारी और कूटनीतिक संवाद का दौर शुरू हो गया है। नेपाल की सरकार अबतक करीब चौबीस कथित आंदोलनकारियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सरकार ने गृह मंत्रालय को काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच का आदेश दिया है। इन्ही प्रतिकूल हालातों के बीच नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने भारतीय अधिकारियों से बात की है और भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल में प्रतिकूल राजीतिक हालातों के बीच भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। यह मुलाकात इस लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस वर्ष 12 मार्च को काठमांडू के त्रिभुवन



अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर अपने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत में आंदोलनका. रियों ने भारत के हिदूवादी पहचान वाले राजनेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन में राजशाही और हिदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने पहले भारतीय अधिकारियों से राजशाही समर्थक आंदोलन के मुद्दे पर बात की है। हालांकि भारत लगातार तटस्थ रह कर नेपाल में बदलते हालातों पर नजर रखे हुए है, फिर भी इस मुद्दे पर नेपाल द्वारा भारत से किए जा रहे इन कूटनीतिक संवादों के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इधर नेपाल की सरकार ने गृह मंत्रालय को हिसक तिनकुने विरोध प्रदर्शन की जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें लोग घायल हुए और हताहत हुए थे। जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता एसपी अपिल राज बोहरा के अनुसार, काठमांडू पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा सहित 24 लोगों को राजशाही आंदोलन से संबंधित अरा. जकता, आगजनी और लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार किया है। ए गिरफ्तारियां जिला पुलिस रेंज काठमांडू द्वारा की गईं। इसके अलावा 41 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को हुए प्रदर्शनों के हिसक हो जाने पर कीर्तिपुर निवासी फोटो पत्रकार सुरेश रजक और सबिन महारजन की मौत और बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुईं थी।

नेपाल सरकार ने जनता से राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से बचने का आग्रह किया है। मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने भी मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिग के दौरान इस आशय की घोषणा की थी।

## अमेरिकी आयात पर इजरायल ने शुल्क रद्द किए

**तेल अवीव।** इजरायल सरकार ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच और अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निर्देश पर इजरायल ने अमे. रिका, इजरायल के सबसे बड़े व्यापा. रिक साझेदार से आने वाले उत्पादों पर अब तक लगाए गए सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं।'' बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के बीच 1985 के मुक्त व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आयातित 99 प्रतिशत वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई थी।



